मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.5 | 11.8 |
| जमशेदपुर | 27.2 | 12.6 |
| डालटनगंज | 26.0 | 12.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *




www.lagatar.in | शनिवार, 06 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 11 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 259 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**सीएम का विधानसभा क्षेत्र :** जहां आजादी के बाद से अबतक बिजली का अता-पता नहीं था

# दूर हो रहा अंधियारा, फैल रहा उजियारा

### बरहेट से लौट कर प्रवीण कुमार

झारखंड सौर ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रहा है. मिनी सोलर प्लांट से अंधियारा दूर हो रहा है. सुदूर इलाके में उजियारा फैल रहा है. साहिबगंज के 25 वैसे गांव, जहां आजादी के बाद से बिजली नहीं पहुंची थी, उन गांवों बिजली रौशनी फैल रही है. इन गांवों में मिनी सोलर प्लांट के जरिए बिजली की आपूर्ति की जा रही है. सोलर प्लांट लगाने का काम 2021 में शुरू किया गाया था. अब तक 19 गांवो में प्लांट स्थापित कर दिया गया है. इस योजना के तहत 735.5 किलोवाट सोलर बिजली उत्पादन करने की योजना अंतिम चरण में है. इससे 2237 परिवारों के घर रोशन होंगे.

### ऐसे संभव हुआ बिजली पहुंचना

जिन सुदूर गांवों में बिजली नहीं पहुंची है, उन गांवों में जरेडा मिनी सोलर प्लांट के माध्यम से बिजली पहुचाने का काम कर रहा है. वहीं ग्रामीणों को सोलर पावर में होने वाली खराबी को ठीक करने के लिए प्रशिक्षित भी किया जा रहा है. प्लांट लगाने वाली कंपनी को पांच साल तक बिजली निर्बाध आपूर्ति करनी है. पूरी रात बैकअप के लिए बैटरी भी लगायी गयी हैं.

### इन गांवों में लगे है मिनी सोलर प्लांट



| गांव | परिवार की संख्या | प्लांट की क्षमता किलोवाट में |
|---|---|---|
| बूढ़ी टोला | 49 | 17 |
| भतभंगा पहाड़ | 150 | 62 |
| ढोगरा पहाड़ | 101 | 40.5 |
| मेतार (रूपा टोला) | 69 | 29.5 |
| पिपराजोरी | 40 | 16.5 |
| गुमापहाड़ | 56 | 28 |
| तिरिल टोला | 33 | 13.5 |
| बरहेट संथाली टोला | 59 | 21 |
| काल्डीगोरा | 32 | 14.5 |
| तालझारी चुआ माको | 27 | 13.5 |
| तालझारी कोचलो | 46 | 23 |
| तालझारी लेबा माको | 24 | 12 |
| बरहेट पकरी पहाड़ | 45 | 20.5 |
| बरहेट चुकली बेड़ो | 52 | 24 |
| बोरियो पोखरियापहाड़ | 33 | 16.5 |
| मंडरो कोमोदारी पहाड़ | 30 | 24.5 |
| पथना उर्सापहाड़ | 125 | 30 |
| दुलमी | 240 | 73 |
| महुआ थाना | 133 | 35 |
| हिरणपुर | 145 | 35 |
| पथना चैपल पहाड़ | 92 | 23 |
| करनघट्टी | 96 | 23 |
| बरमसिया | 240 | 60 |
| बास्को पहाड़ | 160 | 40 |
| तेघरा पहाड़ | 160 | 40 |

### ग्रामीण हेमंत सरकार के प्रति प्रकट करते हैं आभार

बरहेट प्रखंड के हिरणपुर पंचायत स्थित बरमसिया गांव में राज्य योजना मध्य से 60 किलोवाट का मिनी सोलर पावर प्लांट 2021 अक्टूबर में लगाया गया था. बरमसिया गांव जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर और प्रखंड मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर सुदूरवर्ती वन क्षेत्र में है. सरकार की पहल पर बीहड़ में रहने वाले आदिवासी परिवारों के घर रोशन हो रहे हैं. गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है. लोग हेमंत सरकार को धन्यवाद भी देते हैं. कहते हैं कि सरकार ने राशन, पेंशन तो दिया ही, अब 24 घंटे बिजली भी दे रही है. बच्चे रात में भी पढ़ाई कर रहे हैं. गाव डिबरी युग से निकल गया है. डिबरी युग से निकाल कर विकास की मुख्यधारा में गांव जुड़ रहा है. 240 परिवारों के घर के साथ-साथ एक आंगनबाडी केन्द्र और दो स्कूल भवनों को भी सोलर बिजली से जोड़ा गया है.

### खिल उठे चेहरे



- ग्रामीण बबलू सोरेन कहते हैं कि गांव में जब पहली बार लाइट आयी, तो 240 परिवारों के इस गांव में लोगों के चेहरे पर खिल उठे. बच्चे अब रात में भी पढ़ाई करते हैं. डोभ से मोटर लगा कर खेतों की सिंचाई भी कर रहे हैं.



- सुनामनी सोरेन कहती हैं कि सोलर बिजली गांव के लोगो का जीवन बदल दिया है. बिजली आने के बाद गांव में एक दो लोग टीवी भी लगा लिए हैं, जिससे सरकार की योजना की जनकारी समाचार के माध्यम से गांव वाले को मिल जाती है.



- बरमसिया में प्लांट लगाने वाले वैष्णवी के प्रबंधक संदीप पाटिल कहते हैं कि सरकार ने वैसी जगह चिन्हित कर मिनी सोलर पावर प्लांट लगाया, जहां ग्रिड से बिजली पहुंचाने में परेशानी थी. इन दुर्गम इलाकों में लगे सोलर पावर प्लांट ग्रामीणों के घरों को रोशन कर रहा है. प्लांट लगाने वाली कंपनी को 5 साल तक मेंटेनेंस का भी काम देखना है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,700 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### पीएम मोदी व सीएम हेमंत ने दी ममता को बधाई

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी. बनर्जी टीएमसी की प्रमुख भी हैं. वह शुक्रवार को 69 वर्ष की हो गईं. मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं. इसके साथ ही झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी ममता को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, मैं आपके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं.

### पीएम मोदी की तारीफ से कांग्रेस नाराज

**नयी दिल्ली।** सीमा विवाद के चलते भारत और चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हैं. लेकिन पहली बार पड़ोसी के अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भारत के आर्थिक और विदेश नीति की तारीफ की है. कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया. चीनी मीडिया में मोदी की तारीफ से कांग्रेस नाराज है. मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि मोदी को तय कर लेना चाहिए कि उनकी चीन नीति क्या है? लद्दाख समेत, पूरा देश स्पष्ट रूप से जानना चाहता है.

### 4797 करोड़ की पृथ्वी योजना को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ की योजना पृथ्वी विज्ञान को शुक्रवार को मंजरी दे दी. पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई. इस योजना में उप-योजनाएं, वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान, अवलोकन प्रणाली, महासागर, मॉडलिंग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान, भूकंप विज्ञान तथा भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच शामिल हैं.

**एजी का खुलासा :** पेयजल व स्वच्छता विभाग में हुई करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी

# 20 करोड़ की निकासी



**अमित सिंह। रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के रुक्का प्रमंडल (स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल) में करोड़ों रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी हुई है. वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कुल 64 चेक से 20 करोड़ की संदिग्ध निकासी कर भुगतान किया गया है. राशि की निकासी रांची कोषागार द्वारा अनावंटित डीडीओ कोड (आरएनसीडब्लयूएसएस0017) से की गई है.

जो झारखंड सरकार के बिलिंग एकाउंटिंग पोर्टल डब्ल्यूएएमआईएस (डब्ल्यूएएमआईएस) पर मेनटेन नहीं है. वहीं कुबेर पोर्टल (राज्य सरकार का सॉफ़्टवेयर) में अनावंटित दिख रहा है. एजी (एकाउंटेंट जेनरल) की जांच में इन तथ्यों का खुलासा हुआ है. एजी ने अपनी रिपोर्ट (142/2 जनवरी 2024) वित्त विभाग को भेज दिया है.

रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल चार चेक जारी किए गए. सारे चेक 9 मार्च 2023 से 29 दिसंबर 2022 के बीच जारी हुए. इसके जरिए 2.30 करोड़ की निकासी हुई. वर्ष 2023-24 में कुल 60 चेक से 17.68 करोड़ की निकासी कर भुगतान किया गया है. यह निकासी डीडीओ कोड (आरएनसीडब्लयूएसएस 0017) से हुई है. यह कोड चंद्रशेखर (ईईडीडब्ल्यू एंड एसएसएचडब्लयू) के नाम आवंटित है. चंद्रशेखर, रुक्का प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता है. रिपोर्ट के मुताबिक जिस कोड से राशि की निकासी व भुगतान किया गया है, उसका हिसाब पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट द्वारा नहीं किया गया जा रहा है, जो संदिग्ध धोखाधड़ी का संकेत देता है.

### संदिग्ध डीडीओ कोड प्रतिबंधित करने का निर्देश


एजी ने जांच में पाया है कि दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान 20 करोड़ से ज्यादा का संदिग्ध भुगतान कार्यपालक अभियंता (ईई) के कोड से किया गया है. जिला कोषागार, रांची द्वारा संबंधित पीडब्ल्यूडी डिवीजन को जारी किए गए भुगतान प्रमाणपत्र में दर्ज राशि, जो पीडब्ल्यूडी डिवीजन द्वारा प्रस्तुत फॉर्म 51 के साथ प्राप्त हुई है, जो 64 चेक की सूची से पूरी तरह मेल नहीं खा रहे हैं. एजी ने सरकार से अनुशंसा की है कि जिन बैंक खातों में डीडीओ कोड (आरएनसीडब्लयूएसएस0017) के तहत भुगतान किया गया है, उन बैंक खातों से अनधिकृत निकासी को रोकने के लिए तुरंत प्रतिबंधित किया जाए. एजी ने कहा है कि उक्त डीडीओ कोड को कुबेर पोर्टल में अनअलॉटेड के रूप में दिखाया जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ ट्रेजरी अधिकारी उक्त अनअलॉटेड डीडीओ कोड के खिलाफ भुगतान को अधिकृत कर रहे है, यह भी गंभीर है.

### एकाउंटेंट निलंबित थाने में मामला दर्ज

एजी की रिपोर्ट मिलने से पहले भी विभाग को रुक्का प्रमंडल में वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में जानकारी मिल गई थी. 28 दिसंबर 2023 को प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने इस बारे में विभाग के अभियंता प्रमुख को पत्र लिख कर मामले की जानकारी दी थी. उस पत्र में कहा गया था कि लार्सन एंड टूब्रो कंपनी की जगह किसी अन्य को 1.32 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है. इसके लिए फ़र्ज़ी आईडी बनाया गया है. इसलिए मामले की जांच होनी चाहिए. कार्यपालक अभियंता के पत्र के बाद विभाग ने वित्त विभाग को पत्र लिखा था. साथ ही रुक्का प्रमंडल के एकाउंटेंट संतोष कुमार को निलंबित कर दिया गया था. इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है.

### कब हुई कितनी निकासी

| चेक संख्या | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 119204 | 23.03.2020 | 88,64,958 रु. |
| 119241 | 30.03.2020 | 42,30,521 रु. |
| 119219 | 17.03.2020 | 57,42,031 रु. |
| 119220 | 12.03.2020 | 8.04,134 रु. |
| 119224 | 12.03.2020 | 24,28,291 रु. |
| 119223 | 13.03.2020 | 49,80,900 रु. |



## टी-20 वर्ल्ड कप का शिड्यूल जारी




## भारत-पाक 9 जून को भिड़ेंगे

**नयी दिल्ली।** आईसीसी ने वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का एलान कर दिया है. भारतीय टीम टूर्नामेंट में ग्रुप-ए में है. ग्रुप-ए में भारत के साथ पाकिस्तान, अमेरिका, कनाडा और आयरलैंड हैं. वहीं टूर्नामेंट का ओपनिंग यानी पहला मैच यूएसए और कनाडा के बीच 1 जून को खेला जाएगा. वर्ल्ड कप में कुल 55 मैच खेले जाएंगे. वर्ल्ड कप में टीम इंडिया अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी. वहीं पाकिस्तान से मुकाबला 9 जून को होगा. इसके अलावा 12 जून को यूएसए और 15 जून को कनाडा से भारत के मैच होंगे.

-पूरी खबर खेल पेज पर

# बंगाल में ईडी अफसरों पर हमला

- टीएमसी के करीब 200 लोगों की भीड़ ने अचानक बोला हमला
- हमले पर राज्यपाल सख्त, कहा-यह 'बनाना रिपब्लिक' नहीं है

**एजेंसी। कोलकाता**

ईडी के अधिकारियों पर बंगाल में टीएमसी के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को हमला कर दिया और उनके वाहनों में जम कर तोड़फोड़ के साथ मारपीट भी की. इस हमले में कई अधिकारियों को सिर फट गये और गंभीर चोटें आयी हैं. ईडी की टीम राशन वितरण घोटाले की जांच के लिए शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे.

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी की टीम राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रही है और शेख का आवास उनमें से एक है. शुक्रवार को जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में टीएमसी के समर्थकों ने टीम और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया. इसके बाद उन्होंने उन पर हमला कर दिया. मारपीट में घायल ईडी की टीम सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं छोड़ कर ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकल गयी. दो अधिकारियों को गंभीर चोटें लगी हैं और अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शाहजहां को मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है.



**हमला अप्रत्याशित था :** ईडी के एक अधिकारी ने बताया, इस तरह का हमला अप्रत्याशित है. हमारे अधिकारियों को खुद को बचाने के लिए इलाके से भागना पड़ा. हमारे और केंद्रीय बलों के वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए गए. जवानों पर भी हमला किया गया. ईडी की छापेमारी को कवर करने के लिए संदेशखली गए समाचार चैनलों के मीडियाकर्मियों पर भी हमला किया गया और उनके वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई.

## धौनी से 16 करोड़ की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**रांची।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लि. के मिहिर दिवाकर और सौम्या विशवॉश के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है. मिहिर धौनी के दोस्त और उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं. मिहिर ने धौनी के साथ कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं. मिहिर ने अकादमी खोलने के लिए 2017 में धौनी से समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. पर दिवाकर ने समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया. इस मामले में अरका को फ्रेंचाइजी का शुल्क देना था. प्रॉफिट शेयर करना था, पर समझौते के नियमों व शर्तों की धज्जियां उड़ायी गईं. धौनी ने ने 15 अगस्त, 2021 को अरका से अथॉरिटी लेटर वापस ले लिया. कई कई नोटिस भी दिए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. धौनी के वकील ने दावा किया कि अरका ने धोखाधड़ी की है, जिससे उन्हें 16 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है.



- पूर्व कप्तान की तरफ से कोर्ट में मामला दर्ज

## इनेलो नेता के यहां मिला कैश और गोल्ड का अंबार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर ईडी ने छापा मारा है. दिलबाग के ठिकानों से अभी तक 11 करोड़ रुपए के नोटों की गिनती पूरी हो चुकी है. नोटों की गिनती जारी है. ईडी को विदेशी हथियार और 300 कारतूस भी मिले हैं. दिलबाग पर यह कार्रवाई अवैध खनन मामले में हुई है. ईडी की यह कार्रवाई हरियाणा के कई जिलों में जारी है. ईडी दिलबाग सिंह के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रहे हैं. दिलबाग के खिलाफ कोर्ट के आदेश के बाद अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया और उसके बाद अब ईडी अपना काम कर रही है. दिलबाग सिंह यमुनानगर के पूर्व विधायक और इनेलो के नेता हैं. ईडी की टीम ने उनके घर, दफ्तर और अन्य ठिकानों पर एक साथ दबिश दी. इतना ही नहीं दिलबाग सिंह के संपर्क वाले अन्य खनन कारोबारियों से भी पूछताछ जारी है.



- विदेशी हथियार और कारतूसों का जखीरा मिला

**प्रेस कांफ्रेंस** जहा- जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां जांच एजेंसियों को सारी खामी दिखाई देती है, कुछ तो है...

# हम करते रहेंगे विकास, जनता हमारे साथः सुप्रियो भट्टाचार्य

**विशेष संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 निर्णायक है. यह लोकतंत्र के त्योहार के लिए विशेष है. सरकार से सबकी आकांक्षाएं हैं, उनके अनुरूप काम हो रहा है. आम जनता को परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार दो बार लोगों से सीधे संवाद से जुड़ी. इससे भी हमारे प्रतिद्वंदी दल को दिक्कत है. जबकि वोट के आधार पर हेमंत सरकार को जनता ने चुना. वर्ष 2019 हेमंत सरकार का गठन हुआ. सुप्रियो ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस उक्त बातें कहीं.

कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 1951 में हुआ. पंचायत से राज्य और देश स्तर पर चुनाव कराने की नियमावली बनी. कैसे चुनाव होगा, इसकी जिम्मेवारी निर्वाचन आयोग को दी गई. उसी आयोग ने झारखंड में भी चुनाव कराया. उसी आधार पर हेमंत सरकार का गठन हुआ. सरकार बनने के कुछ ही दिनों के बाद कोरोना की वजह से राज्य प्रभावित हुआ. सरकार कोरोना की परेशानी से सफलता पूर्वक निकल गई. इसके बाद सरकार जनता से सीधे जुड़ी. इससे हमारे प्रतिद्वंदी दल खुश नहीं हैं, उन्हें यह रास नहीं आया.

सुप्रियो ने कहा, सरकार गिराने की प्रक्रिया कर्नाटक से शुरू होकर हुई, जो यहां प्रयोग में लायी गयी. मगर प्रतिद्वंदी दल कामयाब नहीं हुए. तब नई पटकथा लिखी गई. जनता को भ्रम में डालने का प्रयास जारी है. फिर भी हेमंत सरकार आज भी काम कर रही है.

## कर्नाटक, महाराष्ट्र के बाद यहां भी सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास

### हेमंत सरकार कर रही बेहतर काम

हेमंत सरकार बेहतर काम कर रही है, हर क्षेत्र में काम हो रहा है. सरकार ने दो साल में तीन जेपीएससी परीक्षाओं का आयोजन कराया. रोजगार मिला. आगे भी रोजगार मुहैया कराने के लिए काम करेंगे. राज्यपाल पर निर्भर है कि वह किसी को बुलाएं और शपथ दिलाएं, उसे छह माह में विधानसभा में चुनकर आना होगा. भ्रम की स्थिति न पैदा हो इसलिए हम सभी ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और गांडेय में उपचुनाव कराने का आग्रह किया.

### भाजपा नहीं चाहती राज्य की तरक्की



भाजपा नहीं चाहती कि प्रदेश के आदिवासी, अल्पसंख्यक दलित के बच्चे विदेश में पढ़ें. हेमंत सरकार जब हर क्षेत्र में बेहतर करने लगी, तो इनकी परेशानी बढ़ गई. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष प्रवचन देने लगे. कुछ भी बोलने लगे. बीजेपी को विश्वास है कि निर्वाचन आयोग उनका हैं. तभी तो उसने 2019 में चुनाव के चरण और तिथि तब की जानकारी दे दी थी. भाजपा जिस महाराष्ट्र की बात कर रही, उसकी पूरी जानकारी हमारे पास नहीं है. पुणे में चुनाव इसलिए रोका गया, क्योंकि वहां बीजेपी हार रही थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लोकतंत्र के लिए सदन में सदस्यों का होना जरूरी हैं. आगे मई का महीना आ रहा है, जवाब देने के लिए लोग तैयार हैं. इसलिए झारखंड की राजनीति में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं.

### सब लोग जानते हैं, किसके इशारे पर हो रही कार्रवाई

उन्होंने कहा कि गैर बीजेपी शासित राज्यों को परेशान किया किया जा रहा है. इसके कई उदाहरण हैं. जहां बीजेपी की सरकार है, वहां एजेंसियों को कोई मसला नहीं दिखता. बिहार, बंगाल के अलावा इस झारखंड को अस्थिर करने का प्रयास चल रहा है. प्रदेश में 36 जगहों पर ईडी ने कार्रवाई की, लेकिन कुछ नहीं मिला. 36 लाख की रिकवरी दिखाई गई, लेकिन कहां-कहां से हुई, यह नहीं बताया गया. इससे साफ है कि किसके इशारे पर सब चल रहा है.

# माफ कीजिए, हमें ईवीएम पर पूरा भरोसा हैः चुनाव आयोग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश की ईवीएम-वीवीपैट को लेकर आयोग से चर्चा करने संबंधी अनुरोध को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि ईवीएम पर उसे पूरा भरोसा है इसलिए इस बारे में चर्चा की जरूरत नहीं है. आयोग ने कहा कि ईवीएम को लेकर जो जानकारी जनता के बीच है. उन सभी सवालों तथा उनके जवाब के साथ दिए गये हैं. इन सवालों के जवाब में सभी आशंकाओं का निराकरण है.

ईवीएम से वोट के बाद वीवीपैट की व्यवस्था पर आयोग ने कहा कि इसकी व्यवस्था कांग्रेस सरकार के दौरान 2013 में शुरू की गई थी. आयोग ने यह बात कांग्रेस नेता जयराम रमेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को लिखे पत्र के जवाब में कही है, जिसमें उन्होंने अनुरोध किया था कि इंडिया गठबंधन के नेताओं का एक दल वीवीपैट पर अपना मत रखने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलना चाहता है. आयोग ने ईवीएम-वीवीपैट को लेकर कांग्रेस के दावों को खारिज कर दिया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश को भेजे जवाब में आयोग ने कहा कि पेपर पर्चियों संबंधी नियम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की तरफ से 2013 में पेश किए गए थे.

### खास बातें

- आयोग ने ईवीएम-वीवीपैट को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के दावे को किया खारिज

## ब्रीफ खबरें

### सीता सोरेन ने कोर्ट में पासपोर्ट जमा किया



**रांची।** राज्यसभा चुनाव से जुड़े होर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपी झामुमो विधायक सीता सोरेन ने शुक्रवार को रांची सीबीआई कोर्ट पहुंची. इस दौरान उन्होंने अदालत में अपना पासपोर्ट जमा किया. इस मामले में सीबीआई ने सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दायर की है. सीबीआई ने चार्जशीट में बताया है कि सीता सोरेन ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के लिए 50 लाख रुपए लिये थे. वहीं बैंक खातों के जरिए भी पैसे लिये गये थे. सीता सोरेन पर वर्ष 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव में पैसे लेकर एक प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के आरोप में आपराधिक मामला चल रहा है.

### आज गुमनाम शहीदों को किया जाएगा याद

**रांची।** झारखंड आदिवासी विकास समिति के बैनर तले फांसी टोंगरी में धरती आबा के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा का शनिवार को 12 बजे शहादत दिवस मनाया जाएगा. इस अवसर पर झारखंड के उलगुलान के सैकड़ों गुमनाम शहीदों को याद किया जाएगा. पाहन की अगुवाई में सभी शहीदों का पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा पाठ होगा और श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने बताया कि फांसी टोंगरी में वीर बिरसा मुंडा के 12 सेना नायकों के प्रधान सेनापति सरदार गया मुंडा को तत्कालीन ब्रिटिश राज में 6 जनवरी 1900 को रांची के फांसी टोंगरी में फांसी दी गई थी. शहीदों के मृत शरीरों को गायब कर दिया गया था.

### मधुस्मृति कार्यालय का किया उद्घाटन



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में 11 फरवरी को पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मेलन मधु स्मृति होने वाला है. सम्मेलन को लेकर एक रजिस्ट्रेशन कार्यालय बनाया गया है. जिसका उद्घाटन जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व छात्र और गोमिया के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने किया. मौके पर डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि झारखंड में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई को आगे और उन्नति की ओर ले जाना है, जो कमियां हैं, उनको दूर करना है और इसको बेहतर बनाना है. उद्घाटन कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर हरि उरांव समेत शिक्षक व छात्र मौजूद रहे.

# प्रॉपर्टी के मामले में भी झारखंड कैडर के आईपीएस अफसर धनी

**सवा दो करोड़ से डेढ़ करोड़ तक के फ्लैट भी हैं**

रवि भारती। रांची

झारखंड कैडर के आईपीएस अफसरों ने अपने विजन और कार्यशैली से देश भर में पहचान बनाई है. कई अनुसलझी गुत्थियों को सुलझाया भी है. वहीं प्रॉप्रर्टी के मामले में भी वे काफी धनी हैं. इनके पास सवा दो करोड़ से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये के फ्लैट भी हैं. झारखंड सहित पंचकुला, नोएडा, बिहार, ओडिशा सहित अन्य राज्यों में इनकी जमीन और फ्लैट हैं. आईपीएस अफसरों की प्रॉपर्टी से सालाना इनकम 17.82 लाख से सात लाख रुपये तक का होता है. वहीं 2006 बैच के आईपीएस नरेंद्र कुमार सिंह के पास कोई संपत्ति नहीं है.

### 10 आईपीएस और एक आईएएस ने अब तक नहीं दिया संपत्ति का ब्योरा

10 आईपीएस अफसरों ने पिछले साल की संपत्ति का ब्योरा अब तक नहीं सौंपा है. इनमें राकेश बंसल, कुसुम पुनिया, अंबर लकड़ा, दीपक शर्मा, मणिलाल मंडल, अरविंद कुमार सिंह, एमेल्डा एक्का, प्रभात कुमार, सिद्धीक अनवर रिजवी और सरोजिनी लकड़ा शामिल हैं. वहीं झारखंड कैडर के आईएएस विजया जाधव ने अब तक संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया है.



### जानिए किस आईपीएस के पास कितनी संपत्ति

**एसएन प्रधान**



- ओडिशा के खुर्धा में जमीन (वर्तमान कीमत) 73,44000 रुपये, इस जमीन से सलाना आयः 50,7000 रुपये
- **ओडिशा के खुर्धा में जमीन (वर्तमान कीमत) 50, 91000 रुपये पत्नी के नाम संयुक्तः सालाना आयः दो लाख रुपये**
- ओडिशा के खुर्धा में जमीन (वर्तमान कीमत) 30, 32000 रुपये
- **झारखंड रांची कांकेः 7820 वर्ग फीट जमीन (वर्तमान कीमत) 164000 रुपये**
- संपत्ति से सालाना इनकम 7 लाख 70 हजार रुपये

**अजय भटनागर**



- गौतम बुद्धनगर (यूपी)- 4 बीएचके फ्लैट (वर्तमान कीमत) 2, 90, 00000 रुपये पत्नी के नाम संयुक्त सालाना इनकम 8,50,000 रुपये
- **नोएडा (यूपी)- फ्लैट (वर्तमान कीमत) 22500000 रुपये पत्नी के नाम संयुक्तः सालाना इनकमः 320000 रुपये**
- पिठोरिया (रांची)- जमीन- वर्तमान कीमतः 5, 50,000 रुपये
- **गौतम बुद्धनगर (यूपी)- फ्लैटः 3 बीएचके, वर्तमान कीमतः 21000000 रुपये सालाना इनकमः 612000 रुपये**
- सालाना इनकमः 17.82 लाख रुपये

**अनिल पालटा**



- रांची सांगाः 7865 वर्गफीट जमीनः वर्तमान कीमतः 97500 रुपये
- **हरियाणा (पंचकूला) -3050 वर्गफीट का फ्लैटः वर्तमान कीमतः 22662664 रुपएः पिता से गिफ्ट में मिलाः सालाना इनकमः 693000 रुपये**
- कोलकाता (कोचपाकुर)- फ्लैटः 1800 वर्गफीटः पत्नी के साथ संयुक्तः वर्तमान कीमतः 15199362 रुपये

**हरिलाल चौहान**



- पश्चिम दिल्लीः 120 स्क्वायर यार्ड जमीनः वर्तमान कीमतः 15 लाख रुपये
- **राजस्थान, प्रतापगढ़- 1200 वर्गफीटः वर्तमान कीमतः 150000 रुपये, पत्नी के साथ संयुक्त**
- राजस्थान, उदयपुर- 1952 वर्गफीट, वर्तमान कीमतः 10 लाख रुपये पत्नी के साथ संयुक्त
- **खेल गांव (रांची)- फ्लैटः 57.2 लाखः पत्नी के साथ संयुक्त**

### साहिबगंज डीसी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करे सरकारः प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि सरकार के शह पर अधिकारी तमंचे पर डिस्को खेलते नजर आ रहे हैं. इसके पूर्व भी सत्ता के करीबी रहे प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद हुए थे. साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के घर में ईडी को छापेमारी के दौरान 38 बोर की दो गोलियां, 9 एमएम पिस्टल की 19 गोलियां और .45 बोर के 5 खोखे बरामद हुए हैं. ये जिन हथियार की गोलियां हैं, वो सब प्रतिबंधित हथियार के श्रेणी में आते हैं.

**अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे डीसी :** प्रतुल ने कहा कि जो उपायुक्त आज प्रतिबंधित हथियार की गोलियां रखने के आरोपी हैं,आर्म्स एक्ट की धारा 39 के तहत उन्हें ही इस तरह के मुकदमों में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है. यह हास्यास्पद है कि जब मुकदमा दर्ज होगा तो यह खुद पर अभियोजन स्वीकृति की अनुमति देंगे. इसलिए इन्हें तुरंत निलंबित कर पद से हटाना आवश्यक है. उनको निलंबित कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए.

**राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कर्रवाई पर रोक का आदेश बरकरार**

# अमित शाह पर टिप्पणी मामला : हाईकोर्ट ने निचली अदालत का रिकॉर्ड मांगा

संवाददाता। रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर दिये गये बयान मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत में राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने पक्ष रखा. वहीं नवीन झा की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने बहस की. सुनवाई के दौरान अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखा. साथ ही निचली अदालत के रिकॉर्ड को हाईकोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया.

**राहुल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया :** दरअसल राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह को लेकर टिप्पणी की थी. जिसके बाद भाजपा नेता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ रांची कोर्ट में कंप्लेन केस दर्ज करवाया था. इस केस में रांची कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान को रद्द करने के लिए राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट में गुहार लगायी है.

**हाईकोर्ट ने तारा चंद की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब : रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के सहयोगी तारा चंद की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई.

शुक्रवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने जमानत याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब अदालत इस मामले में चार सप्ताह बाद सुनवाई करेगा. तारा चंद पर आरोप है कि वह वीरेंद्र राम के कालेधन को विभिन्न खातों से सफेद बनाकर वीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा करवाता था. इसके लिए वह मुकेश मित्तल का सहयोग लेता था. वीरेंद्र राम और तारा चंद दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

### पूजा सिंघल के खिलाफ फिर गवाही, कोर्ट ने माना आग्रह

**रांची।** मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के अहम गवाह अभयनंद अम्बष्ट की दोबारा कोर्ट में गवाही दर्ज होगी. कोर्ट ने दोबारा गवाही के लिए ईडी की ओर से दिए गए आवेदन को स्वीकार कर लिया है. दरअसल खूंटी जिला के तत्कालीन पदाधिकारी अभयनंद अम्बष्ट मनरेगा घोटाला केस में काफी अहम गवाह हैं. पिछले दिनों आरोपियों की ओर से उनका क्रॉस इग्जामिनेशन (प्रतिप्रेक्षण) किया गया था. वहीं ईडी की ओर से भी उनकी गवाही कोर्ट के समक्ष दर्ज करवाई गई थी. लेकिन ईडी ने कोर्ट को आवेदन देकर यह आग्रह किया था कि अभयनंद की गवाही दोबारा करवायी जाने की अनुमति दी जाए. दरअसल खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था.

### विष्णु अग्रवाल की बेल पर सुनवाई पूरी फैसला सुरक्षित

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के चर्चित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. विष्णु अग्रवाल और ईडी का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अदालत अब क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा. हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में विष्णु अग्रवाल की बेल पर सुनवाई हुई. विष्णु अग्रवाल की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की. विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं. ईडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था. इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश भी अभियुक्त है.

### पंकज मिश्रा की बेल पर अब 8 फरवरी को हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** जिले में अवैध खनन से जुड़े मनी लॉउंड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई . सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए बेल पर अगली सुनवाई की तारीख आठ फरवरी निर्धारित की है . हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई हुई . पंकज मिश्रा को ईडी ने मनी लॉउंड्रिंग के केस में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था . तब से वह जेल में ही है . पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी निचली अदालत पहले ही खारिज कर चुका है .

# गांडेय उपचुनाव कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से गांडेय विधानसभा में उपचुनाव कराने का आग्रह किया गया. शुक्रवार को भारतीय निर्वाचन आयोग के कार्यालय में झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, जिसमें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य, महासचिव विनोद पांडेय, विधायक नलिन सोरेन, भूषण तिर्की व दिनेश विलियम मरांडी शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि गांडेय से सरफराज अहमद ने अचानक 31 दिसंबर 2023 को विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद से विधानसभा क्षेत्र रिक्त हो गया है.

ज्ञापन में बताया गया है कि पंचम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 6 जनवरी 2020 को अधिवेशित हुआ था. भारत के संविधान के अनुच्छेद-172 के अनुसार, पंचम झारखंड विधानसभा का कार्याकल 5 जनवरी 2025 तक है. जनप्रतिनिधि अधिनिधम 1951 की धारा 15ए के अनुसार, विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक होने की स्थिति में उपचुनाव छह महीने के अंदर कराया जाना प्रावधानिक है.

**गुलाम अहमद मीर के आने पर पारंपरिक तरीके से किया गया स्वागत**

# गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस पार्टी होगी सुदृढ़ : रमेश उरांव

संवाददाता। ओरमांझी (रांची)



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह खिजरी विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस सुदृढ़ होगी. कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी के कुशल मार्गदर्शन में झारखंड में कांग्रेस पार्टी की स्थिति और भी मजबूत होगी. मीर के नेतृत्व में हम कांग्रेस के विचारधारा को जमीनी स्तर पर आम लोगों के बीच कहीं अधिक प्रभावी रूप में पहुंचा पायेंगे. साथ ही पार्टी कहीं अधिक बेहतर सामंजस्य के साथ आम मतदाताओं के बीच में अपनी छवि और वैचारिक आधार को प्रभावी बना पायेगी.

**रमेश उरांव के नेतृत्व में मीर का पारंपरिक तरीके से किया गया स्वागत :** रमेश उरांव ने बताया कि झारखंड प्रभारी नियुक्त होने के बाद मीर पहली बार झारखंड आये. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनके नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक तरीके से मीर का स्वागत किया. इस अवसर पर विशेष रूप से टाना भगत का दल मौजूद रहा, जिन्होंने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र करतल ध्वनि के साथ मीर का अभिनंदन किया. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, किशोर नाथ शाहदेव, डॉक्टर राजेश गुप्त सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

CLASSIFIED








































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in शनिवार, 06 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 11 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 259 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**जमशेदपुर केनल क्लब : 74वीं, 75वीं और 76वीं चैंपियनशिप डॉग शो शुरू**

# दिन भर लगा रहा मेला, एक से बढ़कर एक श्वान शामिल

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर केनल क्लब के 74वीं, 75वीं और 76वीं चैंपियनशिप डॉग शो शुक्रवार से शुरू हो गया. 7 जनवरी तक चलने वाले इस डॉग शो का आयोजन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में हो रहा है. इस डॉग शो में 45 से अधिक नस्लों के कुल 386 श्वान भाग ले रहे हैं, जिसमें ओबीडीएन्स टेस्ट, ऑल ब्रीड चैंपियनशिप और बीगल तथा लैब्राडोर रिट्रीवर्स के लिए विशेष शो आयोजित होंगे. डॉग शो का उद्घाटन शेयर्ड सर्विसेज (टाटा स्टील) के वाइस प्रेसिडेंट प्रबल घोष द्वारा किया गया. इस दौरान टाटा स्टील और टाटा मोटर्स से आए श्वान परेड मे शामिल होने के साथ साथ अपना प्रदर्शन भी किया. डॉग के प्रदर्शन से यहा पहुंचे अतिथि के अलावा देखने आए दर्शकों ने सराहा.

## विदेशी नस्ल के श्वान भी शामिल




इस सबंध में जमशेदपुर केनल क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने बताया कि जमशेदपुर डॉग शो 2024 काफी बेहतर तरीके से आयोजन हो रहा है. इस बार 45 से अधिक नस्लों के 386 श्वानों की इंट्री आई है. जिसमे विदेशों के भी नस्ल शामिल हैं. उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से जमशेदपुर के श्वान प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार जीते हैं. इस कार्यक्रम में एक्सीबिट्स की बेंचिंग (चिकित्सा परीक्षा), पैनल चर्चाएं, होंगी. रुचि नरेंद्रन ने कहा कि विभिन्न श्रेणियों के लिए जजों के पैनल में ओबिडिएंस ट्रायल के लिए भारत से फिलिप बट, बीगल स्पेशलिटी और लैब्राडोर स्पेशलिटी शो के लिए रूस से याना गैवरिलोवा और ऑल ब्रीड शो के लिए मैसेडोनिया से डॉ. पेरो बोझिनोव्स्की, ऑस्ट्रेलिया से लिनेट ब्रांड, रूस के एलेक्सी बेल्किन और दक्षिण कोरिया से दूंग जोंग ली जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं. उनकी विशेषज्ञता और अनुभव इस भव्य आयोजन की सफलता में योगदान देंगे.



## ब्रीफ खबरें

### दलबदल मामले में कमलेश ने मांगा समय

**रांची।** विधानसभा न्यायाधिकरण में दलबदल मामले की शुक्रवार को सुनवाई हुई. जिसमें हुसैनाबाद सीट से एनसीपी विधायक कमलेश सिंह की ओर से समय मांगा गया है. विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण में वादी ने अपना पक्ष रखा. कहा कि कमलेश सिंह पर 10वीं अनुसूची के उल्लंघन का मामला बनता है. शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अवहाड़ ने कमलेश के खिलाफ दलबदल का मामला दर्ज कराया था. मामले में पिछले सितंबर से सुनवाई चल रही है. पिछली सुनवाई 12 अक्टूबर को हुई थी. जिसमें कमलेश सिंह और जितेंद्र के वकीलों पक्ष रखा था.

### अपराधियों ने निर्माण कार्य स्थल पर मशीनों को जलाया

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू थाना के सुदूरवर्ती पंचायत बालुभांग के लेमसा और कुरूम टांड़ स्थित अमानत नदी पर कश्यप कंस्ट्रक्शन के द्वारा पुल का निर्माण किया जा रहा है. शुक्रवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने कार्य स्थल पर जेसीबी, पोकलेन ओर मिक्चर मशीनों में आग लगा दी. सूत्रों के अनुसार लगभग 30-35 के संख्या में वर्दी पहने लोग वहां आए और घटना को अंजाम दिया. संभावना जतायी जा रही है कि यह किसी उग्रवादी संगठन के द्वारा लेवी लेने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है.

### टाटा में सात लाख की नकली शराब बरामद



**जमशेदपुर।** कोवाली थाना क्षेत्र हल्दीपोखर में छापेमारी कर पुलिस ने लाखों की नकली शराब बरामद की है. जब्त शराब को टुसू पर्व में खपाने की तैयारी थी. शराब बनाने वाला संजय राय पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बनाई जा रही है. सूचना पर एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई. छापेमारी में पुलिस ने 1264 बोतल नकली शराब समेत खाली बोतल और ढक्कन बरामद किए हैं. जब्त शराब की कीमत सात लाख रुपये बतायी जा रही है.

### बाबूलाल मरांडी से मिले कर्नल संजय सिंह



**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मेदिनीनगर स्थित सर्किट हाउस में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात की. उन्हें नए साल की बधाई दी. कर्नल संजय सिंह ने सात जनवरी को हुसैनाबाद में होने वाले कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल समारोह में शामिल होने के लिए बाबूलाल मरांडी को आमंत्रित किया.

**कोर्ट की सख्ती के बाद जेल प्रशासन आया हरकत में**

# संजीव सिंह इलाज के लिए जाएंगे एम्स

संवाददाता। धनबाद



- **जेल आईजी ने एक महीने के लिए जारी किया आदेश**
- **कहा- एम्स में न मिले जगह तो रखा जाए तिहाड़ में**

पूर्व विधायक संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए रिम्स की अनुशंसा के बाद भी एम्स नहीं भेजने के मामले में 30 नवंबर 23 को अदालत द्वारा पारित सख्त आदेश के बाद जेल प्रशासन हरकत में आ गया है.

जेल महानिरीक्षक झारखंड ने धनबाद जेल अधीक्षक को आदेश दिया है कि वह चार हफ्ते के लिए संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजें. आदेश में जेल आईजी ने कहा है कि यदि एम्स में सीट उपलब्ध न रहे, तो संजीव सिंह को तिहाड़ जेल में रखा जाए और इलाज कराया जाए. 30 नवंबर 23 को संजीव सिंह की ओर से याचिका दायर कर अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने जेल आईजी एवं जेल अधीक्षक के विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की प्रार्थना की थी. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में दलित देते हुए अधिवक्ता मो जावेद ने कहा था कि संजीव सिंह सात विभिन्न प्रकार की बीमारियों मानसिक अस्वस्थता, हृदय रोग व शरीर के बांए हिस्से में दर्द जिसे एक प्रकार का लकवा का लक्षण कहा जाता है, के अलावा भूल जाने, डिमेंशिया व अन्य प्रकार के रोग से ग्रसित हैं. जिन का इलाज धनबाद, और रांची के रिम्स में नहीं हो पा रहा है. तबीयत काफी खराब होने के कारण 11 जुलाई 23 को संजीव सिंह को जेल प्रशासन ने एसएनएमसीएच अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया था जिसके बाद मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट के आधार पर उन्हें 11 अगस्त 23 को रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया था. रांची रिम्स की आठ सदस्यीय बोर्ड ने 14 अगस्त 23 को संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की थी. इसके आलोक में अदालत ने जेल प्रशासन को उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया था. बावजूद इसके अब तक संजीव सिंह को एम्स दिल्ली इलाज के लिए नहीं भेजा गया. जिस कारण संजीव सिंह की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है. जिस पर अदालत ने 30 नवंबर 23 को कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जेल प्रशासन से रिपोर्ट तलब की थी कि क्यों नहीं अदालत आदेश का पालन अब तक किया गया और क्यों नहीं उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाए.

### सीएस कार्यालय में तैनात लिपिक को एसीबी ने दबोचा



**धनबाद।** रणधीर वर्मा स्थित शिविल सर्जन कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब एसीबी की टीम ने लिपिक उमेश कुमार सिंह को रंगे हाथ धर दबोचा. बताया जाता है कि उमेश कुमार सिंह नामक लिपिक धनबाद सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित है, जो विभाग में दिव्यांग, मेडिकल तथा डॉक्टर की संचिका की जिम्मेवारी संभालता था. क्लर्क के खिलाफ एसीबी कार्यालय को रिश्वत मांगने से संबंधित सूचना मिली थी. जिसके सत्यापन करने के बाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को सुनियोजित तरीके से सिविल सर्जन कार्यालय में घेराबंदी कर क्लर्क उमेश कुमार सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया. विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर 4000 रिश्वत मांगने वाले सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित क्लर्क उमेश प्रसाद को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया. टीम आरोपी क्लर्क को हिरासत में लेकर एसीबी कार्यालय ले गई है.

# प्रभार में चल रहा तंत्र, सीएस रैंक के आठ अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

रवि भारती। रांची

झारखंड में पूरा तंत्र प्रभार में चल रहा है. मुख्य सचिव रैंक के आठ अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है. जिसमें राजीव गौबा, एनएन सिन्हा, अलका तिवारी, एमएस भाटिया, एसकेजी रहाटे, शैलेश कुमार सिंह, निधि खरे और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं. वहीं सीएस रैंक के चार अफसर सुखदेव सिंह, एल खियांग्यते, अविनाश कुमार और राजीव अरूण एक्का ही कार्यरत हैं. 13 आइएएस अफसरों के पास एक से लेकर चार विभागों तक प्रभार है. अविनाश कुमार और विनय चौबे के पास चार विभागों का प्रभार है.

**खास बातें**

- झारखंड में मुख्य सचिव रैंक के हैं चार अफसर
- एक अफसर के पास हैं चार से दो विभागों का प्रभार

| नाम | मूल विभाग | प्रभार वाला विभाग |
|---|---|---|
| अविनाश कुमार | एसीएस, ऊर्जा | गृह, सीएमडी ऊर्जा विकास, एमडी बिजली वितरण नि. व विकास आयुक्त |
| राजीव अरुण एक्का | एसीएस, पंचायती राज | सदस्य राजस्व पर्षद, और अल्पसंख्यक कल्याण |
| अजय सिंह | प्रधान सचिव | ग्रामीण कार्य, वित्त विभाग |
| वंदना दादेल | प्रधान सचिव सीएम | कैबिनेट |
| विनय चौबे | प्रधान सचिव सीएम | नगर विकास, एमडी जुडको, उत्पाद, एमडी जीआरडीए |
| सुनील कुमार | प्रधान सचिव पथ | भवन, एमडी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन |
| अमिताभ कौशल | सचिव खाद्य आपूर्ति | भू राजस्व, आपदा प्रबंधन |
| अबुबकर सिद्दीख | सचिव कृषि पशुपालन | खान, जेएसएमडीसी |
| प्रशांत कुमार | सचिव जलसंसाधन | योजना विकास, प्रशासक स्वर्णरेखा परियोजना |
| के रवि कुमार | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी | स्कूली शिक्षा |
| कृपानंद झा | सचिव महिला बाल विकास | परिवहन, परिवहन आयुक्त |
| विप्रा भाल | सचिव आइटी | वाणिज्यकर, सीइओ झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क |
| जीतेंद्र सिंह | सचिव उद्योग | खान आयुक्त |

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 9 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 9 जनवरी को होगी. बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से शुरू होगी. यह जानकारी मंत्रिमंत्रल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है.



# सोमवार से बंट सकता है राशन

प्रमुख संवाददाता। रांची

पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए राज्य सरकार ने जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है. सोमवार तक पीडीएस डीलर हड़ताल खत्म नहीं होने पर राज्य सरकार राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था कर सकती है. इस संबध में जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को विभाग निर्देश जारी कर चुका है. बता दें कि पूरे झारखंड के करीब 25 हजार पीडीएस दुकानदार बीती एक जनवरी से हड़ताल पर हैं. इस देशव्यापी हड़ताल में शामिल सरकारी दुकानदार अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं. राज्य सरकार लाभुकों को राशन देने के लिए डीलरों के पास जनवरी माह का राशन, ई-पॉश मशीन और डिजिटल वेइंग मशीन लेकर पंचायत स्तर पर राशन वितरण किया जा सकता है. वहीं दूसरी ओर पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की उचित मांगों को पूरा करने में भी विभाग लगा हुआ है.

**सरकार अलर्ट मोड में**

- **राशन, ई-पॉश मशीन और डिजिटल वेइंग मशीन डीलरों से लेकर सरकार खुद वितरित कर सकती है राशन**
- खाद्य सुरक्षा एसेंशियल सर्विस के तहत, समय पर राशन नहीं मिला, तो देना पड़ सकता है दंड

### धनबाद-चंद्रपुरा ट्रेन का परिचालन 10 से

**धनबाद।** धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन को आग से खतरा बताते हुए 15 जून 2017 को बंद हुई धनबाद-चंद्रपुरा ट्रेन को रेलवे बोर्ड ने दोबारा चलाने की हरी झंडी दे दी है. यह ट्रेन 10 से चलेगी. क्षेत्र के लोगों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर धनबाद रेल मंडल ने इस रूट पर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा था, जिस पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है. ट्रेन संख्या 03332 धनबाद-चन्द्रपुरा पैसेंजर धनबाद से शाम 5.05 बजे प्रस्थान करेगी और 9.45 बजे चंद्रपुरा पहुंचेगी. चंद्रपुरा-धनबाद पैसेंजर चंद्रपुरा से सुबह 07.10 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 09.40 बजे धनबाद पहुंचेगी. यह ट्रेन रविवार को छोड़ कर रोज चलेगी, जिसमें साधारण श्रेणी के 5 कोच होंगे.

# 40 घंटे से कुएं में गिरे हाथी की मौत, आक्रोश



संवाददाता। चांडिल

नीमडीह के आंडा में सूखे कुएं में गिरे हाथी की 40 घंटे के बाद मौत हो गयी. हाथी की मौत तब हुई जब वन विभाग के कर्मी रस्सी से बांध उसे जेसीबी से खींचकर बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे. ग्रामीण इसे वन विभाग की घोर लापरवाही बता रहे हैं.

कुएं में गिरने के बाद हाथी को खाना नहीं दिया गया. ऊपर से उसको पीने के लिए दिया जा रहा था. दो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर हाथी को निकालने के लिए स्लोप बनाया गया. शुक्रवार को दोपहर एक बजे हाथी को निकालने का काम शुरू हुआ. रस्सी से बांधकर खींच कर बाहर निकाल रहे थे. इस दौरान करीब दो बजे हाथी की मौत हो गई.

### ग्रामीणों ने कहा- लापरवाही से हुई मौत

कुआं में गिरे हाथी की मौत के बाद काशीपुर के ग्राम प्रधान मदन माझी ने इसे वन विभाग की लापरवाही बताया. उन्होंने कहा कि जंगली हाथी मामले में वन विभाग उदासीन रवैया अपनी रही है. गुरुवार की रात काशीपुर गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. लोगों का धान, आलू आदि फसल खाया और मकान को नुकसान पहुंचाया. घटना के बाद से लगभग 16 हाथियों के झुंड घटनास्थल से 100 मीटर के आसपास भ्रमण कर रहे हैं. इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है. वहीं हाथी मामले में ठोस पहल नहीं करने के कारण आंडा, कल्याणपुर, कांशीपुर, लावा, हुटू, तिलाईटांड़ आदि के ग्रामीण वन विभाग प्रति काफी अक्रोशित हैं.

**हुआ पोस्टमार्टम, सैंपल जाएगा रांची :** वन विभाग ने बताया गया कि अब मृत हाथी का पोस्टमार्टम होगा. मृत्यु के सही कारण का पता लगाने के लिए उसका सैंपल जांच के लिए रांची भेजा जाएगा. 30 फीट नीचे गिरने से हाथी को कमर और पीछे के दोनों पैरों में गंभीर चोट लगी थी. हाथी को बाहर निकालने के समय डॉ. विष्णु शरण महतो और डॉ राजेंद्र प्रसाद अपनी टीम के साथ हाथी का इलाज करने पहुंचे थे.

**अच्छी पहल** केंद्र और राज्य सरकारें खर्च करेंगी राशि, करीब 92 लाख छात्र होंगे लाभान्वित

# झारखंड के स्कूलों में अब बच्चों को मिलेगा मड़ुवा का लड्डू

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड के स्कूलों में बच्चों को खाने में अब मड़ुआ लड्डू और मड़ुआ का हलवा दिया जाएगा. इसके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार राशि देगी. ये लाभ झारखंड के मिडिल स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 92 लाख 27 हजार 740 छात्रों को दिया जाएगा. जिसके लिए कुल 9 करोड़ 72 लाख 968 रुपए खर्च किए जाएंगे. जिसमें से केंद्र सरकार 5 करोड़ 83 लाख 20 हजार 582 रुपए और राज्य सरकार की ओर से 3 करोड़ 88 लाख 80 हजार 386 रुपए दिए जाएंगे. इसे बनाने की पूरी विधि झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से जारी की गयी है. इससे पहले स्कूलों में वोकेशनल कोर्स की शुरुआत भी की गयी थी. स्कूलों में बेहतर शिक्षा और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए काम किया जा रहा है. प्रति छात्र के लिए 4.15 रुपए दिये जाएंगे.

### इन जिलों में इतने हैं विद्यार्थी



रांची- 162781, खूंटी- 56026 ,लोहरदगा-46850, गूमला-114827, सिमडेगा-63786, इस्ट सिंहभूम-113990, सरायकेला खरसवां-79275, वेस्ट सिंहभूम-169240, पालामू-238235, लातेहार-83591, गढ़वा-146367 ,हजारीबाग-135035, रामगढ़-54233, कोडरमा-63189, चतरा-135694, गिरिडीह- 25149, धनबाद-129494, बोकारो-110387, दुमका-153963, जामताड़ा-72341, साहिबगंज-140448, पाकुड़-94663, गोड्डा-156819 और देवघर 155097 छात्र हैं.

### थम रहा ड्रॉपआउट



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत झारखंड के स्कूलों में कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं. इन योजनाओं के तहत स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जा रहा है. पढ़ाई-लिखाई के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट की शिक्षा भी बच्चों को दी जा रही है. इसके लिए भी कुल 34 पॉइन्ट बनाए गए हैं. वहीं रुआर योजना के तहत छात्रों का ड्रॉप आउट भी रोका जा रहा है.

**शुभम संदेश इम्पैक्ट**

# कोयला चोरी मामले में प्रमोद सिंह, विक्की लाला, रिंकू महतो सहित 10 पर हुआ केस

संवाददाता। धनबाद

एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार की रात में विशेष टीम ने तेतुलमारी के गन्डुवा बस्ती के छाताटांड के अवैध कोयला स्थल पर स्थित कोयला लदा हुआ 3 ट्रक एवं रखा हुआ 50 टन कोयला जब्त किया. इसके साथ ही कोयले के अवैध धंधे में लगे प्रमोद सिंह, विक्की लाला, रिंकू महतो समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज हुआ है.

मालूम हो कि रविवार को भी जिला खनन फोर्स ने इसी डिपो में छापेमारी कर 200 टन कोयला जब्त किया था. छापेमारी के बावजूद किसी को नामजद आरोपी नहीं बनाया गया था. इस मामले को शुभम संदेश में प्रमुखता से छापा गया था. शुभम संदेश में छपी खबर पर संज्ञान में लेते हुए फिर छापेमारी कर धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. चांद बाबू अंसारी, मृत्यंजय पाण्डेय, सुनील कुमार, प्रमोद सिंह, विक्की लाला उर्फ अभिषेक श्रीवास्तव, समरेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, अरविन्द सिंह, रिन्कु महतो एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध तेतुलमारी थाना काण्ड संख्या-02/2024 अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए चांद बाबू अंसारी, मृत्युंजय पांडेय, सुनील कुमार को जेल भेज दिया गया है.

### एसीबी की छापेमारी से चर्चा में आया था प्रमोद सिंह

प्रमोद सिंह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की थी. उसी समय वह चर्चा में आया था. आलीशान मकान और गाड़ियों के साथ प्रमोद के कई जमीन व अन्य चल-अचल का खुलासा हुआ था. इसके बाद प्रमोद सिंह ने कोयला कारोबार शुरू किया. उसके खिलाफ कोयला चोरी की भी प्राथमिकी दर्ज हुई. कुछ माह पहले प्रमोद सिंह को गोली के साथ अंडाल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था. स्वास्थ्य विभाग के एनआरएचएम कर्मी व आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसने के बाद चर्चा में आए कोयला कारोबारी प्रमोद कुमार सिंह को बिहार पुलिस ने 10 अक्टूबर को उसके घर से गिरफ्तार किया था. डेढ़ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के एक मामले में प्रमोद सिंह को कई महीनों से अररिया की जोगबनी थाना की पुलिस खोज रही थी.

## ब्रीफ खबरें

### 10 वर्षीय नाबालिग लड़की ने आत्महत्या की

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के सेमरबुढ़नी गांव मे एक दस साल की नाबालिग लड़की लक्ष्मी कुमारी ने गले में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. मृतका की माता ने बताया कि वह बाजार गयी थी. वहां लोगो ने फोन कर सूचना दी कि उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है. वह आनन फानन में घर पहुंची और इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दी. खबर सुन कर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार व पुअनि अजय कुमार दास मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे ले कर सदर अस्पताल, लातेहार भेजा. शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों का सौंप दिया गया है.

### सिलम बाजार टांड़ पुल के नीचे शव बरामद

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम बाजार टांड़ पुल के नीचे खीराखांड गांव निवासी कृष्णा सिंह उर्फ भौऊला सिंह (48) का शव पुलिस ने शुक्रवार को शाम को बरामद किया है. शव के चेहरे में चोट का निशान है. मृतक हाथ में अपना मोबाईल पकड़ा हुआ था. वह लक्ष्मण नगर गुमला में बच्चों के साथ रहता था मृतक की पुत्री रेणुका कुमारी ने बताया कि उसके पिता जी गुरुवार को डेरा से दिन के दो बजे निकले थे. कहां जा रहे हैं वो भी नहीं बताए थे. आज शाम में शव मिलने की सूचना मिली. अवर निरीक्षक धनंजय कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है.

### अबुआ आवास योजना की सूची जारी हुई

**केतार।** प्रखंड के ग्राम पंचायत परती कुशवानी के पंचायत भवन में सार्वजनिक रूप से अबुआ आवास की सूची जारी किया गया. साथ ही विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव अशोक कुमार ने कहा कि यह सूची जो 1006 लोगों की है. इस विशेष ग्राम सभा द्वारा पारित सूची का प्रकाशन तथा प्रकाशित सूची के विरुद्ध आपत्ति आमंत्रण या निराकरण आवेदन पत्र लिया जाइएगा. ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि सूची के सत्यापन के लिए टीम गठित की गई है. टारगेट के हिसाब से सबको बारी बारी से आवास मिलेगी.

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**उंटारी रोड।** उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करकटा सचिवालय में गुरुवार को अबुआ आवास को लेकर उप मुखिया दुर्गेश राम के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा में पंचायत सचिव अनुज कुमार व रोजगार सेवक पंकज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे. ग्राम सभा के माध्यम से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए पड़े आवेदन को प्रखंड मुख्यालय से प्राप्त योग्य व अयोग्य लाभुकों का सूचीबद्ध प्रकाशन किया गया. ग्राम सभा में बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद थे.

### सेरंगदाग की समस्याओं को हल करें अधिकारी

**चंदवा।** सेरंगदाग खान बंद होने के कारण चंदवा के बॉक्साइट ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के लोग भुखमरी की कगार पर आ गए है. बहुत से ऑनरों के समक्ष वाहनों का इंस्टालमेंट भरने की समस्या है. इस समस्या से निजात पाने के लिए एसोसिएशन ने चंदवा कांटा को अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर कंपनी प्रबंधन के समक्ष एक सूत्री मांग रखा है. इस अनिश्चितकालीन कांटा बंद को देख एसोसिएशन से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के अधिकारीगण शुक्रवार को चंदवा कांटा घर के सामने कार्यालय परिसर में बैठकर जल्द ही समस्या का समाधान निकलने की बात कही है.

---

### भाजपा की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित, महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को जोड़ने पर बल

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**संवाददाता। लोहरदगा**



भारतीय जनता पार्टी की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की. इस बीच बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस दौरान बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा जिला अध्यक्ष, महामंत्री में शामिल हुए.

मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है. भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करते हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता तन मन से लग जाएं ताकि आने वाले समय में हमें इसका लाभ अत्यधिक मिल सके. बैठक में हर्षनाथ महतो, सूरज मोहन साहू, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, सुरेश बैठा, अशोक साहू, अमरेश भारती, सूरज दसौंधी, मुकेश साहू, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, लखन उरांव, संजय चौधरी, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, नासिर अंसारी, प्रकाश नायक, बजरंग करूवा, सजल कुमार, परमेश्वर भगत, सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए.

**ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ दिलाना लक्ष्य**

मनीर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों को लाभ दिलाना है. जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारियों को गांव-गांव में प्रवासी के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई. इधर, बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि लोहरदगा जिला में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या पांव पसार रहे हैं. उन्होंने कहा कि लोहरदगा के भोले-भाले आदिवासियों को बहला फुसलाकर उनका जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं, वैसे लोगों को चिन्हित कर आंदोलन करने की आवश्यकता है.

**अल्पसंख्यकों का हक छीन रहे हैं रोहिंग्या :** ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या के कारण स्थानीय अल्पसंख्यकों को भी बहुत नुकसान पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि वे लोग आकर यहां के अल्पसंख्यकों का हक छीनने का कार्य कर रहे हैं, इसके खिलाफ हमें जोरदार आंदोलन करने की आवश्यकता है. वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष राज किशोर महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा कि घर घर जाकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अक्षत देकर करें.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- राजभाषा आयोग का गठन किस वर्ष किया गया – **1955 ई. में**
- लोकसभा के निर्वाचन के लिए न्यूनतम आयु सीमा है – **25 वर्ष**
- वायु सेना के कितने कमांड हैं – **सात**
- भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य है – **केरल**
- धुआधार जल प्रताप किस नदी पर है – **नर्मदा नदी पर**
- जाकिर हुसैन का सम्बन्ध है – **तबला से**
- थल सेना का मुख्यालय कहाँ स्थित है – **नई दिल्ली में**
- धुंआधार जलप्रपात किस राज्य में है – **मध्य प्रदेश में**
- भारत का सर्वाधिक जूट उत्पादक क्षेत्र किस राज्य में है – **पश्चिम बंगाल**
- नालंदा विश्वविधालय किस राज्य मैं स्थित है – **बिहार**
- सौरमंडल का सबसे छोटा उपग्रह कौनसा है – **डीमोस**
- भारतीय संविधान में कुल कितनी अनुसूचिया है – 12 (**प्रारंभ में** 8)
- गरसोप्पा जल-प्रपात किस नदी पर स्थित है – **शरावती**

---

### हेमंत सरकार में दलाल, बिचौलिये और भ्रष्टाचारियों की पौ-बारह है

# राज्य में कानून व्यवस्था बहुत ही बदतरः बाबूलाल

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



**खास बातें**

- पत्नी कल्पना को सीएम बनाने की कोशिश में हेमंत
- सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति हो रही है
- बेरोजगारी भत्ता आज तक किसी को नहीं मिला

राज्य सरकार द्वारा आपराधिक तत्वों को संरक्षण मिल रहा है और कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है. यही कारण है कि झारखंड में कानून-व्यवस्था बदतर है. उक्त बातें शुक्रवार को स्थानीय परिसदन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता के दौरान कही.

उन्होंने कहा कि मौजूदा हेमंत सरकार में दलाल, बिचौलिये और भ्रष्टाचारियों की पौ-बारह है, जिनको नियंत्रित करने की इच्छा शक्ति सीएम हेमंत सोरेन में नहीं है. उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत अब अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश में हैं, जो सजायाफ्ता लालू प्रसाद से प्रेरित है, जिन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया था. विकास की चर्चा करते हुए मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति हो रही है.

**जनजाति कल्याण की राशि का अब तक उपयोग नहीं:** सीएम ने चुनाव के वक्त बेरोजगारी भत्ता देने के वादे किया था, लेकिन यह भत्ता आज तक किसी को नहीं मिला. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा दी गई जनजाति कल्याण की राशि के पैसे का भी अब तक उपयोग नहीं किया, जो आदिवासी समाज के हित में था. मरांडी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र सरकार पर भयादोहन करने एवं अस्थिरता उत्पन्न करने का आरोप बेमानी है. खुद हेमंत सोरेन अकर्मण्यता के शिकार हैं और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के दोषी हैं. यह सरकार अपने कुकृत्यों के कारण खुद पतनशील है और विपक्ष पर दोषारोपण करती है.

**बाबूलाल ने किया फुटबॉल टुर्नामेंट का उद्घाटन**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के लोकेया खेल मैदान में शुक्रवार से स्व. अनिल चौरसिया राज्यस्तरीय फुटबॉल टुर्नामेंट शुरू हुआ. टूर्नामेंट का उद्घाटन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारा उड़ाकर किया. मौके पर मरांडी ने कहा कि अपनों की याद में इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभा को भी आगे बढ़ने का मौका मिलता है. मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मेरे पिता स्व. अनिल चौरसिया की याद में हर वर्ष इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है. वे इस पूरे क्षेत्र के समाजसेवी के साथ ही खेलप्रेमी के रूप में आज भी याद किए जाते हैं. टूर्नामेंट का आयोजन दिनकर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा कराया जा रहा है, जो 11 जनवरी तक चलेगा. टूर्नामेंट में झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ की फुटबॉल टीम भाग ले रही है. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानन्द पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, मंगल सिंह, बिनोद कुमार सिंह, प्रभात भुइयां, अमित तिवारी, ज्योति पांडेय, ज्ञानधन चौरसिया, अविनाश वर्मा, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, संतू चौरसिया, किशोर पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, ज़िप सदस्य प्रमोद सिंह समेत कई भाजपा नेता उपस्थित थे.

---

# विधायक प्रतिनिधि ने धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया

**संवाददाता। लातेहार**



जिले में धान क्रय शुरू कर दिया गया है. इससे पहले तीन धान क्रय केंद्र खोले गये थे. शुक्रवार को जिले में चार लैंपसों में धान का क्रय शुरू किया गया है. सदर प्रखंड के पोचरा लैंपस भवन में शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने धान क्रय केंद्र का फीता काट कर उदघाटन किया.

मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा मुख्य रूप से मौजूद थीं. विधायक प्रतिनिधि ने किसानों से धान क्रय केंद्र में ही अपना धान बेचने की अपील की. उन्होने कहा कि बाजार में औने पौने दामों पर धान बेचने से किसानों को नुकसान होता है. डीएसओ रश्मि लकड़ा ने कहा कि धान क्रय में किसी प्रकार की बिचौलियागिरी नहीं चलेगी. उन्होंने निबंधित किसानों का ही धान क्रय करने का निर्देश दिया. जबकि मननचोटाग लैपस में भी धान क्रय केंद्र का उदघाटन लातेहार विधायक प्रतिनधि प्रभात कुमार व मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने फीता काट कर किया. इसके अलावा सलैया व छिपादोहर में धान क्रय केंद्र खोला गया. मौके पर जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, पोचरा लैंपस के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, चंदन कुमार, पोचरा मुखिया रामजी सिंह के साथ अन्य लोग मौजूद थे.

---

# बाबा साहब किक्रेट टूर्नामेंट पर तिसीबर टीम का कब्जा

**संवाददाता। पलामू**

पलामू जिले के पांडू प्रखंड के कुटमू में बाबा साहब क्लब के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिक्रेट टूर्नामेंट का समापन मैच शुक्रवार को खेला गया. फाइनल मैच तीसीबार व महुगावा टीम के बीच खेला गाय. जिसमें तिसीबर की टीम ने महुगावा टीम को 6 विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया. खेल शुरू होने से पूर्व फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही शुभकामनाएं दी. मौके पर मुख्य अतिथि मेहता ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है. खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है. वहीं विजेता व उपविजेता टीम के बीच ट्राफी का वितरण किया. मौके पर कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार रवि, उपाध्यक्ष अखिलेश रवि, सचिव आशीष यादव, अमेश राम, बसपा पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सोनू रवि समेत कई लोग मौजूद थे.

# चलचित्र के माध्यम से दी गई योजनाओं की जानकारी

**संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के करके और लवाहीकला पंचायत में शुक्रवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. करके के कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ राहुल कुमार सानू, सहायक अभियंता राहुल कुमार, मुखिया बिंदा देवी, प्रतिनिधि ललन चौधरी, उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी तथा लवाहीकला पंचायत में मुखिया बच्चा लाल गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि, जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला ग्राम संगठन की महिलाएं व प्रखंड कर्मियों सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे. दोनों जगह के कार्यक्रम में एलईडी वाहन द्वारा भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई. मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़े महिला ग्राम संगठन की महिलाओं के द्वारा सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताया. वहीं प्राप्त योजनाओं के लाभ के बारे में कई ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया गया, जिसमें महिलाओं ने आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना के बारे में लोगों को बताया.


BEFORE PRADEEP KUMAR AT CHAIBASA WEST SINGHBHUM (JHARKHAND)

**AFFIDAVIT**

**ALL NOTARIAL PURPOSE**

I, Pritilata Sinha, Prof-In-Charge, Mahila College, Chaibasa, D/o Bijoy Kumar Sinha, resident of Flat No.304,Nilgiri Apartment, Ashiana Enclave, near Dimna Chowk, P.O.-M.G.M., Jamshedpur, Dist. East Singhbhum, do hereby solemnly affirm and declare as follows :

1. That I am Prof-in-Charge of Mahila College, Chaibasa.
2. That Laxmi Ganju D/o Kunjbihari Ganju, has passed the Course of Bachelor of Arts (Geography Honours) in the year 2015 from Mahila College, Chaibasa under Kolhan University, Chaibasa vide Registration No.KU1217742, Roll Number 13A-H110565186 for the Sessions 2012-2015.
3. That the Kolhan University had sent the Degree Cartificates of the pass out students to Mahila College, Chaibasa which was received on 11.01.2019 by the college staff from Kolhan University.
4. That the Degree Certificate of Laxmi Ganju was missing from my college and it could not trace out inspite of my best efforts.
5. That I swear this affidavit to confirm the above facts and to submit it before the concerned authority as information to lodge SANHA for obtaining Duplicate Degree Certificate of Laxmi Ganju.

Aff. No. 267/05.01.24


---

### सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया शिलान्यास, कहा-

# हमारा प्रयास सभी वर्गों का विकास

**संवाददाता। लोहरदगा**



विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा शुक्रवार को लोहरदगा प्रखंड के ग्राम हिरही में विधायक मद से मैरेज हॉल का निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं कुडू प्रखंड के उडूमुडू पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीडीह में विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया.

मौके पर मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास हो रहा है. इस गठबंधन सरकार की बहुमुखी सोच है कि बुनियादी सुविधा रोटी, कपड़ा, मकान के साथ-साथ सामाजिक आवश्यकता को भी पूरा किया जाए. चुनाव से पहले हिरही ग्राम वासियों का निवेदन था कि मैरेज हॉल की आवश्यकता है, मैने उनकी मांग को पूरा किया. फलस्वरुप आज मेरे विधायक मद से मैरिज हॉल का शिलान्यास किया गया है जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे.

साथ साथ कुडू प्रखंड के उडूमुडू बारीडीह में भी विधायक मद से सामुदायिक भवन की जरूरत थी जिसे हमने पूरा करने का काम किया, इसके साथ साथ हम आवागमन सुविधा के लिए जितने भी क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं. संबंधित विभाग से उसकी मरम्मती की जाएगी. आने वाले कुछ दिनों में सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण पेयजल हेतु किया जाएगा, इसके साथ साथ इस सरकार का लक्ष्य है कि साल में 8 लाख अबुआ आवास का निर्माण कराया जाए. ताकि, हर घर को छत मिल सके.

मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी, सत्यदेव भगत, तनवीर गौहर, मुजम्मिलअंसारी, ठाकुर प्रसाद, हाजी सिकंदर, संभू प्रजापति, विशाल डुंगडुंग, सुनीता कच्छप, सुचित्रा भगत, सीता देवी, असलम अंसारी, संगीता उरांव, ऐनुल अंसारी, सुनील तुरी, कुलदीप खाखा, एजाज अंसारी, हसीन अख्तर मुन्ना, मुनीम अंसारी आदि मौजूद थे.

### उग्रवादी लालू यादव उर्फ रौशन को पांच साल कारावास की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-टू विनोद कुमार सिंह की अदालत ने उग्रवादी संगठन के सदस्य पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ निवासी लालू यादव उर्फ रौशनजी यादव, पिता कविलास यादव को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही एक हजार रूपया जुर्माना भी लगाया है. अभियुक्त पर पांकी थाना कांड संख्या 50/2016 आईपीसी की धारा 384, 385, 307, 353, 34 व आर्म्स एक्ट 25 (1-ए)/26, 27, 35 के तहत मामला दर्ज किया गया था. प्राथमिकी में कहा गया है कि कांड के वादी थाना प्रभारी ललित कुमार को दिनांक 9 जून 2016 को रात 10 बजे गुप्त सूचना मिली की जेपीसी के जोनल कमांडर एवं सदस्यगण एक बीडी पता ठेकेदार से लेवी लेकर पथराकला गांव की ओर जा रहे हैं. सूचना के बाद थाना प्रभारी ने आवश्यक कारवाई करते हुए उसे पकड़ा गया था.

---

# आईआईटी के छात्र ने झारखंड में बनाया बाउंसर ग्रुप


विशु दुबे

**मैं विशु दुबे** 2009 में पढ़ाई करने के लिए रांची आया तो उस समय मेरी उम्र 17 साल की थी. कॉलेज के दौरान मैंने महसूस किया कि लड़कियों के साथ छेड़खानी होती थी और लड़कियां असुरक्षित महसूस करती थीं. तब मेरे दिमाग में लड़कियों की सुरक्षा को लेकर आइडिया आया. मैंने बाउंसर ग्रुप बनाने की निश्चय किया और बना भी लिया. धीरे धीरे इस ग्रुप का विस्तार होता गया. आज बाउंसर ग्रुप पूरे झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में रॉक बाउंसर ग्रुप के नाम से जाना जाता है. सोशल मीडिया के द्वारा मैंने लड़कियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और जहां तक हो सका, हम लोगों ने सुरक्षा प्रदान की. जब झारखंड में बाउंसर बना, तब लोग नहीं जानते थे बाउंसर होता क्या है और

**झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में रॉक बाउंसर ग्रुप**

काम कैसे करता है, उसकी सेवा कहां से और कैसे लें. इसको ध्यान में रखकर मैंने 2017 में रॉक बाउंसर ग्रुप बनाया, जिसका हेड ऑफिस लालपुर चौक रांची में है. 2017 में जो भी बार या क्लब थे, उनमें मैंने बाउंसर ग्रुप की सर्विस देने की शुरुआत की. उसके बाद बार क्लब में जानेवाले लोग और उनकी फैमिली सुरक्षित महसूस करने लगे. इसके बाद दौर आया मूवी शूटिंग और बड़े-बड़े सेलेब्रिटी को प्रोटेक्शन देने का. अभी तक रॉक बाउंसर ग्रुप की टीम 300 से भी ज्यादा सेलिब्रिटी को सुरक्षा दे चुकी है. रांची के जितने भी बार और क्लब हैं, उनमें भी रॉक बाउंसर ग्रुप की टीम काम कर रही है. रॉक बाउंसर ग्रुप की टीम अभी रांची में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, कोचिंग संस्थान, इंडस्ट्रियल एरिया, हॉस्पिटल, स्टेशन, बार एंड क्लब, स्टेडियम, मॉल, पर्सनल सुरक्षा का कार्य करता है.


एमएम इनेसेटिव

---

**सम्मेलन** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा बूथ स्तरीय त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन

# 'भाजपा को शिखर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं का योगदान'

**संवाददाता। भवनाथपुर**



टाउनशिप हेलीपैड के प्रांगण में शुक्रवार को भाजपा के तत्वावधान में विधानसभा बूथ स्तरीय त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही व गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से भाजपा का ध्वजारोहण के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया.

विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच पर मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह को अंगवस्त्र, बाबा बंशीधर का स्मृतिचिन्ह तथा तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया.

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अगर शून्य से शिखर पर आज भाजपा पहुंची है, तो यह कर्मयोगी बूथ कार्यकर्त्ता के सहारे ही संभव हुआ है. किसी भी चुनाव में बूथ को सशक्त कर ही चुनाव में जीत हासिल किया जा सकता है, इसके लिए सभी बूथ कमिटी एक सूची बनाकर उसे एक सुदृढ रूप से चुनाव के लिए तैयार कर सकते है.

कहा कि पूरे बूथ कमिटियों को पीएम मन की बात सुनाने के लिए विधायक भानु ने उपस्थित सभी 502 बुथ अध्यक्षों को रेडियो प्रदान किया है. उन्होंने कहा की देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराकर देशवासियों के सपना को सच करने का कार्य किया है.

उन्होंने आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर घर में दीप जलाने के बात कही. सांसद श्री राम ने कहा कि बूथ कार्यकर्त्ता के बदौलत ही किसी भी पार्टी के जीत या पराजय का परिणाम निर्भर करता है. उन्होंने उपस्थित सभी बूथ कमिटियों को आगामी चुनाव में भाजपा की जीत को सुनश्चित करने का आग्रह किया. विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश युवा पीढ़ी अगर नया सोच विकसित करेगा तो देश विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकेगा. आजादी के 60 वर्षो तक देश के गरीब अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे, लेकिन जैसे ही केंद्र में भाजपा की सरकार बनी पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीबो के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे है. पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के सोच उनके नीति व सिद्धांत के साथ भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### हुसैनाबाद थाना प्रभारी लाइन हाजिर समीर बने थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान को लाइन हाजिर कर दिया है. उनकी जगह पर शहर थाना में पदस्थापित एसआई समीर तिर्की को हुसैनाबाद थाना का नया प्रभारी बनाया गया है. जारी आदेश के अनुसार पूर्व थाना प्रभारी धान को मलखाना का प्रभार अपने पास रखने को कहा गया है, जबकि नए थाना प्रभारी समीर तिर्की दैनिक कार्यों का निष्पादन करेंगे.

### एके सिंह कॉलेज की शासी निकाय गठित

**मेदिनीनगर।** जपला स्थित एके सिंह कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष व सचिव के चुनाव को लेकर स्थानीय परिसदन में बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से बहुप्रतीक्षित शासी निकाय के अध्यक्ष पद पर पलामू सांसद वीडी राम को चुना गया. वहीं, शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार सिंह को सचिव निर्वाचित किया गया. इससे पूर्व सांसद को अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने रखा और शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार सिंह को सचिव बनाए जाने का प्रस्ताव दानदाता रौनक सिंह ने रखा. बैठक में सांसद, हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार आदि उपस्थित थे.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने गुलाम अहमद मीर का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के झारखंड आगमन पर कांग्रेस के पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने उनका स्वागत किया. पाठक ने बताया कि झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने सभी जिलाध्यक्षों को संगठनात्मक टिप्स दिए. उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ कमेटी मजबूत करने एवं पंचायत गांव स्तर तक संगठन का कार्य करने का निर्देश दिया. पाठक ने बताया कि प्रभारी ने पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्य की समीक्षा की.

### विधायक व पूर्व सासंद ने किया सड़क का शिलान्यास

**पाटन (पलामू )।** पाटन प्रखंड के सतौवा एवं सेमरी में जिला परिषद से बनने वाली सड़क का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, पाटन शोभा देवी, जय शंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह, मुखिया सेमरी सुमति देवी ने मिलकर शिलान्यास किया. विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि यह रोड बनने से जनता को बहुत लाभ होगा. मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, वशिष्ठ पांडे, श्यामदेव सिंह, जिला मंत्री आनंद सिंह, पूर्व कप्तान ब्रिज बिहारी सिंह आदि उपस्थित थे.

### खनन विभाग ने क्रशर सील किया

**मेदिनीनगर।** अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग ने शुक्रवार को सतबरवा थाना प्रभारी व पुलिस बल के साथ अवैध रूप से संचालित क्रशर पर छापामारी की. इस दौरान मुरमा गांव में अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील करते हुए परिसर में रखा 1700 घनफीट बोल्डर चिप्स व 200 घनफीट डस्ट को जब्त किया. डीएमओ आनंद कुमार ने क्रशर संचालक मनिका निवासी प्रयाग्र यादव एवं क्रशर संचालन में अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. इस दौरान सतबरवा थाना क्षेत्र में संचालित लेस्लीगंज निवासी राजन सिंह द्वारा संचालित एआरबी ईट भट्ठा व लातेहार निवासी प्रकाश कुमार साहू द्वारा संचालित पीकेएस ईट भट्ठा का भी निरीक्षण किया.

### कंबोडिया में सम्मानित होंगे लातेहार के बद्री प्रसाद

**लातेहार।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बद्री प्रसाद को कंबोडिया में सम्मानित किया जायेगा. लातेहार के सेटेलाइट शाखा के प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बद्री प्रसाद एलआइसी के शीर्ष कॉरपोरेट क्लब के सदस्य है. इस वर्ष कॉरपोरेट क्लब का सम्मेलन कंबोडिया में आयोजित किया जा रहा है. यहां एलआईसी के सेंट्रल ऑफिस के वरीय अधिकारियों के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा. सिंह ने बताया कि बद्री प्रसाद पलामू प्रमंडल के एक मात्र अभिकर्ता है जो वर्ष 2014 से इस क्लब के सदस्य है. इसके पहले उन्हें आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, ग्रीस व बाली आदि देश में कॉरपोरेट क्लब का सम्मेलन में सम्मानित हो चुके है.

---

भाजपा का जनाधार खिसकता जा रहा है, प्रदेश और राष्ट्रीय निर्देश पर होते हैं सभी कार्यक्रम

## जयंती व पुण्यतिथि कार्यक्रम तक सिमट गयी है भाजपा

**आशीष टैगोर। लातेहार**



अगर यूं कहें कि जिला में भाजपा सिर्फ जयंती व पुण्यतिथि मनाने तक सिमट गयी है और उन्हें सामाजिक सरोकार से कोई लेना देना नहीं है, तो गलत नहीं होगा. अगर खूब हुआ तो प्रदेश स्तर पर संगठन के द्वारा जारी निर्देश पर धरना व प्रदर्शन कर लिए. भाजपा ने कभी यहां विपक्ष की भूमिका नहीं निभायी.

यही कारण है कि जिले से भाजपा का जनाधार खिसता जा रहा है. भाजपा के कद्दावार नेता दूसरे दलों में जा रहे हैं. हाल ही में पूर्व जिला परिषद सदस्य व मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने दूसरे दल का दामन थाम लिया. अंदर की बात यह है कि जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह का भाजपा में कोई कमांड नहीं रह गया है. या यह भी हो सकता है कि भाजपाई उन्हें तरजीह नहीं देते हैं. अंदरखाने से आ रही सूचनाएं यह बताती है कि जिला अध्यक्ष की शिकायत कई वरीय भाजपाई प्रदेश आलाकमान से कर चुके हैं. कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार में भाजपा की कदर महज चंद भाजपाइयों के कारण ही बची है.

**जिला अध्यक्ष के लिए राह कठिन :** कहा जाता है कि जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के लिए आगे की राह कठिन हो सकती है. भाजपा का एक बड़ा तबका इन दिनों प्रदेश आलाकमान बाबूलाल मंराडी के संपर्क में है. गत चार जनवरी को बाबूलाल लातेहार आये थे और एक पेट्रोल पंप में भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी. यहां मनिका के जिप सदस्य बलवंत सिंह व पूर्व जिप सदस्य शिल्पा कुमारी को देखा गया. कयास लगाया जा रहा है कि दोनो भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे.

### भाजपा ने कभी मुखर होकर आवाज नहीं उठायी

लातेहार में कई विकराल समस्याएं हैं. लेकिन इस समस्याओं को ले कर भाजपा या कहें भाजपा के जिला अध्यक्ष कभी मुखर नहीं हुए. सच बात तो यह है कि लातेहार में भाजपा कभी विपक्ष की भूमिका में रहा ही नहीं. लातेहार में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है. गत वर्ष 14 फरवरी को लातेहार के अपने दो दिवसीय जोहार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार में एक डिग्री कॉलेज एवं एक महिला डिग्री कॉलेज के भवनों का लोकार्पण किया. लेकिन एक साल होने को है इन दोनो कॉलेजों में अब तक शिक्षण कार्य प्रारंभ नहीं हो पायी. लेकिन भाजपा ने एक विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए कभी इन दोनो कॉलेज में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कराने की मांग को ले कर आवाज नहीं उठायी.

---

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- गीतांजलि की रचना किसने की – **रवीन्द्रनाथ टैगोर ने**
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी– **एनी बेसेंट**
- सर्वाधिक स्थायी तत्व कौनसा है – **सीसा**
- कौनसा ग्रह जल में तैरता हुआ प्रतीत होता है – **शनि**
- भारत सरकार ने देश की किस नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया है – **गंगा**
- भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी कोन होता है – **अटार्नी जनरल**
- भारत द्वारा प्रक्षेपित प्रथम उपग्रह है– **आर्यभट्ट**
- भारत में मसालों का प्रदेश किसे कहा जाता है – **केरल**
- दूध में मिठास का क्या कारण होता है – **लेक्टोस**
- भारत के प्रथम राष्ट्रपति किनकी पद पर म्रत्यु हुई– **डा. जाकिर हुसैन**
- मसलो की रानी किसे कहते है – **इलायची को**

---

**जताया आक्रोश :** वाहन जांच के नाम पर मारपीट हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## वाहन चेकिंग के नाम पर मारपीट से उबला लातेहार

**आशीष टैगोर। लातेहार**



पुलिस के द्वारा वाहन चेकिग के नाम पर आम लोगों पर लाठियां भांजने एवं उनके साथ अभद्र व्यवहार करने पर लातेहार के उबाल पर है. लोगों आक्रोशित हैं. लोगों का कहना है कि पुलिस वाहन जांच कर रही है इसका स्वागत है, लेकिन वाहन जांच के नाम पर आम लोगों के साथ मारपीट करना कतई बरदाश्त नहीं किया जायेगा.

लोगों का कहना है कि पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर ज्यादती कर रही है. महिलाओं के साथ दुव्यवहार तक कर रही है. गत दो जनवरी को पुलिस ने एक शहर के एक वरीय समाजसेवी के पौत्र को बर्बतापूर्वक पीटा था, उसका रिम्स में इलाज चल रहा है. इससे पहले एक जनवरी को भी पुलिस ने बाइपास चौक में लाठियां भांजी थी. जबकि धर्मपुर मोड़ पर एक बाइक में सवार अधिवक्ता पर पुलिस के जवान ने लाठियां चला दी थी.

**अधिवक्ता संघ ने भी किया विरोध :** वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने की घटनाओं का जिला अधिवक्ता संघ ने विरोध किया है. शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ भवन में एक बैठक कर अधिवक्ताओं ने पुलिसिया कार्रवाइ की कड़े शब्दों में निंदा की. संघ्ज के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि लातेहार पुलिस प्रशासन के द्वारा वरीय अधिवक्ता प्रदीप उपाध्याय के भतीजा को हेलमेट नहीं पहनने के कारण पुलिस के द्वारा की गयी मारपीट काफी निंदनीय है. उन्होने मोटर यान अधिनियम या भादवि या पुलिस नियमावली में कहीं भी यह प्रावधान नहीं है कि किसी भी पुलिस अधिकारी के द्वारा किसी के साथ मारपीट की जा सकती है. संघ ने दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की. बैठक में कई अधिवक्ता शामिल थे.

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने निकाली आक्रोश रैली

वाहन चेकिंग के दौरान शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार व गाली गलौज करने के विरोध में शुक्रवार को झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने शहर में आक्रोश रैली निकाली. आक्रोश रैली बीआरसी भवन से प्रारंभ हो कर समाहरणालय तक पहुंची. यहां शिक्षकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की और उपायुक्त को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा. दरअसल शुक्रवार की सुबह झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय हुंडरू के प्रधानाध्यापक अपनी बाइक से अपने विद्यालय जा रहे थे. इसी दौरान जुबली चौक में पुलिस के जवानों ने उन्हें रोका. हीरा यादव ने अपना लाइसेंस व सभी जरूरी कागजात दिखाया. बावजूद पुलिस नहीं मानी और उनकी बाइक जब्त कर थाना ले गयी. यादव ने बताया कि जुबली चौक में भी उनके साथ दुर्व्यवहार व गाली गलौज की गयी और इसके बाद थाना में भी उससे बद्तर सुलुक उनके साथ किया गया. शिक्षक संघ ने दोषी पुलिस अधिकारी व जवानों पर कार्रवाई करने की मांग की. झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के इस आक्रोश रैली का सहायक अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोरचा ने भी समर्थन किया और रैली में भाग लिया. मोरचा के अध्यक्ष अतुल कुमार ने पुलिस की कार्रवाई को दमनकारी बताया और कहा कि पुलिस अपनी मनमानी पर उतर आयी है.

### लोग आक्रोशित

- बाहन चेकिंग करने के दौरान दुर्व्यवहार कर रही है पुलिस
- चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पुलिस ने पीटा, रिम्स रेफर

### आजसू ने की निंदा

वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिसिया दमनात्मक कार्रवाई का आजसू ने कड़े शब्दों निंदा की है. आजसू जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने कहा कि वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों के साथ मारपीट और दुर्व्यहार काफी निंदनीय है. उन्होने कहा कि हेलमेट वाहन जांच को आजसू स्वागत करती है, लेकिन किसी के साथ मारपीट करना पुलिस की ज्यादती है और इसे आजसू बरदास्त नहीं करेगी. उन्होने कहा कि इसके खिलाफ आजसू आंदोलन करेगा. अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश उरांव ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया है और कहा कि अगर पुलिस ने अपना रवैया नहीं बदला तो अभाविप आंदोलन करेगी.

### हेलमेट नहीं रहने पर पुलिस ने की बर्बरता से पिटाई



**लातेहार।** इन दिनों शहर मे सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. वाहन चेकिंग अभियान तो पहले भी चलते रहे हैं, लेकिन इस बार जैसी दुर्गति आम लोगों की हुई वैसी कभी नहीं हुई. गत बुधवार को जिला मुख्यालय के थाना चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था. इस दौरान शहर के एक वरीय समाजसेवी के पौत्र प्रशांत उपाध्याय की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बर्बरता पूर्वक पिटायी कर दी. प्रशांत शहर के वरीय अधिवक्ता प्रदीप उपाध्याय का भतीजा है और आइसीआइसीआई बैंक लातेहार में कार्यरत है. पिटाई के बाद जब पुलिस कर्मियों का मन नहीं भरा तो वे प्रशांत को चार घंटे हाजत में बंद रखा. पीड़ित युवक ने बताया कि वह अपने एक मित्र के साथ जा रहा था. बाइक में पीछे बैठा हुआ था. हालांकि उनके पास हेलमेट नहीं था. अचानक पुलिस आयी और उसे बाइक से उतार कर अभद्रता करने लगी. युवक ने कहा कि ठीक है हेलमेट नही है. जो फाइन होता है उसे लीजिए. लेकिन आपको मारने का अधिकार नही है. इसके बाद पुलिस भड़क गयी और उसे सड़क पर ही पीटने लगी. रात तकरीबन 11 बजे उस युवक को हाजत से छोड़ा गया. उसे तत्काल युवक को अस्पताल लाया. यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.

---

## न्यूज अपडेट

### बागेश्वर सरकार निश्चित पलामू आएंगे : अरुणा

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम के प्रभारी नितेश सिंह ने कहा कि बागेश्वर सरकार निश्चित पलामू आएंगे. न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा है. दोनों ने शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट की कार्रवाई के संबंध में बताया. अरूणा शंकर ने बताया कि झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम चौधरी ने बागेश्वर बाबा के पलामू आने की अनुमति संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि डीसी द्वारा कई ऐसे बिंदु कार्यक्रम को रद्द करने के लिए उठाए गए हैं जो उचित प्रतीत नहीं होता. जस्टिस गौतम चौधरी ने मामले की अगली की तारीख 16 जनवरी निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने के लिए कहा है. पिछले 2 साल में इस तरह की कथा में जो अनुमति दिए गए हैं क्या उनमें हनुमंत कथा करने के लिए जो शर्तें रखी गई है, वैसी शर्त पूर्व में कथा करने वालों के लिए भी रखे गए थे ? प्रथम महापौर एवं हनुमंत कथा के सचिव दीना, अतुल, मंटू ने कोर्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सबों को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है, कथा होकर रहेगा.

### पतंजलि योग पीठ का स्थापना दिवस मनाया गया



**लातेहार।** जिला महिला पतंजलि के तत्वावधान में शहर के बाइपास रोड स्थित सोन भवन में पतंजलि योग पीठ का 29 वां स्थापना दिवस मनाया गया. इसकी अध्यक्षता महिला जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने किया. संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सामुहिक योग प्रणायाम व स्वदेशी के संकल्प के साथ पतंजलि योगपीठ की स्थापना स्वामी रामदेव व आर्चाय बालकृष्ण ने पांच जनवरी 1995 को किया था. आज यह पतंजलि योग पीठ एक वट वृक्ष के समान न सिर्फ भारत वरन पूरे विश्व में योग व आर्युवेद, स्वदेशी शिक्षा व वेदिक सनातन संस्कृति का पुर्नजागरण के लिए क्रांतिकारी कार्य कर रही है. उन्होंने योग को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की और कहा कि योग से मनुष्य निरोग रहता है. स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने पूरे देश को निरोग बनाने का संकल्प लिया है. उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल कर देश की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान देने की अपील की. कार्यक्रम में योग व हवन किया गया. मौके पर पूनम देवी, जागृति देवी, कनकलता देवी, सुशीला प्रसाद, रीना देवी, साधना कुमारी, दिप्ती कुमारी, मुन्नी कुमारी, रंजू कुमारी समेंत महिला पतंजलि की कई सदस्य आदि ने भाग लिया.

### विद्यालय में 'सीटी बजाओ,स्कूल बुलाओ' का रिहर्सल

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में ''सीटी बजाओ,स्कूल बुलाओ'' अभियान की सफलता के लिए विद्यालय के पोषक क्षेत्र के 11 चिह्नित टोलों के लिए 11 बच्चों को छात्र नायक (मॉनिटर) के रूप में चयन किया गया है. इनमें कली कुमारी, संजना कुमारी, निकिता कुमारी, अंजली कुमारी, साक्षी कुमारी, अविनाश कुमार साव, कुंदन कुमार पाल, विशाल कुमार, नितेश कुमार, अनुराग कुमार व पंचम कुमार शामिल हैं. प्रत्येक नायकों को एक-एक सीटी दी गयी. विद्यालय में विद्यार्थियों के छोटे-छोटे समूह बनाकर इन छात्र नायकों से सीटी बजाते हुए विद्यालय आने का रिहर्सल कराया गया. इस आयोजन में शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने प्रशंसनीय भूमिका निभाई. प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि विद्यालय में सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए विभागीय निदेशानुसार इस युक्ति की शुरूआत कर दी गयी है. छात्र नायक जब सीटी बजाते हुए अपने टोले से विद्यालय की ओर बढ़ेंगे तो दूसरे बच्चों को भी पता चल जायेगा कि विद्यालय का समय हो गया है, अब चलना चाहिए.

---

## महिला लखपति योजना के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**संवाददाता। गढ़वा**

भारत सरकार की महिला लखपति योजना हेतु नगर उंटारी प्रखंड में 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें बिशुनपुरा एवं नगर उंटारी के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 40 सीआरपीएस को महिला लखपति योजना के लिए प्रशिक्षण दिया गया. कार्यशाला में सीआरपीएस को लखपति महिला योजना के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही कार्यक्रम के लक्ष्य जो इस वर्ष पूरा करना है, उसकी जानकारी साझा की गई. साथ ही सारे सीआरपीएस को संकल्प दिलाया गया कि वो लक्ष्य के अलावा खुद से हर वर्ष कम से कम 10 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर लखपति बनायेंगे.

बताया गया कि वर्तमान में वार्षिक आय 60 से 80 हजार के आस पास वाले महिला किसान को चिन्हित कर लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता है. ताकि, वे जल्द ही लखपति के श्रेणी में शामिल हो जायें.

डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुई समीक्षात्मक बैठक

## अवैध बालू ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश

**संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु आज समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को आयोजित हुई. यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई.

बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा/रंका समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया. साथ ही अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया. जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कर पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा.

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया. उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया एवं निर्गत रसीद देखने को कहा. रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए अवैध ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया. विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट आदि के माध्यम से भी इसकी जांच करने को कहा गया. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन न हो यह संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सुनिश्चित करें.

---

**आमंत्रण** पूजित अक्षत और न्योता सभी के घरों में जाकर दिया जा रहा है

## अयोध्या से आए आमंत्रण पत्र का किया वितरण

**संवाददाता। गढ़वा**



अयोध्या से आये अक्षत व तस्वीर वितरित करते स्वयंसेवक.

गढ़वा जिला के रंका अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड रंका स्थित रंका कला ग्राम पंचायत के 13 वार्ड में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को घर-घर जा कर किया जा रहा है. वितरण राम भक्तों के द्वारा शुक्रवार को अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत वितरण करने और निमंत्रण प्रदान करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है.

जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम 75 वर्षीय वृद्ध रामचंद्र साव के द्वारा पूजित अक्षत एवम आमंत्रण पत्र वितरण कर किया गया. तत्पश्चात टोली के सदस्य आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए पूजित अक्षत के साथ-साथ न्योता लेकर उनके घरों तक पहुंच रहे हैं. टोली के सदस्यों में से एक सदस्य ने पूजित अक्षत, दूसरे सदस्य ने श्री राम मंदिर का चित्र और तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक का वितरण किया. टोली के सदस्य जय श्री राम के नारे लगाते हुए सभी का स्वागत कर रहे थे. शुक्रवार को तीन सौ परिवारों से संपर्क किया गया.

अक्षत वितरण में प्रमुख रूप से अनिल मधेशिया, शिवम सोनी, सोनू मधेशिया, मोहित कुमार चौधरी, अमरेन्द्र कुमार, पवन कुमार, विक्की कुमार, आलोक कुमार, शुभम झा, अभिनव रंजन, सुजीत अग्रवाल, राजन गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, रानू राज कमल सिंह, निखिल मधेशिया, विकास मधेशिया सहित सभी ने एक स्वर में बताया कि 22 जनवरी की शाम सभी लोगों को अपने घरों और मंदिरों में दीपक जलाना है.

### दिया न्योता

- न्योता के लिए तीन सौ परिवारों से संपर्क किया गया
- सदस्यों ने जय श्री राम के नारे लगाकर किया स्वागत

### यातायात नियमों को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**पलामू।** उपायुक्त श्री शशि रंजन के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा परियोजना 2 उच्च विद्यालय धनमानी पिपरा में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया. कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को बताया गया कि कैसे सड़क दुर्घटना को नियंत्रण करने हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना चाहिए.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन!




आपके यात्रा को सुखद ओर सुविधाओ के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कतरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल ओर रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONALTOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

# नंबर वन ब्रांड की कुल 50 पेटी नकली शराब बरामद

संवाददाता । चांडिल

आबकारी विभाग ने किया नकली शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़





चांडिल अनुमंडल अंतर्गत नीमडीह क्षेत्र वनडीह में छापेमारी कर आबकारी विभाग ने अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. छापेमारी के दौरान नीमडीह थाना की पुलिस भी शामिल थी. इस दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद किया है. वहीं, मौके पर नकली शराब निर्माण कार्य में लगे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार किए गए दीपक यादव एवं राकेश कुमार जमशेदपुर के सिदगोड़ा निवासी हैं जो यहां नीमडीह में रहकर नकली शराब निर्माण कार्य करते हैं. नीमडीह क्षेत्र में नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश होने के बाद क्षेत्र में इसकी चर्चा जोरों पर है. छापेमारी के दौरान आबकारी विभाग और पुलिस को नकली शराब के साथ शराब बनाने में प्रयोग किए जाने वाले सामग्री मिला है. बताया गया कि छापेमारी के दौरान ब्लैक टाइगर और मैक डोनाल्ड नंबर वन ब्रांड के कुल 50 पेटी शराब बरामद किया गया है. विभाग ने 450 लीटर शराब बरामद करने की जानकारी दी है. इसके अलावा विभिन्न ब्रांडों की खाली बोतलें, ढक्कन, विभिन्न ब्रांड के लेबल, कॉर्क, स्टिकर, सील आदि भी बरामद किया गया है. विभाग के अधिकारी गिरफ्तार किए गए लोगों से इस संबंध में पूछताछ कर रहे हैं.

## आओ जानें

**कितने % मर्डर केस में हुए आरोप पत्र दाखिल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | : 94.1 | उत्तरप्रदेश | : 84.6 |
| महाराष्ट्र | : 91.9 | उत्तराखंड | : 79.1 |
| मणिपुर | : 42.2 | पश्चिम बंगाल | : 86.0 |
| मेघालय | : 40.6 | झारखंड | : 84.6 |
| मिजोरम | : 91.3 | आंध्रप्रदेश | : 91.7 |
| नागालैंड | : 75.0 | अरुणाचल प्रदेश | : 78.9 |
| ओडिशा | : 81.1 | असम | : 46.8 |
| पंजाब | : 83.7 | बिहार | : 90.0 |
| राजस्थान | : 61.7 | छत्तीसगढ़ | : 92.4 |
| सिक्किम | : 86.7 | गोवा | : 95.5 |
| तमिलनाडु | : 96.6 | गुजरात | : 92.3 |
| तेलंगाना | : 93.3 | हरियाणा | : 73.7 |
| त्रिपुरा | : 80.5 | हिमाचल प्रदेश | : 85.1 |

## ब्रीफ खबरें

### कापागोड़ा में कार और ट्रक में टक्कर

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के कापागोड़ा गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर शुक्रवार को घाटशिला से जमशेदपुर की ओर जा रही कार और ट्रक के बीच टक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो गया. जबकि ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया. इस दुर्घटना में कार चालक सहित कार पर सवार लोग बाल-बाल बच गए. प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार कार और ट्रक एक ही दिशा से आ रही थी, पीछे से आ रही आंध्र प्रदेश नंबर की ट्रक कार को इतनी तेज टक्कर मारी की पूरी कार एनएच 18 फोरलेन के डिवाइडर पर चढ़ गया.

### खाना बनाने के क्रम में महिला समेत दो झुलसे

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत कल्याण नगर में खाना बनाने के दौरान आग की चपेट में आकर महिला समेत दो झुलस गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है. घायलों में रानी महतो और किशोर शामिल है. रानी महतो किशोर के घर पर खाना बनाने के लिए आती है. शुक्रवार दोपहर वह लकड़ी के चूल्हे में खाना बना रही थी, इसी दौरान वह आग की चपेट में आ गई.

### पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**गोड्डा।** जिले के रामगढ़ दुमका रोड में लाठी बाड़ी गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने एक मोटरसाइकिल सवार को तेज टक्कर मारते हुए फरार हो गया. मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को सदर अस्पताल भेज दिया है. घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. मृतक 25 वर्षीय स्टीफन हेम्ब्रम थाना पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना के अंतर्गत रहने वाला बताया जाता है.

### रांची में घर के कमरे में मिला शव, सनसनी

**रांची।** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सिराजुद्दीन लेन स्थित एक घर से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद किया है. मृतक की पहचान अंकुर मोदी के रूप में हुई है. घर से बदबू आने की सूचना पर आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्ट्या मामला अत्यधिक शराब पीने की वजह से मौत का प्रतीत होता है.

### मधु पहाड़िया की मिली लाश, मची सनसनी

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत करम पहाड़ से आगे स्थित शेरगढ़ गांव निवासी छोटा मधु पहाड़िया (50) की लाश बेतौना संथाली के बगल में मिलने से सनसनी मच गई. सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार मधु पहाड़िया गुरुवार को घर से हटिया के लिए निकला था. वापस घर लौट रहा था.

### अपहरण के आरोपी को पांच वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग के अपहरण के मामले में शुक्रवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने संग्रामडीह निवासी राजन राय उर्फ राजू को पांच वर्ष की कैद और चार हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. पीड़िता के पिता की शिकायत पर गोविंदपुर थाना में 22 जून 2021 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के अनुसार, 19 जून 2021 की रात करीब 10 बजे पीड़िता घर में बिना कुछ बताए बाहर निकली.

### एसपी ने किया गिरदा ओपी का निरीक्षण

**बानो।** सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ ने गिरदा ओपी पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए. एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया. उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया. एसपी ने थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली. अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया.

## जोबांग थाना क्षेत्र में खड़िया ठकुराइन डेरा का मामला

# प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर जंगल में किया दफन

संवाददाता। किस्को/लोहरदगा



जिले के अति सुदूरवर्ती जोबांग थाना क्षेत्र में खड़िया ठकुराइन डेरा में प्रेमी के द्वारा प्रेमिका की हत्या करने का मामला सामने आया है. जहां प्रेमी ने 24 दिसंबर 2023 को शौच के लिए गई प्रेमिका को हत्या कर बोरी में बंद करते हुए साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घर से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में दफन कर दिया. जिसमें हत्या करने वाला युवक ठकुराइन डेरा निवासी इलियाजर बारला पिता तेलंगा बारला है. मामला का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय मुखिया कामिल टोपनो के द्वारा 4 जनवरी 2024 को जोबांग थाना को युवक इलियाजर से शक के आधार पर पूछताछ करने की बात कही गई, तब जोबांग थाना पुलिस के द्वारा युवक को बुलाकर पूछताछ की गई. जिसमें युवक के द्वारा हत्या कर शव छुपाने की बात स्वीकार की गई. जिसके बाद थाना प्रभारी शशि शेखर ने पुलिस बल के साथ युवक को लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर ग्यारह दिनों के बाद सड़ी-गली अवस्था में शव निकाला गया. इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. साथ ही युवक को गिरफ्तार कर थाना ले जाया गया. वहीं पुलिस हत्या के कारणों व मामले को लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. बताया जाता है कि लगभग ढाई वर्षों से दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था. इसके बाद आपस में बैठक कर दोनों के बीच शादी की बात रखी गई. जिस पर दोनों ने शादी को लेकर इनकार कर दिया था.

## जोधन महतो हत्याकांड मामले में चार गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले की डुमरी थाना पुलिस ने दस दिन पहले हुए जोधन महतो हत्याकांड का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को दबोचा है. साथ ही हत्या में प्रयुक्त लाठी, एक बाइक एवं पांच मोबाइल जब्त किये हैं. गिरफ्तार अपराधियों में डुमरी थाना इलाके के अंबाडीह गांव निवासी मेघलाल महतो, होरिल महतो, भरखर गांव निवासी जितेंद्र महतो, मंगलुआहार गांव निवासी तालेश्वर महतो शामिल हैं.

यह जानकारी डुमरी थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसडीपीओ सुमित प्रसाद और थाना प्रभारी पवन कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि जोधन महतो डुमरी थाना इलाके के घुठीयागढ़ा के भरखर गांव का रहने वाला था. जोधन का शव विगत 26 दिसंबर को तेलवाखरा गांव के पुल के नीचे पड़ा मिला था. जोधन महतो ही हत्या उसी के गांव के रहने वाले जितेंद्र महतो ने अपने साढ़ू होरील महतो के सहयोग से की थी. जोधन और जितेंद्र महतो के बीच पुराने विवाद में दुश्मनी थी.

### जेपीसी उग्रवादी लालू यादव को पांच वर्ष कारावास की सजा

**पलामू ।** व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर-दो की अदालत ने शुक्रवार को उग्रवादी संगठन जेपीसी के सक्रिय सदस्य लालू यादव को आर्म्स एक्ट में पांच वर्ष कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है. लालू यादव पांकी थाना के केकरगढ़ का निवासी है. उसके खिलाफ पांकी थाना में कांड संख्या 51/2016 दर्ज था. पुलिस के अनुसार पांकी के तत्कालीन थाना प्रभारी ललित कुमार को 9 जून, 2016 को सूचना मिली थी कि जेपीसी के जोनल कमांडर एवं सदस्य एक बीड़ी पत्ता ठेकेदार से लेवी लेकर पथराकला गांव की ओर जा रहे हैं. थाना प्रभारी ने लालू को पकड़ा एवं मामला दर्ज किया था.

## टंडवा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता। टंडवा (चतरा)



थाना क्षेत्र के कोयलांचल में बड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में महीनों से जुटे दो अपराधियों को टंडवा पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है. इस बावत, थाना परिसर में शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि कसियाडीह व बनता बस्ती के बीच पक्की सड़क में गुप्त सूचना के आधार पर शाम 6 बजे वाहन चेकिंग चलाया गया. इस दौरान रामगढ़ जिला के अरगड्डा थाना अंतर्गत सिरका निवासी विकास भुईयां, पिता बंता भुईयां तथा चतरा जिला के सिमरिया थाना स्थित सलगी निवासी धनंजय साव पिता टुकेन्द्र साव के पास से तलाशी के दौरान एक अवैध देसी कट्टा समेत दो जिंदा गोली पाया गया. पश्चात मोबाइल व अपाची मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए दोनों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई. जिससे पता चलता है कि गिरफ्तार आरोपी पिछले कई माह से मगध परियोजना क्षेत्र के कुंडी में रहकर बड़ी घटना को अंजाम देने के फ़िराक में थे.

### मारपीट के फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** मारपीट के फरार आरोपी को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपी सेन्हा थाना क्षेत्र के दतरी ग्राम निवासी बंधना उरांव के पुत्र करण उरांव उर्फ रामकरण उरांव है.

- पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी

प्रभार थाना प्रभारी गणेश कुमार यादव ने कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 60/23 के तहत मारपीट के मामले में आरोपी करण उरांव उर्फ रामकरण उरांव के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था, जो दिनांक 24 अप्रैल 2023 से फरार चल रहा था. पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में है उसी आधार पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया.

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख



संवाददाता। साहिबगंज

शुक्रवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के झंडा मेला के पीछे शांति नगर घोगी टोला निवासी वकील सिंह के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. जिससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया. स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. पीड़ित वकील सिंह ने बताया कि काम करने के लिए दियारा गए हुए थे. घर से फोन आया कि घर में आग लग गई है. जब तक घर पहुंचा सारा सामान जलकर राख हो चुका था. बताया कि लगभग 9:30 बजे बिजली के तार में आग लगी. देखते ही देखते आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया. घर में रखा अनाज, गोदरेज अलमीरा, पलंग, साइकिल, फ्रिज सहित सारा सामान जलकर राख हो गया. इधर, सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की.

### अपहरण मामले में आरोपी को पांच साल की सजा

**धनबाद।** नाबालिग के अपहरण के मामले में शुक्रवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने संग्रामडीह निवासी राजन राय उर्फ राजू को पांच वर्ष की कैद और चार हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. पीड़िता के पिता की शिकायत पर गोविंदपुर थाना में 22 जून 2021 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के अनुसार, 19 जून 2021 की रात करीब 10 बजे पीड़िता घर में बिना कुछ बताए बाहर निकली. जब सुबह तक वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. फिर उन्हें पता चला कि राजू राय उर्फ राजन ने गलत नीयत से बहला-फुसला कर उसका अपहरण कर लिया है. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 24 अगस्त 2021 को राजन के विरुद्ध आरोपपत्र दायर किया था. 18 नवंबर 2021 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था.

## गुमला में पीएलएफआई का उग्रवादी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता। गुमला



कामडारा थाना पुलिस ने पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है. कामडारा थाना क्षेत्र स्थित रामतोल्या बडीटोली निवासी माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को गुरुवार रात रामतोल्या जंगल से पुलिस गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादी के पास से देशी पिस्तौल, 8 एमएम की दो गोली, पीएलएफआई का पर्चा पुलिस ने बरामद किया है.

पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बताया कि गुमला एसपी को लगातार सूचना मिल रही थी कि रामतोल्या जंगल में पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी जमा हुए हैं, जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. इस सूचना पर एसपी ने छापेमारी दल का गठन कर गुरुवार रात रामतोल्या स्थित जंगल में छापेमारी किया. पुलिस बल को देखते हुए सभी लोग भागने लगे, जिसमें दौड़ाकर पीछा करने पर माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को पकड़ा गया. गिरफ्तार उग्रवादी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह पीएलएफआई संगठन में नए लड़कों को जोड़ने का काम कर रहा था. पुलिस की गतिविधि की सूचना पीएलएफआई संगठन को पहुंचाने का काम रहा था एवं आसपास के विकासात्मक कार्यों में लेवी मांगने का काम कर रहा था. जेल से छूटे हुए एवं फरारी संगठन के सदस्यों के साथ संगठन विस्तार का कार्य कर रहा था. माडु तोपनो पर गुमला एवं रांची में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं.

### नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने जयनगर बरवाअड्डा निवासी संजय रजक उर्फ भुट्टा रजक को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 जनवरी की तारीख निर्धारित की है. पीड़िता की मां की शिकायत पर बरवाअड्डा थाना में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक 12 अप्रैल 2023 की सुबह 3:00 बजे आरोपी कुछ अन्य लोगों के साथ पीड़िता के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस और पीड़िता को जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर ले गया. एक सप्ताह तक उसे अपने कब्जे में रखा. पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 जून 2023 को आरोपी के विरुद्ध आरोपपत्र दायर किया था. 3 जुलाई 2023 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था.

## धोखाधड़ी के मामले में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्री ग्राम निवासी धनंजय राम पिता दुबराज राम को गिरफ्तार कर रंका पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर पिंकू कुमार राणा ने बताया कि 2016 में मनोज राम के माता-पिता का छत्तीसगढ़ में मृत्यु हो गई थी. इसके बाद न्यायालय के द्वारा मुआवजा के रूप में 23 लाख रुपए मनोज राम को मिला था, लेकिन चचेरे भाई अभियुक्त धनंजय राम ने धोखाधड़ी करके काफी पैसे अपने नाम से कर लिया जिसके आलोक में रंका थाना कांड संख्या 142/ 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था. जिसके आलोक में सब इंस्पेक्टर ने अभियुक्त धनंजय राम को गिरफ्तार करने आए हिरासत में भेज दिया है. पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है.

### धनबाद के खरियो में चोरी मामले में दो लोग हिरासत में

संवाददाता ।गोमो

धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र के खारियो महुलटांड़ स्थित जमीन कारोबारी सुभाष कुम्हार के कार्यालय में गुरुवार की रात करीब दो लाख रुपए के कीमती सामान की चोरी हो गई थी. कारोबारी ने हरिहरपुर थाना में इसकी लिखित शिकायत की थी. पुलिस ने संदेह के आधार पर शुक्रवार को दो युवकों को विरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इधर, पकड़े गए युवकों के परिजनों ने थाना पहुंच कहा कि निर्दोषों को पकड़ा गया है. पुलिस मामले की निष्पक्षता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे.

### ट्रेन के इंजन की ठोकर से घायल हुई महिला

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** महेशमुण्डा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के दौरान एक महिला ट्रेन के इंजन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई है. घायल महिला असजामिया खातून पति जरीस खान मधवाडीह पंचायत के चमगड्डा की रहने वाली है. घटना के बाद मुखिया मो सदीक अंसारी एवं अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल महिला को इलाज के लिए एक प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराया गया है. जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया गया है. इस संबंध में मुखिया सदीक अंसारी ने बताया कि सुबह लगभग 9.35 बजे महिला महेशमुंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आई थी. इसी दौरान गिरीडीह-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन मधुपुर से गिरिडीह जाने के क्रम में महेशमुंडा स्टेशन पर पहुंची थी. इसी दरम्यान महिला को ट्रेन के इंजन से झटका लगा गया और वह पटरी के किनारे गिर गई. हालांकि ट्रेन की गति काफी धीमी रहने के कारण फौरन चालक ने ट्रेन में ब्रेक लगा दी. दुर्घटना में महिला के शरीर पर गंभीर चोट पहुंची है.

**सफलता** डुमरी पुलिस ने किया उद्भेदन, 26 दिसंबर 2023 को एक युवक की हत्या हुई थी

# सुपारी देकर हत्या कराने के मामले में चार गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह



बीते 26 दिसंबर 2023 को डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत तेलखारा के कड़ढ़जोबरा पुल के पास एक व्यक्ति की हुई हत्या की गुत्थी डुमरी पुलिस ने सुलझा ली है, साथ ही हत्याकांड में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को गिरिडीह जेल भेज दिया.

इस बाबत डुमरी थाना में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि 26 जनवरी को उक्त स्थान पर एक व्यक्ति की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर दिये जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी. जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की. मृतक का नाम भरखर के घुठियागढ़हा निवासी जोधन महतो है.

हत्याकांड के बाद एसपी ने एक टीम गठित करने का निर्देश दिया जिसमें डुमरी थाना प्रभारी पवन कुमार, पुअनि लव कुमार, पुअनि नारायण राय व सशस्त्र बल को शामिल किया गया. बताया कि टीम ने घुठियागढ़हा निवासी जितेन्द्र महतो ने पुरानी दुश्मनी एवं जादू टोना से परेशान रहने के कारण उसने अंबाडीह निवासी अपने साढ़ू होरिल महतो एवं होरिल दोस्त के साथ मिलकर अंबाडीह निवासी मेघलाल महतो को 60 हजार रूपये देकर जोधन महतो की हत्या करवा दिया. बताया कि उक्त हत्याकांड में संलिप्त चार व्यक्तियों एवं प्रयुक्त लाठी, एक बाइक एवं पांच मोबाइल बरामद कर लिया है. बताया कि जघन्य हत्याकांड में संलिप्त अंबाडीह निवासी मेघलाल महतो, घुठियागढ़हा निवासी जितेन्द्र महतो, अंबाडीह निवासी होरिल महतो, एवं मंगलू अहार निवासी तालेश्वर महतो उर्फ भगनू महतो को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया गया है.

**खास बातें**

- सभी आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद भेजा जेल
- मेघलाल महतो को 60 हजार रुपये देकर हत्या करवायी थी


# अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारा धक्का, 3 घायल



संवाददाता। लातेहार

मनिका थाना क्षेत्र के मंधनियां गांव के समीप हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल हो गये. जानकारी के अनुसार बरवईया ग्राम की ओर से तीन अज्ञात ट्रैक्टर आ रहे थे. उन्होंने विपरित दिशा से आ रहे दो बाइक में सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया. इस दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों में मंटू मिस्त्री, प्रेम कुमार रजक और रितेश विश्वकर्मा का नाम शामिल है. ग्रामीणों की मदद से तीनों घायल युवकों को तुंबागढ़ा अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया. ट्रैक्टर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सप्तम चंद्र है. व्यापार संबंधित कार्य सम्पन्न होगा. दौड़धूप अधिक रहेगी. बुरी खबर मिल सकती है. वाणी पर नियंत्रण रखें. दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं. समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी. राजकीय सहयोग मिलेगा.

**वृषभ** मानसिक रोग से बचें. बहुत ही ज्यादा तनाव होगा. कार्य नहीं होने से मन उदास होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे. विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा.

**मिथुन** अपने सगे संबंधियों से मुलाकात होगी. उत्साह-वर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे. स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. रुका धन मिलेगा. व्यापार में नए अनुबंध होंगे.

**कर्क** विवाद से बचें. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. जोखिम न उठाएं. प्रसन्नता रहेगी. धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है. व्ययों में कमी करना चाहिए. शिवजी का पूजन करें.

**सिंह** दूसरों पर अतिविश्वास न करें. वस्तुएं संभालकर रखें. आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी. स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी. आपकी कार्यकुशलता से आपका व्यापार अच्छा चलेगा.

**कन्या** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा. संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला** समय आनंददायक है. किसी खास कार्य का प्रयास करें. प्रसन्नता रहेगी. उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा. प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे. इत्र का दान करें.

**वृश्चिक** व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. प्रसन्नता रहेगी. अपनी वस्तुएं संभालकर रखें. जीवनसाथी से मतभेद. व्यवहार कुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा. वाहन सावधानी से चलाएं. नयी वस्तु का आगमन होगा

**धनु** आय अच्छी होगी, पर कुसंगति से हानि होगी. आय कम होगी. नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे. व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है. व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें. गुरु ग्रह संबंधित वस्तु का दान करें.

**मकर** पिता से संबंध में सुधार होगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. चिंता रहेगी. प्रमाद न करें. परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे. शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी. अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं. काली वस्तु दान करें.

**कुंभ** बेरोजगारी दूर होगी. यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे. व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है. शनि को खुश करें.

**मीन** पूर्ववत शक्ति का सुख मिलेगा. क्रोध पर नियंत्रण आवश्यक है. कार्य होने से प्रसन्नता बनी रहेगी. आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है. कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा.

### श्रद्धाभाव से मना श्रीश्री परमहंस योगानंद जी का जन्मोत्सव, लगा भक्तों का मेला, स्वामी पवित्रानंद ने कहा

# मार्गदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं सद्गुरु

संवाददाता। रांची

जगद्गुरु श्रीश्री परमहंस योगानंद जी का 131वां जन्मोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा भाव से उत्साह पूर्वक मनाया गया. इसमें स्थानी सहित देश भर से आये अनुयायियों ने तो हिस्सा लिया ही, अमेरिका सहित कई देशों के भक्तों ने भी शिरकत की. बड़ी संख्या में भक्तों ने ध्यान-भजन और धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले अपने सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. मौके पर श्रद्धालुओं और अनुयायियों का योगदा आश्रम में मेला सा लगा रहा.


योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के रांची स्थित आश्रम में क्रमवार कार्यक्रमों का सिलसिला चला. शुरुआत सुबह विशेष सामूहिक ध्यान से हुई. इसके बाद स्वामी पवित्रानंद जी ने अनुयायियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि मानव जीवन में एक मार्गदर्शक के रूप में सद्गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है. उन्होंने सद्गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला. ज्ञान और ध्यान की बातें भी बतायी. फिर गुरु पूजा और यज्ञानुष्ठान किये गये. मौके पर ब्रह्मचारी शंकरानंद और शांभवानंद जी ने गुरु भक्ति में भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया. अपराह्न बाद भंडारा शुरू हुआ. श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी, चटनी और लड्डू का प्रसाद परोसा गया. श्रीश्री योगानंद जी के जन्मोत्सव पर आर्थिक रूप से कमजोर और कुष्ठ ग्रस्तों की सेवा की गयी. सभी को स्वादिष्ट भोजन कराया गया. अब सोमवार को उन्हीं की बस्ती में कंबल भी बांटा जायेगा.








**प्रियंका टंडन** : श्रीश्री सद्गुरु के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए मुम्बई से आयी हूं. जब से योगदा सत्संग से जुड़ने का सौभाग्य मिला, तब से जीवन ही बदल गया. पहले मैं तनावग्रस्त रहती थी, लेकिन अब ताजगी का एहसास करती हूं.



**डॉ. पूनम विश्वनोई** : श्रीश्री योगानंद जी और क्रिया योग से जीवन धन्य हो गया. योगी कथा अमृत भी अद्भुत है. इसमें जीवन की सफलता का रहस्य छुपा है. जब से गुरुजी से जुडी हूं, जीवन को एक नयी दिशा मिल गयी है.



**स्वामी आदित्यानंद जी** : सद्गुरु का संदेश है परमानंद बाहर नहीं, स्वयं के अंदर ही निहित है. हम अज्ञान वश इसे बाहर तलाशते हैं. गुरु जी बताते हैं आध्यात्म रूपी ट्रच को बाहर नहीं, स्वयं के अंदर केंद्रित करो, तभी ज्ञानरूपी प्रकाश से जीवन दमकेगा.



**भावना शर्मा** : श्रीश्री सद्गुरु का ज्ञान सभी के लिए कल्याणकारी है. मैं शुरू में साधारण विद्यार्थी थी, लेकिन जब से गुरु जी का आशीर्वाद और आश्रम का छांव मिला, असाधारण हो गयी. अब मैं स्कॉलर हो गयी हूं.

## गुवा सेल में संयुक्त यूनियनों का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन रहा जारी



संवाददाता। नोवामुंडी

गुवा सेल में 18 लोगों की जॉइनिंग होने के बाद उसे निरस्त करने की मांग को लेकर संयुक्त यूनियनों ने शुक्रवार को तीसरे दिन धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन को देखते हुए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, भाजपा संगठन प्रभारी सरायकेला व खरसवां के जेबी तुबिद, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संजू पांडे शामिल हुए.

इस दौरान सेल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए झारखंड के पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई ने कहा कि संयुक्त यूनियनों का आंदोलन बेकार नहीं जाएगी. इनका आंदोलन जारी रहेगा और सेल प्रबंधन को दिखा देना है कि यहां के स्थानीय को कैसे नहीं नौकरी मिलेगी. और जब तक इन मजदूरों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम इन मजदूरों के साथ खड़ा मिलेंगे.चाहे भारत सरकार हो या राज्य सरकार, तय किया गया है 75% स्थानीय को आरक्षण देना है और उन्हें नौकरी दी जानी है. देखा जाए तो गुवा सेल, किरीबुरू, मेघाहातुबुरु, चिड़िया के सेल प्रबंधन मजदूरों का शोषण कर रहे हैं. सेल प्रबंधन चाहे जितने पुलिस प्रशासन लगा ले मजदूर की ताकत को हिला नहीं सकता. पूर्व जिला अध्यक्ष संजू पांडे ने भी लोगों को संबोधित किया. साथ ही जेबी तुबिद ने भी मजदूरों का हौसला बढ़ाते हुए आंदोलन जारी रखने का निर्देश दिया. उसके बाद पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई ने सेल प्रबंधन के साथ बैठकर वार्ता की, जिसपर सेल प्रबंधन ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार किया जा रहा है और उसके आदेश के विरुद्ध हम नहीं जा सकते हैं. मौके पर संयुक्त यूनियनों में रामा पांडे, अंतर्यामी महाकुड, किशोर सिंह, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, राकेश यादव, रितेश पाणिग्राही, साधना सिंह, राजकुमार झा, कुल बहादुर, दुचा टोप्पो, पंचम जॉर्ज सोय, नरेश दास, नाजीर खान, नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो आदि मौजूद थे.

## एक्सएलआरआई के सिग्मा-ओइकोस को मिला कम्यूनिटी इंपैक्ट अवार्ड

**खास बातें**

- एजुकेशन आउटरीज प्रोग्राम के लिए दिया गया यह पुरस्कार
- प्रोग्राम में 20 देशों के 40 प्रोजेक्ट किये गये थे शामिल



एक्सएलआरआई की सिग्मा-ओइकोस के पुरस्कृत छात्र-छात्राएं.

संवाददाता। जमशेदपुर

एक्सएलआरआई की सिग्मा-ओइकोस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कम्यूनिटी इंपैक्ट अवार्ड से नवाजा गया है. ओइकोस इंटरनेशनल की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में एक्सएलआरआई की सिग्मा-ओइकोस को एजुकेशन आउटरीज प्रोग्राम के लिए यह पुरस्कार दिया गया है. इसमें 20 देशों के 40 अलग-अलग प्रोजेक्ट को शामिल किया गया था. ओइकोस इंटरनेशनल द्वारा नॉटिंघम, बार्सिलोना, लिस्बन, पेरिस और लंदन जैसे प्रमुख शहरों में वैश्विक नेटवर्क को बढ़ावा के लिए अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है. समाज में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है.

उल्लेखनीय है कि एक्सएलआरआई की ओर से वर्ष 2007 में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को डिजिटल रूप से सबल बनाने के साथ ही उन्हें बेहतर किताबी ज्ञान देने के लिए बेसिक लर्निंग प्रोग्राम (बीएलपी) की शुरुआत की गयी. जिसके जरिये पूर्वी सिंहभूम के साथ ही आस-पास के 14 जिले को बच्चों को रॉबिन हुड एकेडमी के सहयोग से कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती है. एक्सएलआरआई परिसर में ही एचआरएम व बीएम के विद्यार्थी स्वेच्छा से उन्हें कोर्स से संबंधित शिक्षा भी देते हैं. इस शिक्षा का समाज में सकारात्मक असर पड़ रहा है. जिस वजह से एक्सएलआरआई की टीम सिग्मा ओइकोस को कम्यूनिटी इंपैक्ट अवार्ड दिया गया है.

बताया गया कि इस टीम में नियमित रूप से 30 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं. बताया गया कि इस 30 बच्चों की टीम में नौ वर्षीय छात्र राहुल भी शामिल है. राहुल को बीएलपी प्रोग्राम में शामिल होने के बाद अंग्रेजी में स्टार परफॉर्मर अवार्ड दिया गया. जबकि यही अंग्रेजी उसकी सबसे बड़ी कमजोरी थी. एक्सएलआरआइ प्रबंधन द्वारा सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवा, प्रतिभाशाली दिमागों के लिए संसाधन की कमी को पाटने का प्रयास के उद्देश्य से उक्त बेसिक लर्निंग प्रोग्राम ( बीएलपी) की शुरुआत की गयी है.

## झारखंड आंदोलनकारियों को नहीं मिल रही सही पहचान : चारूचांद किस्कू

**चांडिल** । आंदोलन के दम पर हासिल किए गए झारखंड में आंदोलनकारियों को सही सम्मान नहीं मिल रहा है. पूर्ववर्ती सरकारों ने आंदोलनकारियों की अवहेलना की है. आंदोलन के दम पर हसिल राज्य में अपनी पहचान मांगकर लेना पड़े यह दुर्भाग्य की बात है. उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा चारूचांद किस्कू ने कहीं. शुक्रवार को चांडिल डैम स्थल स्थित रिसोर्ट में झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के बैनर तले आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के दौरान संघर्ष किए वैसे सभी आंदोलनकारियों का नाम आंदोलनकारी की सूची में सूचीबद्ध किया जाएगा, जिनका नाम छूट गया है. मौके पर सुखराम हेंब्रम ने कहा कि राज्य में आंदोलनकारियों की कोई पहचान नहीं है. जिन्होंने आंदोलन कर झारखंड का निर्माण कराया वैसे आंदोलनकारियों को सम्मान तक नहीं मिल रहा है. यप्रखंड कार्यालयों में भी पदाधिकारी आंदोलनकारियों से ठीक से बात तक नहीं करते हैं. समिति के संयोजक राम प्रसाद महतो ने कहा कि छूटे आंदोलनकारियों का आवेदन फार्म सात जनवरी से चांडिल स्थित होटल राहुल पैलेस में भरा जाएगा.

## गोल टैलेंट सर्च एग्जाम में चयनित विद्यार्थी किये जायेंगे सम्मानित



**धनबाद**। विद्यार्थियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाला धनबाद जिले का अग्रणी कोचिंग संस्थान गोल एजुकेशनल सर्विस लिमिटेड ने पिछले दिनों गोल टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन किया था. एग्जाम में चयनित विद्यार्थियों को 6 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा. यह जानकारी संस्थान के धनबाद सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने दी. उन्होंने बताया कि समारोह का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया जाएगा. चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप मेडल व सर्टिफिकेट दिया जाएगा. अच्छी रैंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप, टैब व बैग समेत अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे. संजय आनंद ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म देना है, ताकि विद्यार्थियों की राह आसान बन सके. सम्मान समारोह के दौरान गोल संस्थान के एक्सपर्ट विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स भी देंगे. स्कॉलरशिप भी दी जाएगी.

## डीवीसी विस्थापितों का आंदोलन समाप्त

**मैथन**। डीवीसी मैथन प्रशासनिक भवन के समक्ष 9 दिनों से चल रहे विस्थापितों का आंदोलन शुक्रवार को डीवीसी प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डीवीसी वस्तुहारा संग्राम समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में हमारी मांगों को डीवीसी बोर्ड मीटिंग में समाधान कराने का आश्वासन दिया गया है. इसके बाद हमलोगों ने अपना फिलहाल समाप्त कर दिया. उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया कि डीवीसी के नए चैयरमैन के मैथन आगमन के दौरान उनके साथ वार्ता कराई जाएगी. उन्होंने डीवीसी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस बार भी डीवीसी हमलोग के साथ छल करेगी, तो अगले बार आंदोलन भयानक होगा.

## साकची के बंगाल क्लब में तीन दिवसीय सिक्का प्रदर्शनी प्रारंभ

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर में कॉइन कलेक्टर्स क्लब द्वारा 5 से 7 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय सिक्का प्रदर्शनी की शुरुआत शुक्रवार को हुई. यह प्रदर्शनी साकची बंगाल क्लब में लगाई गई है. शहर के लोग ''जैम क्वाइन 2024'' नामक 29वीं राष्ट्रीय स्तर की दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी का निःशुल्क लुत्फ उठा रहे हैं. यह प्रातः 10 बजे से रात्रि 08 बजे तक चलेगा. यह कार्यक्रम 1996 से लगातार आयोजित की जा रही हैं. जानकारी देते हुए क्लब के जनरल सेक्रेट्री टी बाबूराव ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में इतिहास की जानकारी देना है. प्रदर्शनी की मदद से लोग इतिहास के साथ-साथ भूगोल और देश की इकनॉमी के बारे में भी जान सकते है. पूर्व में चांदी के सिक्के चलते थे जिससे देश की इकनॉमी का पता चलता था पर आज मिश्रित धातुओं से सिक्के बनाए जाते हैं. टी बाबूराव ने बताया कि इस प्रदर्शनी में ब्रिटिश भारत के सिक्के, प्रमाण सिक्के, हैदराबाद रियासत के सिक्के, छोटे द्वीपों के सिक्के और बहुत कुछ जैसे विषयों पर आधारित अपने सिक्के प्रदर्शित की गई है. इसके अतिरिक्त, विश्व बैंक नोटों पर तानाशाहों, पॉलिमर मुद्राओं, उच्च-मूल्य अवमूल्यन वाली मुद्राओं, त्रुटि मुद्राओं और अन्य जैसे विषयों पर आधारित मुद्राओं का प्रदर्शन किया गया है.

## मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण 17 जनवरी से

**धनबाद**। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण के तहत आईआईटी-आइएसएम धनबाद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सहयोग से संस्थान में 17 जनवरी से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएम-टीटीपी 2024) का आयोजन होगा. प्रशिक्षण में सभी विषयों के सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर (अनुबंध) और अंशकालिक शिक्षक भाग ले सकते हैं. इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उच्च शिक्षा और समाज, शैक्षणिक नेतृत्व, शैक्षणिक नेतृत्व, शासन एवं प्रबंधन, छात्र विविधता एवं समावेशन, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास और भारतीय ज्ञान प्रणाली से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा. यह प्रशिक्षण 31 मार्च तक चलेगा.

## मैथिली पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण

संवाददाता। रांची



हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर मैथिली के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण किया गया. समारोह की अध्यक्षता करते हुए रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक और साहित्यकार प्रमोद झा ने कहा कि अपनी प्रवाहपूर्ण एवं प्रांजल भाषा तथा ठेठ मैथिली शब्दों से वह जिस तरह का दृश्य रचते हैं, वह पाठकों को मोहित कर लेता है.

रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नरेंद्र झा ने कहा कि डॉ. महेंद्र ने जिस संवेदना और सौंदर्यबोध के साथ अपने संस्मरणों में साहित्यिक व्यक्तित्वों का शब्द चित्र उकेरा है, वह विरल है. वह विभिन्न जगहों, परिवेशों एवं लोगों की आत्मा में पैठकर उसके भीतरी सौंदर्य को प्रकट करते हैं. भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि डॉ महेंद्र के संस्मरण इतने संवेदनशील एवं पठनीय हैं कि पाठक उसके प्रवाह में सुध-बुध बिसरा बैठता है और एक ही बैठक में पूरी पुस्तक को पढ़ सकता है. व्यंग्यकार राजकुमार मिश्र ने कहा कि डॉ महेंद्र ने मैथिली साहित्य में संस्मरण विधा को नई पहचान एवं नई धार दी है. कथाकार अमरनाथ झा ने कहा कि डॉ महेंद्र के संस्मरण सुललित मैथिली गद्य का उदाहरण है, भाषा की मधुरता के साथ हास्य-व्यंग्य का पुट भी विद्यमान है. लोकार्पण समारोह में कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के सदस्य सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे. झारखंड मैथिली मंच के कोषाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

**पर्व-प्रसंग** गुरुपर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर, साकची में पांच-दिवसीय प्रभात फेरी 12 जनवरी से

# दसमेस पिता के प्रकाशपर्व पर सजेगा दो दिवसीय अलौकिक कीर्तन दरबार

संवाददाता | जमशेदपुर



सिखों के दसवें गुरु दसमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें जन्म दिहाड़े पर 17 और 18 जनवरी को दो दिवसीय महान कीर्तन दरबार आयोजित होगा. इसमें सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के कीर्तनिया भाई करनजीत सिंह साकची गुरुद्वारा में अपनी मधुर गुरबाणी से संगत को निहाल करेंगे. इसके अलावा भाई बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल ढाढी जत्था, अमृतसर भी इस मौके पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे. गुरुपर्व पर नगर कीर्तन के आयोजन को लेकर साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं. पिछले दिनों गुरुद्वारा कमेटी ने बैठक कर आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए. साकची गुरुद्वारा कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रकाशपर्व पर निकलने वाले नगर कीर्तन से पूर्व साकची गुरुद्वारा अंतर्गत परिक्षेत्र में आगामी 12 से 16 जनवरी तक लगातार पांच दिन प्रभात फेरी निकाली जाएगी.

साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह ने बताया कि करनजीत सिंह गुरबाणी रस से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे. जबकि ढाढी जत्था बलदेव सिंह और परमजीत सिंह जेठुवाल अमृतसर वाले वीररस में गुरु महाराज की महिमा का बखान करेंगे. जमशेदपुर के कवि सुरजीत सिंह, संदीप सिंह जगदी टकसाल, गुरदीप सिंह निक्कू टाटानगरवाले के साथ-साथ साकची गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी अमृतपाल सिंह मन्नन और सुखजिंदर सिंह भी मौके पर सुबह और शाम के दीवान में श्रद्धालुओं को गुरबाणी से जोड़ेंगे. उन्होंने बताया कि दोनों दिन गुरु का अटूट लंगर होगा.

### सभी ने रखे अपने अपने विचार

प्रधान निशान सिंह के अलावा मुख्यरूप से ट्रस्टी सतनाम सिंह, परमजीत सिंह काले, जोगिन्दर सिंह जोगी, बलबीर सिंह, अवतार सिंह, सुरजीत सिंह छीते, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह घुम्मन, जगमिंदर सिंह काका, जसपाल सिंह जस्से, सुखजिंदर सिंह निक्कू, कृतजीत सिंह रॉकी, मनोहर सिंह मित्ता, जैमल सिंह और त्रिलोचन सिंह के आलावा सिख नौजवान सभा, सिख स्त्री सत्संग सभा तथा सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था की बीबियों ने भी बैठक में शामिल होकर अपने-अपने विचार रखे.

### प्रभात फेरी को घर पर कर सकते हैं आमंत्रित

प्रभात फेरी उप-कमेटी के सदस्य सुरजीत सिंह छीते ने बताया कि प्रभात फेरी पहले दिन बुधवार को गुरु नानक नगर साकची, 13 जनवरी को पुरानी काशीडीह और बगान एरिया, 14 जनवरी को न्यू काशीडीह और बाराद्वारी, 15 जनवरी को रिफ्यूजी कॉलोनी और सीतारामडेरा तथा 16 नवंबर को फिर से गुरु नानक नगर और ठाकुरबाड़ी रोड (आमबगान) का भ्रमण करेगी. उप-कमेटी के सदस्य अवतार सिंह, प्रीतपाल सिंह और हरविंदर सिंह का कहना है कि प्रभात फेरी प्रतिदिन प्रातः साढ़े तीन बजे भ्रमण के लिए साकची गुरुद्वारा से प्रस्थान करेगी.

## ईडी का छापा 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के नेताओं पर : डॉ. विनय भरत

संवाददाता। रांची



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय के सहायक प्राध्यापक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विनय भरत ने ईडी के कार्रवाई पर कहा है कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के 95 प्रतिशत छापे विपक्षी दलों के नेताओं पर हैं. साल 2014 से 2022 के बीच 121 बड़े राजनेताओं से जुड़े मामलों की जांच ईडी कर रही है, इनमें से 115 नेता विपक्षी पार्टियों से हैं यानी 95 फ़ीसदी मामले विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ हैं. जबकि यूपीए के समय विपक्षी दलों पर यह कार्यवाही 60 % थी. महाराष्ट्र में अजीत पवार, पश्चिम बंगाल शुभेंदु अधिकारी, असम में हिमंत बिस्वा शर्मा में कई ऐसी घटनाएं देखने को मिलीं कि वहां के ईडी से समन प्राप्त नेताओं के सत्तारूढ़ दल की सदस्यता लेते ही कार्यवाही रोक दी गयी. आमजन इसे ही अब नेशनल वाशिंग मशीन का नाम देने लगे हैं.

उन्होंने कहा है कि जहां -जहां नेता नेशनल वाशिंग मशीन में जाने को तैयार नहीं हैं, वहां ईडी ज्यादा दबिश बनाने की भूमिका में दिख रहा है. झारखंड में ईडी की कार्यवाही नहीं झुकने का नतीजा है. ये अलग बात है कि हेमंत के इस कदम ने उनके पार्टी के पंच लाइन 'हेमंत है तो हिम्मत है' को महज एक नारे के रूप में नहीं, बल्कि पर्सनैलिटी इंटिग्रिटी की तरह अपने समर्थकों के दिल में स्थापित करने में कामयाब किया है.

# निकाय चुनाव

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ
- लोगों ने आदेश का स्वागत किया,कहा- समय पर हो चुनाव
- शीघ्र अधिसूचना जारी कर चुनाव कराया जाना चाहिए
- निकाय चुनाव नहीं होने से विकास कार्य हो रहे हैं प्रभावित
- चुनाव स्थगित करने का निर्णय सही नहीं था,छवि खराब होती है
- आरक्षण रोस्टर को सही तरीके से तैयार किया जाए
- कई प्रत्याशियों ने दोबारा चुनाव मैदान में उतरने का मन बनाया
- कइयों ने कहा- कई अधूरे कार्यों को हमें पूरा करना है

# निकाय चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह हाईकोर्ट के निर्णय का किया स्वागत, कहा... जल्द हो निकाय चुनाव


हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है और हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है. वे चाहते हैं कि जल्द अधिसूचना जारी हो और निकाय चुनाव कराया जाए. कहा गया कि चुनाव स्थगित किए जाने से प्रत्याशियों को निराशा हाथ लगी थी. उनका मानना है कि सारी तैयारियां होने के बाद चुनाव स्थगित किए जाने से लोगों के बीच अच्छा संदेश नहीं गया है. अब जब हाईकोर्ट ने तीन हफ्ते में अधिसूचना जारी करने का आदेश दे दिया है तो लोग चाहते हैं कि निकाय चुनाव जितनी जल्दी हो किया जाए. साथ ही आरक्षण रोस्टर को सही तरीके से तैयार किया जाए. ताकि बाद में किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत न हो. लोग यह भी चाहते हैं कि चुनाव न तो समय से पूर्व हो और न ही काफी देर से हो. निर्धारित समय पर चुनाव होने से किसी को शिकायत का मौका नहीं मिलता है. साथ ही गड़बड़ी की आशंका भी कम रहती है. निकाय चुनाव के बारे में पूछे जाने पर प्रत्याशियों ने खुलकर इसका जवाब दिया और कहा कि कोर्ट के आदेश से हम सभी उत्साहित हैं और चाहते हैं कि जितनी जल्द हो चुनाव हो जाए. क्योंकि इससे विकास के कार्य प्रभावित नहीं होंगे. कई प्रत्याशियों ने दोबारा चुनाव मैदान में उतरने की बात कही. वे कहते हैं कि बहुत से काम अभी अधूरे हैं जिसे हमें पूरा करना है. हाईकोर्ट के आदेश के बाद निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गए हैं और प्रत्याशी चुनाव की तैयारी करने में जुट गए हैं. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्नि जिलों में लोगों से निकाय चुनाव से जुड़ी राय हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...

## आदित्यपुर

### डेढ़ लाख मतदाता हैं

आदेश के बाद सरगर्मी तेज हाईकोर्ट के आदेश के बाद आदित्यपुर नगर निगम के लोगों में एक बार पुन: आशा जगी है. यहां के लोग निकाय चुनाव टलने से निराश थे. जनता के अनुरूप विकास कार्य नहीं हो रहे थे. आदित्यपुर नगर निगम में कुल 35 वार्ड हैं. जिसके लिए मेयर और डिप्टी मेयर के साथ 35 पार्षदों के चुनाव होना है. यहां करीब डेढ़ लाख मतदाता हैं. कोर्ट के आदेश के बाद से चुनाव को लेकर लोगों में सरगर्मी तेज हो गई है.

### इस बार पूरी तैयारी के साथ हो निकाय चुनाव : पुरेन्द्र नारायण सिंह



पूर्व उपाध्यक्ष नगर पर्षद सह भावी मेयर प्रत्याशी पुरेन्द्र नारायण सिंह का कहना है कि पहले तो नगर निकाय चुनाव समय से पूर्व कराने का निर्णय ही सरकार की गलत था. फिर सारी तैयारियां कर अचानक चुनाव को टाल दिया गया था. इससे निकाय के लोगों में उदासी छा गई थी. लेकिन हाईकोर्ट के आदेश से अब आशा जगी है. सरकार के निर्णयों में अपरिपक्वता दिख रही थी. जिसकी वजह से मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था. मैं राजद का प्रदेश महासचिव भी हूं और प्रदेश में चल रही सरकार के महागठबंधन का अंग हूं, बावजूद इसके मुझे कह कहने में संकोच नहीं कि सरकार को पूरी तैयारी के साथ निकाय चुनाव कराना चाहिए. जो पूर्व से चला आ रहा पेसा कानून के तहत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है वही दिया जाना चाहिए, साथ ही चुनाव में पिछड़े वर्गों को 27 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए.

### चुनाव टाला जाना उचित नहीं था निर्णयों पर सवाल उठते हैं : संजीव




भावी मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह उर्फ बबुआ सिंह का कहना है कि चुनाव टाला जाना उचित नहीं था. इससे सरकार के निर्णयों पर सवाल उठ रहे थे. अब हाईकोर्ट ने 3 हफ्ते में अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है जो स्वागत योग्य है. जब टीएसी ही असंवैधानिक है तो सरकार उनकी बातें क्यों सुन रही थी और उनके दवाब में चुनाव को स्थगित नहीं करना चाहिए था. मेरे विचार से आबादी आधारित रोस्टर बने और शीघ्र चुनाव की अधिसूचना जारी हो. क्योंकि इसके वजह से शहरी निकायों में विकास कार्य ठप हो गए हैं. आम लोगों में सरकार के चुनाव टालने के निर्णय से गलत संदेश गया है.

### आरक्षण रोस्टर पर पहले ही निर्णय हो जाना चाहिए था : नीतू शर्मा



पार्षद वार्ड 17 की भावी प्रत्याशी नीतू शर्मा का मानना है कि सरकार को चुनाव नहीं टालना चाहिए था. सारे लोग तैयारी में थे. आरक्षण रोस्टर पर पहले ही सरकार को ठोक बजाकर निर्णय लेना चाहिए था. वैसे भी सरकार के आरक्षण रोस्टर को फ़ॉलो किया जाय तो आदित्यपुर नगर निगम की मेयर सीट सहित सभी वार्डों के आरक्षण में किये गए परिवर्तन असंवैधानिक हैं. चूंकि 10 साल के बाद ही आरक्षण रोस्टर में फेरबदल होना चाहिए था. अब जब हाईकोर्ट का आदेश हुआ है तो लोगों में एक उम्मीद जगी है. सरकार अपनी सारी गलतियों को सुधारकर शीघ्र चुनाव की अधिसूचना जारी करे. क्योंकि निकायों में विकास कार्य ठप हो गए हैं.

### कोर्ट के आदेश के बाद प्रत्याशियों में जागी है आशा : अवधेश सिंह



यूथ इंटक नेता व भावी प्रत्याशी अवधेश सिंह का कहना है कि चुनाव की तैयारी के बाद इसे सरकार को नहीं टालनी चाहिए था. इससे सरकार के निर्णय के प्रति गलत संदेश राज्य के लोगों में गया है. अब हाईकोर्ट ने जो आदेश जारी किया है. उससे लोगों में एक आशा जगी है. इससे पहले सरकार ने जो आरक्षण रोस्टर तैयार किया था वह नियम कानून को ताक पर रखकर तैयारी की थी. इसमें मंत्री और विधायक सपने चहेते को लाभ पहुंचाने के लिए सीटों को मनमानी तरीके से आरक्षित करवा दिए थे. आखिरकार मामला न्यायालय के शरण में चला गया. अब निकाय चुनाव शीघ्र हो और आरक्षण रोस्टर को सही तरीके से तैयार कर हो.

## लातेहार

### चुनाव को लेकर उत्साहित हैं


लोग हाईकोर्ट के आदेश के बाद यहां नगर निकाय चुनाव के लिए सरगर्मी तेज हो गई है. लातेहार में कुल 15 वार्ड हैं. ऐसे में अगल एक वार्ड से तीन प्रत्याशी चुनाव लड़े तो 45 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे. वैसे चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है.

### इस बार भी चुनाव लड़ेंगे : संतोष रंजन



तीन बार नगर पंचायत चुनाव में विजयी अधिवक्ता संतोष रंजन ने कहा कि इस बार भी वे चुनाव लड़ेगें और चुनाव जीत कर आम आदमी की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा कि मेरा पिछला तीन कार्यकाल संतोषजनक रहा है. उन्होंने अपने वार्ड के हर आदमी के सुख व दुख में सहभागी बने हैं. अपने वार्ड में कई उल्लेखनीय कार्य भी किए हैं. हालांकि अभी यह देखना होगा कि उनके वार्ड में आरक्षण की क्या स्थिति है. मालूम हो कि तीन बार में दो बार संतोष रंजन ने निर्विरोध जीत हासिल की है.

### मौका मिला तो फिर लड़ूंगी चुनाव: बेबी देवी



निर्वतमान वार्ड पार्षद बेबी देवी ने कहा कि अगर मौका मिला तो वे फिर से चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने वार्ड में बखूबी काम किया है और आम जनता का विश्वास जीता है. अगर सब कुछ ठीक रहा तो वे इस बार भी चुनाव मे भाग लुंगी और जीत कर अधूरे कार्यों को पूरा करुंगी. बेबी देवी अब तक के अपने काम से संतुष्ट हैं और उन्हें भरोसा है कि फिर उन्हें लोगों का समर्थन मिलेगा.

### हर किसी का काम किया है : संयुक्ता कुंवर



तीन बार नगर पंचायत का चुनाव जीत चुकी संयुक्ता कुंवर ने कहा कि उन्होंने अपने तीन कार्यकालों में हर किसी का काम किया है. उन्होंने किसी को निराश नहीं किया है. जब भी जहां जरूरत हुई है वह वहां खड़ी मिली है. इस बार भी चुनाव में उतरूंगी और लोगों के भरोसे पर खरा उतरूंगी. चुनाव को लेकर संयुक्त कुंवर काफी उत्सुक है.

### मैं फिर से चुनाव लड़ूंगी : सुकन्या देवी



पिछली नगर पंचायत चुनाव में दूसरे स्थान पर रहने वाली सुकन्या देवी भी चुनाव को लेकर काफी गंभीर है. उन्होंने कहा कि वे इस बार भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमायेगी. उन्होंने कहा कि पिछली बार जो गलतियां की थी उसे दूर करने का प्रयास करूंगी. अगर उन्हें इस बार मौका मिला तो वह किसी को शिकायत का मौका नहीं देंगी. उन्हें लोगों के समर्थन की उम्मीद है.

## बोकारो

# 35 वार्ड पार्षद व एक मेयर और एक उपमेयर के लिए होगा चुनाव

**बोकारो जिले के प्रमुख व्यवसायिक मंडी के रूप में चर्चित चास नगर पालिका की स्थापना 21 जनवरी 1977 को हुई थी. यह 9 फरवरी 2015 को नगर निगम में बदल गई. इसमें कुल 35 वार्ड चास नगर पालिका के अंतर्गत आते हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 2937 हेक्टेयर है. 2011 की जनगणना के अनुसार चास नगर निगम क्षेत्र में वोटरों की कुल जनसंख्या लगभग 3 लाख के लगभग पहुंच चुकी है. चास, देश के एक प्रतिष्ठित औद्योगिक शहर के साथ साथ एक बड़े इलाके की वाणिज्यिक, व्यावसायिक और शैक्षिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी चर्चित शहर है. चास नगर पालिका झारखंड के बोकारो जिले में बोकारो स्टील सिटी के निकट स्थित है.**

सरकार की अधिसूचना के अनुसार 2005 में झारखंड सरकार द्वारा, बोकारो स्टील सिटी, चास, बांधगोड़ा और कमलडीह गांव मिलकर चास-बोकारो नगर निगम (चास नगर निगम) का निर्माण हुआ. चास नगर निगम के निवर्तमान मेयर भोलू पासवान एवं निवर्तमान उप मेयर अविनाश कुमार हैं. इसके अलावा 35 वार्ड पार्षद के माध्यम से पूरे नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं. 2020 में नगर निगम के दोबारा चुनाव होने के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जो कुछ दिनों बाद हाई कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी थी. चास नगर निगम क्षेत्र में निवर्तमान मेयर भोलू पासवान, उप मेयर अविनाश कुमार, परिंदा सिंह, विनोद खोपड़ी की पत्नी समेत कई ऐसे मजबूत दावेदार हैं जो मेयर एवं उपमेयर का चुनाव लड़ सकते हैं. इसके अलावा 35 वार्ड पार्षद के लिए भी हर वार्ड से 5 से 10 उम्मीदवार पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं. इस बार उनकी संख्या में इजाफा होने का अनुमान है. इस नगर निगम में लगभग 60 स्लम बस्ती भी शामिल हैं. नगर निगम चुनाव के आदेश के बाद पुनः पूर्व के सभी प्रत्याशी से लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रियता अचानक बढ़ गई है.

**सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ी**






रांची

**कोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम में चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है. रांची नगर निगम में कुल 53 वार्ड हैं. पिछले चुनाव में हर वार्ड से औसतन 15 से 20 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था. इस बार भी स्थिति कुछ वैसी ही है. प्रत्याशियों में इस चुनाव को लेकर खासा उत्साह है. लोग चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो अधिसूचना जारी हो और चुनाव संपन्न किया जाए. चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी राय जाहिर की है.**

### 10 बेड का स्वास्थ्य केंद्र खोलेंगे,पर्यटक स्थल भी बनाएंगे : विनोद कुमार सिंह



वार्ड 34 के पार्षद विनोद सिंह का कहना है कि वार्ड में कुल वोटरों की संख्या 18000 हैं. पिछली परिसीमन के आधार पर वार्ड 34 में कुल मतदाताओं की संख्या 25000 होनी चाहिए थी. पिछली बार चुनाव में 17 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था. इस बार भी चुनाव में 20 से 22 प्रत्याशी ऐसे हैं जो चुनाव लड़ना चाहते हैं. अगर इस बार हम निर्वाचित होकर आते हैं तो अपने वार्ड में एक 10 बेड का स्वास्थ्य केंद्र लोगों की सेवा में खोलने का प्रयास करेंगे. इसके साथ मुडला पहाड़ को पर्यटन स्थल बनाने का प्रयास करेंगे.

### पूरे वार्ड में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करेंगे,लोगों से वोट की उम्मीद करते हैं : अरुण कुमार झा



वार्ड 26 के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि उनके वार्ड में पिछली बार मतदाताओं की संख्या 21 हजार थी. उन्होंने कहा कि वह पिछले दो बार से चुनाव जीतते आ रहे हैं और इस बार भी उम्मीद है कि जनता उन्हें जरूर चुनेगी. अपने काम के बारे में बताते हुए अरुण झा ने कहा कि उनके वार्ड में 80 प्रतिशत रोड को ब्लैक टॉप कर दिया गया है. अपने कार्य काल में उन्होंने अपने वार्ड में कुल 13 पार्क बनवाए हैं. अगर इस बार वह चुनाव जीतते हैं तो वह लोग के लिए पानी की व्यवस्था करेंगेऔर पूरे वार्ड में सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम को बनवाएंगे.

### चुनाव जीत गया तो मैं हर घर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाऊंगा : ओम प्रकाश



वार्ड 27 के पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ने बताया कि उनके वार्ड में पिछले वर्ष कुल 22000 मतदाता थे. उन्होंने अपने काम के बारे में बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान वार्ड के सभी गलियों को पक्का किया गया है तथा वार्ड के हर कोने में लाइट लगाई गई है. इसके साथ उन्होंने बताया कि पूरे रांची में सबसे ज्यादा बोरिंग उन्हीं के वार्ड में कराई गई है.उन्होंने कहा कि अगर वह इस बार चुनाव जीतते हैं, तो उनकी प्राथमिकता पूरे वार्ड के हर एक घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की होगी. ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की हो रही समस्या से निजात दिलाया जा सके.

### जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे : अर्जुन यादव



वार्ड 10 के पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने बताया कि उनके वार्ड में कुल मतदाताओं की संख्या 18000 है. पिछले बार उनके वार्ड 10 से कुल 32 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था. अगर वह इस बार चुनाव जीतते हैं तो जनकल्याणकारी योजनाओं को हर एक घर तक पहुंचाने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जनता का समर्थन उन्हें मिलेगा. वे अपने वार्ड में कई योजनाओं को उतारना चाहते हैं. इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है. अर्जुन यादव चाहते हैं कि उनके वार्ड में किसी भी सुविधा की कमी नहीं हो.



## जमशेदपुर


# मानगो नगर निगम में पहली बार चुनाव होंगे

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद आदेश के बाद से ही क्षेत्र में निकाय चुनाव की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है. नगर निगम बनने के बाद मानगो नगर निगम में पहली बार चुनाव होंगे. बात की जाए मानगो नगर निगम की तो यहां 36 वार्ड प्रस्तावित हैं. वहीं जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में भी चुनाव को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है. जुगसलाई नगर परिषद में कुल 22 वार्ड प्रस्तावित हैं. हाईकोर्ट के आदेश के बाद से ही तैयारियां जोरों पर है. मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी चुनाव का इंतजार था. मानगो नगर निगम क्षेत्र की आबादी 2.5 लाख से भी ज्यादा है जबकि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र में 1.5 लाख से ज्यादा की आबादी रहती है. चुनाव होने से इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सीधा लाभ मिल सकेगा. इसके अलावा जमशेदपुर अक्षेस को औद्योगिक शहर घोषित करने के कारण इस क्षेत्र में नगर निगम का चुनाव नहीं होगा.



**मानगो नगर निगम के आंकड़े**

- वार्ड की संख्या - 36
- चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की संख्या - 150 (संभवत:)
- वोटरों की संख्या - 1 लाख ( संभवत:)



**जुगसलाई नगर परिषद**

- वार्ड की संख्या - 22
- चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की संख्या - 90 ( संभवत:)
- वोटरों की संख्या - 70 हजार (संभवत:)

## धनबाद

# नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में उत्सुकता बढ़ी



चंद्रशेखर अग्रवाल    शमशेर आलम

नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में उत्सुकता बढ़ गई है, चुनाव के तिथि की घोषणा होते ही राजनीतिक तामपान बढ़ जाएगा. धनबाद नगर निगम में मेयर पद के अलावा डिप्टी मेयर एवं 55 वार्ड के पार्षदों के लिए वोट डाले जाएंगे. नगर निगम में करीब कुल 9 लाख वोटर मेयर पद के प्रत्याशी के किस्मत का फैसला करेंगे. पिछले चुनाव में धनबाद नगर निगम के 923 बूथ पर कुल 4,06,083 वोट डाले गए थे. जिसमें से चंद्रशेखर अग्रवाल को 93136 वोट मिले थे. वहीं दूसरे स्थान पर रहे शमशेर आलम अंसारी को 50611 वोट मिले थे. मेयर पद के लिए कुल 23 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे,जिसमें से चंद्रशेखर अग्रवाल को जीत मिली थी. इसके साथ ही सदानंद महतो उर्फ मंटू महतो को 35593, दिनेश महतो को 25939 एवं राजकुमार अग्रवाल को 29081 वोट मिले थे. इस बार के चुनाव में भी चंद्रशेखर अग्रवाल एवं शमशेर आलम दोनों चुमाव लड़ने की तैयारी में लगे हैं. बता दें कि चंद्रशेखर अग्रवाल भाजपा में है और पार्टी समर्थित उम्मीदवार बनने की जुगत में लगे हुए हैं. दूसरी तरफ शमशेर आलम कांग्रेस में है और पूरी पार्टी के समर्थन से किस्मत आजमाना चाहते हैं. पुराने नामों के साथ ही कुछ नए नाम भी प्रत्याशी की सूची में शामिल होंगे. मेयर पद के साथ ही डिप्टी मेयर पद के लिए कई प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने को बेचैन हैं. नगर निगम चुनाव को लेकर निवर्तमान पार्षदों के अलावा अन्य पार्षद प्रत्याशी भी काफी उत्सुक हैं.

## गिरिडीह

### 1.25 लाख मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम चुनाव में संभावित प्रत्याशियों की सरगर्मी एक बार फिर बढ़ गई है. चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने इसकी तैयारी शुरु कर दी है. आदेश के अभी २ दिन भी नहीं हुए हैं, पर संभावित प्रत्याशी अपनी चुनावी रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं. गिरिडीह नगर निगम में कुल ३६ वार्ड हैं. इनमें महापौर, उप महापौर तथा ३६ वार्ड काउंसलर के चुनाव होंगे. इस बार क्षेत्र के कुल 1.२5 लाख मतदाता महापौर, उप महापौर तथा ३६ वार्ड काउंसलर के भाग्य का फैसला करेंगे.

### चुनाव में भाग्य आजमाऊंगा : प्रकाश राम



पिछले नगर निगम चुनाव में उप महापौर के प्रत्याशी जो मेयर की बर्खास्तगी के बाद प्रभारी मेयर के पद पर भी रहे प्रकाश राम ने कहा कि दल की ओर से उम्मीदवार बनाया गया तो चुनाव में भाग्य आजमाया जाएगा. उन्होंने कहा कि दल के आधार पर चुनाव न भी हुए तो भाजपा के सर्वसम्मत उम्मीदवार बनाए जाने के बाद ही चुनावी समर में उतर जाएगा. अभी मुझे क्षेत्र में बहुत से काम करने हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार जनता का समर्थन उन्हें मिलेगा.

### स्थिति ठीक रही तो फिर चुनाव लड़ुंगा : नवीन सिन्हा



विगत चुनाव में उप महापौर के प्रत्याशी रहे नवीन सिन्हा ने कहा कि चुनाव में सीट आरक्षण की स्थिति क्या रहेगी, तभी कुछ कहा जा सकता है. उन्होंने कहा की स्थिति अनुकूल रही तो फिर से भाग्य आजमाया जाएगा. उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जन समर्थन मिलगा और मैं जनता की उम्मीद पर खरा उतर पाऊंगा.

## झुमरी तिलैया (कोडरमा)

### वोटरों को रिझाने में जुट गए हैं प्रत्याशी

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की चुनावी गतिविधियां तेज हो गई है. सभी प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में वोटर को रिझाने में जुट गए हैं. मालूम हो कि कोडरमा जिले के शहरी नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत झुमरी तिलैया आता है और यहां कुल २8 वार्ड हैं. इस नगर निकाय में लगभग 70 हजार वोटर हैं. यहां पर दो पदों के लिए नगर परिषद अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का चुनाव किया जाता है.

### उम्मीद है कि लोगों का समर्थन मिलेगा : प्रकाश राम



इस बार पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश राम भी चुनावी मैदान में रहेंगे. उन्हें उम्मीद है कि लोगों का समर्थन उन्हें मिलेगा. कई काम अधूरे रह गए हैं जिन्हें प्रकाश राम पूरा करना चाहते हैं. उनका मानना है कि हर बार नगर निकाए के चुनाव सही समय पर होना चाहिए. उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है और कहा है जल्द इसके लिए अधिसूचना जारी हो और चुनाव कराए जाएं.

### पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगे : सईद नसीम



नगर परिषद के पूर्व प्रत्याशी रहे सईद नसीम ने कहा कि इस बार वे पूरी ताकत के साथ नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे और जनता के बीच जायेंगे और अपने पक्ष में वोट मांगेंगे. सईद नसीम को चुनाव जीतने की पूरी उम्मीद है. दूसरी ओर अध्यक्ष पद के कई नए चेहरे आने की संभावना जताई जा रही है. चौक-चौराहे पर निकाय चुनाव की खूब चर्चा हो रही है.

## चक्रधरपुर

### नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद की तैयारी करने वाले प्रत्याशियों में जगी उम्मीद

हाई कोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ होने पर चक्रधरपुर में नगर परिषद् चुनाव की तैयारी कर रहे लोगों में भी अब उम्मीद जगी है .वर्ष 2015 के बाद चक्रधरपुर नगर परिषद् अब तक चुनाव नहीं होने से चुनाव को लेकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद चुनाव की तैयारी करने वाले लोग मायुस थे .वर्ष 2015 में संपन्न हुये नगर परिषद् चुनाव में कुल 18 प्रत्याशी मैदान में थे. अध्यक्ष पद अनारक्षित था. इसमें कृष्णदेव साह 3643 मत लाकर अध्यक्ष पद पर विजेता बने थे. जबकि दूसरे नम्बर पर रहे भाजपा नेता संजय कुमार मिश्रा ने 2922 मत प्राप्त किया था. वहीं तीसरे नम्बर कमलदेव गिरि ने 2735 मत प्राप्त किया था .वर्ष 2022 के नवंबर माह में कमलदेव गिरि की हत्या कर दी गई थी. कमलदेव गिरि भी नगर परिषद् चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रबल दावेदार माने जा रहे थे .कमलदेव गिरि की हत्या के बाद उनकी बहन या बड़े भाई चुनाव लड़ सकते हैं. इधर हाई कोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ होने पर चक्रधरपुर के पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष कृष्णदेव साह ने कहा कि इस बार भी वे नगर परिषद् का चुनाव अवश्य रुप से लड़ेंगे, इसमें किसी प्रकार की किंतू परंतु नहीं हैं. नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष व वार्ड पार्षद पद पर चुनाव होतें हैं. इसमें वार्ड पार्षद से उपाध्यक्ष पद चुने जाते हैं. चक्रधरपुर में नगर परिषद् क्षेत्र में कुल 24 वार्ड हैं.



- वर्ष 2015 में हुआ था नगर परिषद् का चुनाव ,कृष्ण देव साह बने थे अध्यक्ष

# सरगर्मी बढ़ी, कई दावेदारों ने किस्मत आजमाने का मन बनाया




उच्च न्यायालय के आदेश के बाद झारखंड में लंबित चले आ रहे निकाय चुनावों के जल्द कराए जाने की संभावना बढ़ गई है. कोर्ट के आदेश के मद्देनजर निकाय चुनाव को लेकर स्थानीय स्तर पर भी सरगर्मी बढ़ गई है. पिछले चुनाव में हार का सामना करने वाले प्रत्याशी एवं निवर्तमान प्रत्याशी के अलावा अन्य दावेदारों की लंबी फोज चुनाव में अपना किस्मत आजमाने का मन बनाए हुए हैं. कुछ तो ऐसे भी उम्मीदवार हैं जो कार्यकाल समाप्त हो जाने के साथ ही मैदान में मेहनत कर रहे हैं. गोड्डा शहरी क्षेत्र के लिए 2018 में हुए चुनाव से पहले कम आबादी की वजह से नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त था. वर्ष 2008 एवं 2013 का चुनाव नगर पंचायत के तहत हुआ था. उस वक्त शहरी क्षेत्र में वार्डो की संख्या पंद्रह हुआ करती थी. बाद में शहरी क्षेत्र की आबादी बढ़ने के बाद नगर पंचायत की जगह नगर परिषद का दर्जा दिया गया और 2018 में हुए चुनाव में गोड्डा नगर पंचायत की जगह नगर परिषद का दर्जा देकर चुनाव लडा गया था. नगर परिषद के अधीन वार्डो की संख्या को बढ़ाकर इक्कीस कर दिया गया था. शहरी क्षेत्रों की आबादी भी सत्तर हजार पार कर गई.

# चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज हुईं

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद फुसरो नगर परिषद के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की गति विधियां शुरू हो गई है. फुसरो नगर परिषद में कुल 28 वार्ड हैं. कुल आबादी लगभग 90 हजार के आस पास है. कुल मतदाता 66000 हैं. मतदान केंद्र 64 हैं. 2018 में चुनाव में अध्यक्ष पद में राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा नेत्री अर्चना सिंह को तथा उपाध्यक्ष पद में छेदी नोनिया ने भाजपा नेता शिवलाल रविदास को हराया था. नप चुनाव लडने वाले में रश्मि सिंह, कृष्ण कुमार, आर उनेश, टुनटुन तिवारी, दिनेश सिंह, महारुद्र नारायण सिंह, सहित कई पूर्व वार्ड पार्षद ,अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद से चुनाव हारे उम्मीदवार भी इस बार अपनी किस्मत आजमाने के लिए अपनी कमर कस के रखे हैं. कई समाजसेवी अपने अपने वार्ड में चुनाव लडने की तैयारी में लग गए हैं. साथ ही इसमें कई पूर्व वार्ड पार्षद चुनाव जीत कर उपाध्यक्ष बनने की तैयारी में जुट गए हैं. मालूम हो कि इस बार के नप अध्यक्ष के पद पर चुनाव को लड़ने को लेकर भाजपा ,कांग्रेस एवं अन्य दलों से जुड़े चर्चित चेहरों ने अपनी अपनी दावेदारी पेश लिए रांची का दौड़ लगाने का मन बना रहे हैं.



# प्रहसन बन रहा लोकतंत्र

लोकतंत्र को किस तरह प्रहसन या विद्रूप बनाया जा सकता है, इसका नजारा पड़ोस के दो देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान में देखा जा सकता है. बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हो कर पचास साल पहले एक स्वतंत्र देश बना था. तब वहां लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्षता की नीति तय की गयी थी, लेकिन 1975 में बंगबंधु शेख मुजीब की सैन्य बलों ने हत्या कर दी थी. शेख मुजीब की हत्या किन ताकतों ने करवायी, इसका खुलासा तो नहीं हो सका, लेकिन माना जाता है कि पश्चिमी देश की एक कुख्यात एजेंसी का इसमें हाथ था. इसके बाद से ही लोकतंत्र बनाम सेना प्रभाव के अंतरविरोधों में यह देश घिरा रहा है. वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने इस देश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाया है. बावजूद इसके बांग्लादेश में जब सात जनवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा, तब यह नहीं कहा जा सकता कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष ही होंगे, क्योंकि विपक्ष इन चुनावों का बहिष्कार कर रहा है. मगर यह ऐसा चुनाव है, जिसका नतीजा लगभग पहले से तय है. कारण यह है कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टियां चुनाव का बहिष्कार कर रही हैं. उन पार्टियों के कई नेता जेल में हैं. शेख हसीना की अवामी लीग 2009 में सत्ता में आई थी. 2014 के चुनाव में वह फिर जीती, लेकिन तब विपक्ष ने उस पर बड़े पैमाने पर धांधली करने का आरोप लगाया. 2019 में विपक्षी दलों-खासकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएऩपी) ने मांग की कि पहले की तरह तटस्थ चुनाव कराने की परिपाटी फिर से अपनाई जाए. प्रधानमंत्री शेख हसीना इसके लिए राजी नहीं हुईं, तो बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया. वही कहानी 2024 में दोहराई जा रही है, लेकिन क्या इसे लोकतंत्र कहा जाएगा? चुनावों की वैधता इससे तय होती है कि उसमें विकल्प के रूप में जनता के सामने विभिन्न दल मौजूद हों और सभी दलों को चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने का भरोसा हो. यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र के दूतों के एक समूह ने भी बीते नवंबर में कहा था कि बांग्लादेश में न्यायिक सिस्टम का हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है. इसके तहत आलोचक पत्रकारों, मानवाधिकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि को निशाना बनाया गया है. शेख हसीना और उनकी पार्टी ऐसे इल्जामों को सिरे से खारिज करती हैं. पार्टी के इस दावे में दम है कि अपने 15 साल के शासनकाल में उसने बांग्लादेश की आर्थिक सूरत बदल दी है. साथ ही उसने समाज में कट्टरपंथी गुटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है. दूसरी ओर पाकिस्तान में जब 8 फरवरी के चुनाव होगा, लेकिन उसके पहले ही वहां की मकबुलतरीन पार्टी तहरीके ए इंसाफ और उसके नेता इमरान खान को सेना ने चुनावों की प्रतिस्पर्धा से ही बाहर करने का अभियान चला रखा है. सेना वहां अपनी कठपुतली शासन चाहती है और इमरान इसके विरोध में खड़े हैं. पड़ोसी देशों का यह प्रहसन भविष्य के कई संकेत देता है.

> 2019 में विपक्षी दलों-खासकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएऩपी) ने मांग की कि पहले की तरह तटस्थ चुनाव कराने की परिपाटी फिर से अपनाई जाए. प्रधानमंत्री शेख हसीना इसके लिए राजी नहीं हुईं, तो बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया.

## सुभाषित

**अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।**
**अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः।।**

किसी जगह पर बिना बुलाये चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना, मूर्ख लोगों के लक्षण होते हैं. आशय यह है कि बिना बुलाये किसी जगह पर नहीं जाना चाहिए, बिना पूछे बहुत अधिक बोलना नहीं चाहिए.

# यह झारखंड की पराजय है

**12 साल पुराने मनरेगा घोटाले के संदर्भ में हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी ने मई 2022 में दबिशें दी थी. उसके बाद पत्थर खनन-व्यापार घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला आदि की परतें खोलने में ईडी/सीबीआई लगे रहे. इसी क्रम में पूजा के अलावा रांची के डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन गिरफ्तारी के बाद जेल में हैं. क्या राम निवास ऐसे तीसरे आईएएस अधिकारी होंगे? क्या कुछ और अधिकारियों पर गाज गिरेगी? इन सवालों का जवाब भविष्य पर ही छोड़ना उचित रहेगा.**




• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

सत्ता के गलियारों में बरसों-वर्ष से सक्रिय प्रेम प्रकाश के एक ठिकाने से जब ईडी ने 24 अगस्त 2022 को दो सरकारी एके 47 एसॉल्ट राइफलें, दो मैगजीन और 60 जिंदा बुलेट बरामद किया था, तब भी उतनी हैरानी नहीं हुई थी, जितनी हैरानी 03 जनवरी 2024 को साहिबगंज के डिप्टी कमिश्नर राम निवास यादव के आवासीय कार्यालय से उसी ईडी द्वारा सवा सात लाख कैश के अलावा प्रतिबंधित 9 एमएम की 19 गोलियां बरामद करने पर हुई. राजस्थान निवासी राम निवास 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. उनके सामने तरक्की का खुला आसमान था लेकिन अब शायद ग्रहण लग गया है. ऐसी छापेमारियां 6 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सीए सुमन कुमार के ठिकानों से ईडी द्वारा करीब 19 करोड़ कैश की बरामदगी के बाद अबतक जारी हैं. 12 साल पुराने मनरेगा घोटाले के संदर्भ में हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी ने मई 2022 में दबिशें दी थी. उसके बाद पत्थर खनन-व्यापार घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला आदि की परतें खोलने में ईडी/सीबीआई लगे रहे. इसी क्रम में पूजा के अलावा रांची के डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन गिरफ्तारी के बाद जेल में हैं. क्या राम निवास ऐसे तीसरे आईएएस अधिकारी होंगे? क्या कुछ और अधिकारियों पर गाज गिरेगी? इन सवालों का जवाब भविष्य पर ही छोड़ना उचित रहेगा.

राम निवास यादव के अलावा ईडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, साहिबगंज के तत्कालीन डीएसपी राजेंद्र दुबे, एएसआई अवधेश कुमार, जमीन कारोबारी रोशन, आर्किटेक्ट बिनोद कुमार, पत्थर कारोबारी खुडानिया ब्रदर्स, कटोरिया-बिहार के पूर्व विधायक राजकिशोर यादव उर्फ पप्पू यादव और कारोबारी अभय सरावगी के ठिकानों पर भी 03 जनवरी को ही दबिश दी थी. इस दबिश में कुल 36.99 लाख रुपये नगद के अलावा कुछ संवेदनशील दस्तावेज मिलने की बात कही गई.

ईडी जब ये दबिशें दे रहा था, प्रायः उसी समय राजधानी रांची में राजनीतिक हलचल बढ़ी हुई थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के 29 दिसंबर के सातवें समन की भी वैधता पर सवाल उठाते हुए 02 जनवरी को दूत के माध्यम से लिखित जवाब भिजवाया था कि यदि वह फेयर इन्वेस्टिगेशन करे तो वे हर जानकारी देने और पूछताछ के लिए तैयार हैं. उन्होंने मीडिया ट्रायल की बातें कहते हुए लिखा था कि उनको समन बाद में मिलता है, मीडिया को पहले ही जानकारी हासिल हो जाती है. ईडी ने अपने समन में पिछले साल बड़गाई अंचल के तत्कालीन उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के ठिकाने से मिले जमीन संबंधी दस्तावेजों का उल्लेख करते हुए लिखा था कि यह सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ का मामला है. आपकी संपति का भी विवरण प्राप्त करना है. इसलिए आपसे पूछताछ जरूरी है.

मुख्यमंत्री द्वारा ईडी को भेजे गये पत्र के एक दिन पहले सूचना मिली कि गांडेय के झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर को इस्तीफा कर दिया था. सरफराज के इस्तीफे के बाद राज्य का राजनीतिक तापमान हेमंत ऋतु की गहराती ठंड में अचानक गर्म हो गया था. भाजपा की ओर से न केवल जुबानी हमले तेज और तीखे हो गये, अपितु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 03 जनवरी को गवर्नर को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि यदि किसी गैर विधायक को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की जाती है तो वे इसे मान्यता न दें. उन्होंने कतिपय अदालती फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि चूंकि राज्य विधानसभा के चुनाव में एक साल से कम समय है, इसलिए किसी गैर विधायक को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता. उन्होंने आशंका जाहिर की कि ईडी की कार्रवाइयों के मद्देनजर मुख्यमंत्री इस्तीफा कर सकते हैं और अपने पद पर किसी गैर विधायक को आसीन करा सकते हैं. उपचुनाव की संभावनाएं तलाशते हुए सरफराज का इस्तीफा कराया गया है ताकि उपचुनाव में उक्त गैर विधायक को जीत दिलाकर उसका पद कन्फर्म कराया जा सके. उसी दिन 01, कांके रोड में मुख्यमंत्री ने सत्तापक्षीय विधायकों की बैठक कर घोषणा की, इस्तीफा नहीं देंगे और भाजपा और ईडी के हर षडयंत्र का माकूल जवाब देंगे. इसके एक दिन पहले तक कहा जा रहा था कि वे अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाकर गांडेय से उपचुनाव लड़वाएंगे लेकिन इसे भी उन्होंने कोरी कल्पना करार दिया था.

यह सच है कि सरफराज के इस्तीफे की खबर के साथ मीडिया ट्रायल और राजनीतिक बयानबाजियां ठीक वैसे ही सातवें आसमान पर पहुंचा दी गई थीं, जैसे हेमंत सोरेन के नाम पत्थर खदान लीज आवंटन के मसले पर चुनाव आयोग का पत्र 25 अगस्त 2022 को राजभवन पहुंचने के बाद हुआ था. उस पत्र का खुलासा आजतक न हो सका है, जबकि तत्कालीन गवर्नर बदल दिये गये हैं. इसका एक अर्थ यह भी निकलता है कि उस पत्र में हेमंत की विधायकी पर कोई विपरीत टिप्पणी नहीं है. अलबत्ता यह भी सच है कि गैर भाजपा शासित राज्यों की सूची में शामिल झारखंड पर केंद्रीय जांच एजेंसियां कुछ अधिक ही 'मेहरबान' हैं और भाजपा के कतिपय नेता ईडी की अगली कार्रवाइयों की अग्रिम घोषणा भी करते रहते हैं.

इन तमाम गतिविधियों से जितना राज्य शासन बदनाम हो रहा है, उससे कहीं अधिक झारखंड बदनाम हो रहा है. पहले से ही इस राज्य की बदनामियां कौन सी कम हैं? यह राज्य अपने स्थापना काल से ही बदनामियों का पिटारा लिए बुत बना है. इस बीच इसकी 11 सरकारें उस पिटारे में कुछ न कुछ वैसे ही जोड़ती रही हैं, जैसे वे कुछ न कुछ विकास भी करती रही हैं. यह उस झारखंड की पराजय है, जिसने छह दशक से अधिक काल तक संघर्ष कर राज्य का मुकाम पाया था.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धर्म का उद्देश्य

धर्म का उद्देश्य, केवल मानव को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि को अक्षय सुख लब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करना है. मानव के लिए जीवन के अनुकूल सुख भी एक पडाव मात्र है, लक्ष्य तो निश्चित ही शाश्वत सुख है. सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता. इसलिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अस्तित्व में आया है. शान्ति से जीनें और अन्य को भी जीनें देने के उद्देश्य से ही सभ्यता और संस्कृति का विकास हासिल किया गया है. क्योंकि सभ्यता और संस्कार से हम भी आनंद पूर्वक जीते हैं और अन्य सभी प्राणियों के लिए भी सहज आनंद के अवसर उपलब्ध करवाते हैं. यही है धर्म के उद्देश्य की सबसे सरल परिभाषा. इस उद्देश्य को प्रमाण वाक्य मानते हुए ही धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं पर दृष्टिपात करना चाहिए. यदि किसी धर्मोपदेश की व्याख्या सभ्यता और संस्कार के विपरीत जाती है तो वह सर्वांग मिथ्या व्याख्या है. जो व्याख्या सभ्यता से पतनोन्मुख करने का कारण बनकर, पुनः आदिम जंगली संस्कार की ओर प्रेरित करे तो धर्मोपदेश की वह व्याख्या निश्चित ही कुमार्ग लक्षी है. हमने युगों के निरंतर, कठिन पुरुषार्थ और दुष्कर संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही इस उच्च सभ्यता का संधान किया है. उसका मात्र भ्रांत धार्मिक व्याख्याओं से अधोपतन कैसे स्वीकार किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, हमने जंगली, क्रूर, विकृत खान-पान व्यवहार को आज शुद्ध, अहिंसक, सभ्य आहार से सुसंस्कृत कर लिया है. यहां सभ्यता मात्र स्वच्छ और पोषक आहार से ही अपेक्षित नहीं, बल्कि अन्य जीवसृष्टि के जीवन अधिकार से सापेक्ष है. उसी तरह संस्कृति समस्त दृष्टिकोण से सापेक्ष होती है. सभ्यता में सर्वांग प्रकृति का संरक्षण निहित होता है. अब पुनः विकृत खान-पान की ओर लौटना धर्म सम्मत कभी नहीं हो सकता. सभ्यता के विकास का अर्थ आधुनिक साधन विकास नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विकास है. ऐसे विकसित आधुनिक युग में यदि कोई अपनी आवश्यकताओं को मर्यादित कर, सादा रहन-सहन की शैली अपनाता है और पुरातन दृष्टिगोचर होता है तब यह आदिम परंपरा की ओर लौटना नहीं, बल्कि सभ्यता के सर्वोत्तम संस्कार के शिखर को छूना है. धार्मिक व्याख्याओं की वस्तुस्थिति पर इसी तरह विवेकशील चिंतन होना नितांत आवश्यक है.

# पश्चिमी एशिया में गहराता युद्ध-संकट

• देशांतर

पुष्प रंजन

एक ड्रोन हमले में हमास के उप-नेता सालेह अल-अरौरी को मार गिराया गया. इजराइली फोर्स ने बेरूत के एक अपार्टमेंट को निशाने पर लिया था, जहां सालेह अल-अरौरी की मौत हो गई. हमास ने इसकी पुष्टि की है और यह बताया है कि इस हमले में छह और लोग मारे गये हैं. सालेह अल-अरौरी ने अगस्त में कहा था, 'मैं शहादत का इंतज़ार कर रहा हूं.' अल क़सम ब्रिगेड के संस्थापक रहे सालेह अल-अरौरी ने इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों से हथियार उठाने की अपील की थी. हमास ने हत्या की पुष्टि से अधिक कुछ कहा नहीं, किंतु उसके सहयोगी समूह 'इस्लामिक जिहाद' ने मंगलवार को एक बयान में अरौरी की हत्या का बदला लेने की कसम खाई और कहा कि वह सज़ा दिए बिना नहीं मानने वाला. इस बयान से स्पष्ट है कि 2024 में इजराइल और हमास के बीच शांति नहीं होने वाली. सालेह अल-अरौरी हमास में इस्माइल अल हानिया के बाद दूसरे नंबर के नेता माने जाते थे. आख़िरी बार ईरानी मीडिया ने तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के साथ अगस्त, 2023 में देखा था. हानिया और अरौरी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के साथ किस पैलेस में मिले थे, इसकी जांच में पश्चिमी मीडिया के बहुत सारे पत्रकार लगाये गये थे. मशहूर फिल्म निर्माता और ईरानी विपक्ष के प्रवक्ता मोहसिन मखमलबाफ के अनुसार, 'ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई छह महलों में रहते हैं और उनके पास आठ निजी हवाई जहाज, पांच हेलीकॉप्टर और 1,000 से अधिक कारें हैं. मखमलबाफ ने ख़ामेनेई की निजी संपत्ति 30 अरब डॉलर और उनके परिवार की अतिरिक्त संपत्ति 6 अरब डॉलर बताई है. इजराइली अधिकारियों के अनुसार, 2014 में वेस्ट बैंक में तीन इजराइली किशोरों के अपहरण और हत्या में अरौरी की प्लानिंग थी. यह एक ऐसा कृत्य था, जिसके कारण गाजा पर सात सप्ताह तक इजराइली हमले होते रहे, जिसमें 2,100 फलस्तीनी मारे गये थे. यों, अरौरी को दिसंबर, 2023 में हुई शांति वार्ता में आगे रखा गया था. लेकिन अरौरी बंधकों की रिहाई पर अड़ंगे डालते रहे. उन्होंने दिसंबर में कहा था कि पूर्ण युद्धविराम होने तक बाक़ी बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा. बताते हैं कि इसके बाद ही इजराइल के टारगेट में अरौरी आ गये. अब निशाने पर दूसरे हमास नेता याह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और मारवान ईसा हैं. ये लोग तुर्की के अलावा मिडिल ईस्ट के अलग-अलग ठिकानों में भूमिगत हैं. इजराइल ने संकल्प किया है कि हमास की टॉप लीडरशिप इस्माइल हानिया ही हमारा टारगेट है. तीन दशकों से अधिक समय तक इजराइली खुफिया विभाग के साथ काम करने वाले उदी लेवी ने अल-अरौरी को 'हमास के अंदर ईरान का आदमी' बताया था. अमेरिका ने सालेह अल-अरौरी को 2015 में आतंकवादी घोषित किया था. अल-अरौरी को इजराइल पर 7 अक्तूबर, 2023 के हमले का वास्तुकार माना जाता है. इसके अलावा वेस्ट बैंक में हमास की गतिविधियों का विस्तार करने में सालेह अल-अरौरी को बड़ी भूमिका के लिए भी जाना जाता था. वर्ष 1966 में रामल्ला के पास जन्मे अरौरी हमास की बुनियाद रखने वाले चंद लोगों में जाने जाते रहे. 1987 में जब हमास का गठन हुआ, तब फलस्तीनियों ने इजराइली कब्जे के खिलाफ अपना पहला इंतिफादा विद्रोह शुरू किया था. उन दिनों अरौरी फलस्तीनी इंतिफादा के प्रमुख चेहरों में से एक थे. अरौरी को 1992 में जेल में डाल दिया गया था. 2007 में उन्हें इजराइल की जेल से रिहा किया गया. जेल से छूटने के तुरंत बाद उन्हें इजराइल द्वारा निर्वासित कर दिया गया और वे सीरिया चले गए, जहां वे खालिद मेशाल के नेतृत्व वाले हमास के राजनीतिक ब्यूरो में शामिल हो गए. बाद में अल-अरौरी इस्तांबुल चले गए. वहां उन्होंने अपना खुद का ब्यूरो स्थापित किया. वर्ष 2015 तक अरौरी तुर्की में थे, बाद में वह लेबनान चले आये. तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एर्दोआन से अरौरी की नजदीकियां बढ़ीं, चुनांचे अरौरी की हत्या को लेकर तुर्की भी ग़ुस्से में है. इजराइली सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने अरौरी की हत्या पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन बाद में कहा कि सेना इस ऑपरेशन की तैयारी में थी, अब हम इसके अंजाम का सामना करेंगे. वाशिंगटन ने इजराइल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच को बुलाया है, जिन्होंने फलस्तीनी निवासियों को गाज़ा छोड़ने को कहा था.

> सालेह अल-अरौरी हमास में इस्माइल अल हानिया के बाद दूसरे नंबर के नेता माने जाते थे. आख़िरी बार ईरानी मीडिया ने तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के साथ अगस्त, 2023 में देखा था. हानिया और अरौरी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के साथ किस पैलेस में मिले थे, इसकी जांच में पश्चिमी मीडिया के बहुत सारे पत्रकार लगाये गये थे.

# भारतीय संविधान में जनता ही संप्रभु है : दो

• सामयिकी

कुमार प्रशांत

उसे बस संवैधानिक भाषा में घोषणा करनी है. क्या कोई अंपायर इसलिए नो-बॉल कहने से हिचकेगा या डरेगा कि बॉलर बहुत 'फास्ट'है या कि अंगुली उठाने से हिचकेगा कि बल्लेबाज कोई सचिन या डिवेलियर है? उसकी संवैधानिक ऊंगली उठेगी ही, फिर बल्लेबाज विकेट छोड़ता है या नहीं, यह देखना व्यवस्था के दूसरे घटकों का काम है. 'ओवरपावरिंग मैजोरिटी' अथवा 'इनक्रीजनिंग पोलराइज्ड पोलिटिकल इन्वायरमेंट' जैसे शब्दों से जस्टिस कौल क्या कहना चाहते हैं? क्या वे यह कह रहे हैं कि ऐसे माहौल में सुप्रीम कोर्ट काम नहीं कर सकता है? अगर ऐसा है तो फिर वह है ही क्यों? सुप्रीम कोर्ट संतुलन साधने की राजनीति करने वाला संस्थान नहीं है. उसका काम तटस्थता से संविधान लागू करना है. हमारे संविधान में एक ही संप्रभु है- भारत की जनता! बाकी जितनी भी संवैधानिक संरचनाएं हैं, उनकी उम्र संविधान में तय कर दी गई है और उनमें से कोई भी संप्रभु नहीं है- न न्यायपालिका, न विधायिका, न कार्यपालिका और न प्रेस! संविधान ने इन सबको एक हद तक स्वायत्तता दी है, पर इन सबका परस्परावलंबन भी सुनिश्चित कर दिया है. सबकी चोटी एक-दूसरे से बंधी है. इतना ही नहीं, संवैधानिक व्यवस्था ऐसी बनी है कि एक अपने दायित्व के पालन में कमजोर पड़ता है तो दूसरा आगे बढ़ कर उसे संभालता भी है और पटरी पर लौटा भी लाता है. न्यायाधीशों की नियुक्ति में इंदिरा-कांग्रेस की मनमानी, प्रेस पर अंकुश लगाने की लगातार की कोशिशें, आपातकाल की घोषणा आदि संसद की विफलता के कुछ उदाहरण हैं, तो आपातकाल का संवैधानिक समर्थन करने में सुप्रीम कोर्ट का पतन भी हमने देखा है; उसी दौर में हमने यह भी देखा कि भारतीय प्रेस के मन में अपनी स्वतंत्रता का कोई मान नहीं है. काहिल, सामाजिक दायित्व के बोध से शून्य व बला की भ्रष्ट कार्यपालिका को एकाधिकारशाही की धुन पर नाचते भी हमने देखा. और फिर हमने इन सबको किसी हद तक पटरी पर लौटते भी देखा है, जिसमें सबने एक-दूसरे की मदद की है. जस्टिस कौल की सोच-समझ पर इन सारे अनुभवों की कोई छाप नहीं दिखाई देती है, लेकिन वे यह कहते जरूर मिलते हैं कि 'नेशनल ज्यूडिशियल एप्वाइंटमेंट कमीशन'को खारिज कर सुप्रीम कोर्ट ने गलती की. वे कहते हैं कि भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश को निर्णायक वोट देकर, हमें इस कमीशन को काम करने का मौका देना चाहिए था. संविधान की भावना है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में विधायिका का कोई हस्तक्षेप न हो. इसमें से कॉलिजियम पद्धति निकली. जस्टिस कौल की चिंता यह नहीं है कि जो कॉलिजियम व्यवस्था पूरी तरह सुप्रीम कोर्ट के हाथ में है, उसे सुधारने तथा पारदर्शी बनाने की दिशा में पर्याप्त काम क्यों नहीं किया गया, जबकि वे तो स्वयं कॉलिजियम के सदस्य भी रहे हैं. तब उन्होंने इस व्यवस्था के साथ कैसा सलूक किया था? अपने हाथ मजबूत कैसे बनें, इसकी जगह जस्टिस कौल की चिंता यह है कि सरकारों के साथ तालमेल कैसे बने! अब चुनाव आयोग की जैसी संरचना संसद ने पारित की है, उस बारे में जस्टिस कौल क्या करेंगे? अब तो चुनाव आयोग के चयन का काम, किसी सरकारी दफ़्तर में चपरासी नियुक्त करने जैसा बना दिया गया है. क्या ऐसा चुनाव आयोग संविधान की उस भावना का संरक्षण कर सकेगा, जो कहती है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र व स्वायत्त होना चाहिए? संसद का यह कानून यदि सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वह इसकी समीक्षा किस आधार पर करेगा? सरतोड़ बहुमत वाली सरकार का यह फैसला है, इस आधार पर या जिस संविधान के संरक्षण का दायित्व सुप्रीम कोर्ट के पास है, उसकी भावना के आधार पर? हम जस्टिस कौल का जवाब जानना चाहते हैं. सुप्रीम कोर्ट की सोच ऑपनिवेशिक हो और वह दायित्व लोकतंत्र के संचालन का उठाए, यह संभव है क्या? जस्टिस कौल इसी जाल में उलझे हैं और हम जानते हैं कि वे अकेले ऐसी उलझन में नहीं हैं. पूरी न्यायपालिका मानवीय कमजोरियों से लेकर बौद्धिक निष्क्रियता तक से घिरी हुई है. संविधान के प्रति वह निरपवाद रूप से प्रतिबद्ध नहीं रही है. उसकी कई परेशानियों में एक यह भी है कि संविधान नाम की यह किताब सिर्फ उसके पास नहीं है. भारत के हर नागरिक के पास वही किताब है जिसे पढ़ने व समझने की उसकी योग्यता लगातार विकसित हो रही है. इसलिए सुप्रीम कोर्ट हर वक्त जनता के कठघरे में खड़ा मिलता है. यह जो आपकी किताब है श्रीमान, वह सवा करोड़ से ज़्यादा भारतीय नागरिकों की थाती है.

> सुप्रीम कोर्ट की सोच ऑपनिवेशिक हो और वह दायित्व लोकतंत्र के संचालन का उठाए, यह संभव है क्या? जस्टिस कौल इसी जाल में उलझे हैं और हम जानते हैं कि वे अकेले ऐसी उलझन में नहीं हैं. पूरी न्यायपालिका मानवीय कमजोरियों से लेकर बौद्धिक निष्क्रियता तक से घिरी हुई है. संविधान के प्रति वह निरपवाद रूप से प्रतिबद्ध नहीं रही है.

## मीडिया में अन्यत्र

# आयात शुल्क में कटौती चुनौती?

खबर है कि यूनाइटेड किंगडम के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए भारत ने बिजली से चलने वाले वाहनों (ईवी) पर आयात शुल्क कम करने का प्रस्ताव रखा है. दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार वार्ता में यह भी एक मुद्दा है और यूनाइटेड किंगडम काफी समय से ईवी पर आयात रियायत की मांग कर रहा है. हाल में अमेरिकी कंपनी टेस्ला ने भी भारत में एक फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसने भी बदले में कम आयात कर की मांग की थी. रियायती टैरिफ होने से विदेशी ईवी निर्माताओं को भारतीय बाजार में अपनी जगह बनाने में मदद मिलेगी. उम्मीद के मुताबिक ही घरेलू वाहन निर्माता बाजार को खोलने के सरकार के प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं.वह नहीं चाहते कि चरणबद्ध तरीके से भी इसे अंजाम दिया जाए. इसके बजाय उन्होंने घरेलू उद्योग और निवेशकों के संरक्षण की मांग की है. डर यह है कि ईवी पर शुल्क कम किए जाने का समूचे घरेलू उद्योग पर नकारात्मक असर होगा और निवेश की स्थिति प्रभावित होगी, क्योंकि इसे उभरता हुआ क्षेत्र माना जाता है. भारत का ईवी बाजार निर्णायक मोड़ पर है. केंद्र सरकार ने 2021 में वाहन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी, जिसमें ईवी विनिर्माण भी शामिल था और इसके लिए 25,938 करोड़ रुपये रखे गए थे. उसने एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए भी 18,100 करोड़ रुपये की घोषणा की थी. सरकार ने फिर ईवी के लिए फेम योजना भी अधिसूचित की, जिसका मकसद परिवहन क्षेत्र में हाइब्रिड और बिजली तकनीक को बढ़ावा देना था. खबर है कि फेम का तीसरा संस्करण भी तैयार हो रहा है. यही वजह है कि 2023 में ईवी की बिक्री में 45 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ. इसके बावजूद इसे अपनाने की गति अपेक्षाकृत धीमी रही. इसकी वजह बढ़ी हुई लागत और पर्याप्त चार्जिंग स्टेशनों की कमी रही. सरकार ने सावधानी बरतते हुए आयात पर बहुत अधिक निर्भरता की बजाय ईवी निर्माताओं को स्थानीय उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए कहने पर भी ध्यान केंद्रित किया है. भारत में ईवी के लिए आयात टैरिफ काफी अधिक है. हमारे यहां 40,000 डॉलर से अधिक मूल्य वाले पूरी तरह से असेंबल ईवी पर 100 फीसदी आयात शुल्क लगता है, जबकि 40,000 डॉलर से कम कीमत वाले ईवी पर 70 फीसदी शुल्क लगता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मकर/मकरा/मकड़ा

**मकर** संक्रांति पर्व पर इस साल दही-चूड़ा का भरपूर इंतजाम रहेगा. पूरे घर में जहां-तहां मकरा का जाला लगा हुआ है. इन वाक्यों में मकर और मकरा शब्द एक जैसे लगते हैं, लेकिन वास्तव में ये एक नहीं हैं. हिंदी शब्दसागर के अनुसार दोनों के बीच कुछ हद तक समानताएं भी हैं. हिंदी भाषा में मकर शब्द के दो मूल हैं. पहला संस्कृत और दूसरा फारसी. संस्कृत तत्सम के रूप में मकर का अर्थ है मगर या घड़ियाल नामक प्रसिद्ध जलजंतु, यह कामदेव की ध्वजा का चिह्न और गंगा तथा वरुण का वाहन माना जाता है, बारह राशियों में से एक, फलित ज्योतिष के अनुसार एक लग्न, सुश्रुत के अनुसार कीड़ों और छोटे जीवों का एक वर्ग, कुबेर की निधियों में से एक, एक पर्वत, एक प्रकार का व्यूह जिसमें सैनिक इस प्रकार खड़े किये जाते हैं कि उनकी समष्टि मकर के आकार की जान पड़ती है, माघ मास, काव्य शास्त्र के अनुसार छप्पय छंद का उनतीसवां भेद. इसी प्रकार फारसी मूल के मकर का मतलब है छल, कपट, फरेब, धोखा, नखरा. दोनों भाषा मूल के मकर संज्ञा पल्लिंग ही हैं. मकरा मड़ुआ नामक अन्न को भी कहा जाता है. वैसे मकरा शब्द हिंदी के मकड़ा शब्द से बना है. एक प्रकार की घास को भी मकड़ा कहा जाता है, जो बहुत तेजी से बढ़ती है. यह पशुओं और विशेषकर घोड़ों के लिए बहुत पुष्टिकारक होती है. इसका मतलब है भूरे रंग का एक कीड़ा जो दीवारों और पेड़ों पर जाला बना कर रहता है. इसकी टांगें बड़ी-बड़ी होती हैं. यह पूरी दुनिया में पाया जाता है. छोटे मकड़े को मकड़ी कहा जाता है. मकरा हलवाइयों का एक उपकरण है, जिससे सेव बनाया जाता है. यह एक चौकी होती है जिसमें छाननी की तरह छेद वाला लोहे का एक पात्र जड़ा होता है. इसी पात्र में घोला हुआ बेसन भरकर ऊपर में एक दस्ते से दबाते हैं, जिससे सेव बनकर गिरता जाता है.

# तो हम मिलते हैं ब्रेक के उस पार

• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह



हाल ही में उत्तर प्रदेश में बड़े-बड़े नेताओं ने टीवी कैमरों के सामने वृक्षारोपण किया. टीवी की कृपा से इतना तो सारी दुनिया को पता चल गया कि अमुक-अमुक नेताजी ने वृक्षारोपण किया. वैसे हमारी सामान्य बुद्धि के अनुसार रोपण तो पौधों का होता है, लेकिन हमारे नेता और बड़े-बड़े महानुभाव पौधे नहीं लगाते. टीवी पर नेताजी लोगों ने जो बिरवे रोपे वे वृक्ष ही थे. इसीलिए इस अभियान का नामकरण हमें बिलकुल युक्ति-संगत प्रतीत होता है- वृक्षारोपण यानी वृक्ष का आरोपण. हमारे नेता लोग प्रायः अपने विपक्षी दलों और उनके नेताओं पर दोषों का आरोपण करते देखे-सुने जाते हैं. प्रान्त, देश और ब्रह्माण्ड में जो कुछ खराब, अनुचित और बुरा घटित हो रहा है, वह विपक्षी दल और उसके नेताओं ने किया और जो कुछ अच्छा है वह हमारा व हमारे दल का किया हुआ है. नेताओं द्वारा दोषारोपण तथा श्रेय-हरण का यह कार्यक्रम तो रात-दिन चलता रहता है, किन्तु वृक्षारोपण कभी-कभी और विशेषकर मानसून के दिनों में ही होता है. जिस जोशो-खरोश के साथ हमारे नेता एक-दूसरे पर दोषारोपण करते हैं. दोषारोपण-कार्यक्रम की छटा देखनी हो तो शाम को टीवी पर कोई प्रमुख समाचार चैनल लगा लीजिए. ऐंकर जैसे ही किसी नेता को बोलने का मौका देता है वह दोषारोपण का पिटारा खोल देता है. उसके पिटारे में से तरह-तरह से विषैले नाग, रैटल स्नेक और करैत जोर-जोर से फुफकारने लगते हैं. चिल्ल-पों मच जाती है. नेताजी का स्वगत जो आरम्भ हो जाता है तो फिर किसी के रोके रुकने का नाम नहीं लेता. ऐंकर नेताजी को चुप कराने की कोशिशें करता ही रह जाता है, किन्तु नेताजी खुंटा तुड़ाई भैंस की तरह रेंकते-पोंकते, पूंछ उठाए, इधर-उधर उछलते-कूदते, ओंखड़ते चले जाते हैं. सामने कौन आया, किसने क्या कहा, किसने टोका, किसने रोका, किसने छेंका, उन्हें कोई होश नहीं रहता. दे दोषारोपण, दे दोषारोपण, दे दोषारोपण. नेताजी दोषारोपण करते-करते जब तक बेहाल नहीं हो जाते, लगे रहते हैं. दोषारोपण की उनकी क्षमता बेमिसाल है, श्लाघ्य है, वंदनीय है. पता नहीं अनुकरणीय भी है कि नहीं!...तो साहब, दोषारोपण के ब्रह्मपुत्र में ऊभ-चूभ हो रहे नेताओं को जब चैनल की मर्यादा का खयाल नहीं रह जाता तो बेचारा या बेचारी ऐंकर के पास इस दोषारोपण की प्रचंड धारा में कूदने और नेताजी के बेकाबू हो गए घड़ियाली मुंह में कमर्शियल अन्तराल की ब्रेक लगाने के अलावा कोई चारा ही शेष नहीं रह जाता. मज़बूरन उसे घोषणा करनी पड़ती है- अब हमें रुकना पड़ेगा एक छोटे-से कमर्शियल ब्रेक के लिए. तो हम मिलते हैं ब्रेक के उस पार.

HAPPY BIRTHDAY

# बायोस्कोप

# जन्मदिन आज

# एआर रहमान

# जय हो!

संगीत की दुनिया के सबसे मशहूर व उम्दा फनकारों में से एक एआर रहमान का आज जन्मदिन है. 1967 को तमिलनाडु में जन्मे रहमान अपने संगीत के जरिए दुनिया भर के दिलों तक पहुंचे हैं. पहली बार रहमान ने 1992 में रिलीज हुई मणि रत्नम की फिल्म 'रोजा' में म्यूजिक दिया. पहली ही फिल्म के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड हासिल हुआ और वे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए. अपने 31 साल के संगीत के करियर में ए आर रहमान ने हिंदी, तेलुगु और तमिल समेत कई भाषाओं में गाने कंपोज किए हैं. आइए, आज जन्मदिन के मौके पर रहमान की जिंदगी के सुने-अनसुने कुछ किस्सों की करें बात...



## ये उपलब्धियां

रहमान को साल 2010 में भारत के तीसरे सबसे सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण से भी नवाजा गया है. रहमान के पास छह राष्ट्रीय पुरस्कार, दो अकेडमी अवाड्‌र्स, दो ग्रैमी अवाड्‌र्स, एक बाफ्टा अवार्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवार्ड, 15 फिल्मफेयर अवाड्‌र्स और 17 फिल्मफेयर अवाड्‌र्स (साउथ) हैं. रहमान के नाम किसी कंसर्ट के सबसे महंगे टिकट बिकने का रिकॉर्ड भी है. इसके अलावा कनाडा में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा गया है.

## इन इंस्ट्रूमेंट के महारथी

एआर रहमान ने शास्त्रीय संगीत में डिप्लोमा के साथ ग्रेजुएशन की है. उन्हें कीबोर्ड, पियानो, सिंथेसाइजर, हारमोनियम और गिटार में महारत हासिल है. उन्होंने 11 साल की उम्र में मलयालम संगीतकार एम के अर्जुनन के ऑर्केस्ट्रा में बजाना शुरू किया.

## बदली धर्म की राह

हिंदू परिवार में जन्में दिलीप शेखर की बहन की तबीयत खराब होने पर डॉक्टर्स ने भी हाथ खड़े कर दिए तो किसी के कहने पर वे मस्जिदों में गए. वहां दुआएं मांगी. चमत्कार कहिए या कुछ और, उनकी बहन पूरी तरह से ठीक हो गई. इस घटना के बाद दिलीप ने इस्लाम अपना लिया. उनका नया नाम अल्लाह रक्खा खान रखा गया यानी ए.आर रहमान.

## जब हारा था दिल

रहमान महज नौ साल के थे, तब पिता आरके शेखर की मौत हो गई. जाहिर है बचपन संघर्षमय बीता. पढ़ाई पूरी करने के लिए भी पैसे नहीं थे. 15 साल की उम्र में उन्हें कम अटेंडेंस के कारण स्कूल छोड़ना पड़ा. एक इंटरव्यू के दौरान खुद रहमान ने कहा था कि 25 साल की उम्र तक कई बार खुदकुशी के ख्याल आए. पर संगीत ने उबार लिया.

## रोजा के लिए मिले थे महज इतने

जिस रोजा फिल्म के लिए रहमान को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, उसमें संगीत देने के लिए उन्हें महज 25 हजार रुपए मिले थे. इस फिल्म के बाद ही बॉलीवुड में उनकी पहचान बनीं. वे आज के दौर के दुनिया के सबसे अमीर म्यूजिक कम्पोजर में से एक हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ए आर रहमान एक फिल्म में म्यूजिक देने का 8 से 10 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं. इसी तरह एक लाइव कॉन्सर्ट में गाने के लिए वो प्रति घंटे 3 से 5 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं.

## चेन्नई, लंदन और यूएस में स्टूडियो

मीडिया रिपोर्ट की माने तो चेन्नई, लंदन और लॉस एंजिल्स में केएम म्यूजिक स्टूडियो नाम से रहमान कई स्टूडियो के मालिक हैं. वे अक्सर यूएस जाते हैं और अपने ही अपार्टमेंट में रहते हैं जहां अपने स्टूडियो में काम करते हैं.

## चेन्नई में आवास

एआर रहमान ने इंग्लैंड में वर्षों बिताए. एक इंटरव्यू में बताया कि वहां तमाम उपलब्धियों के बाद भी पत्नी सायरा बानो की स्वदेश वापसी की चाहत के कारण भारत वापस आए. मुंबई केवल व्यवसायिक कारणों से जाते हैं, आवास चेन्नई में ही है, जहां वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं.

## नुसरत साहब से ये खास रिश्ता



रहमान के दोस्त सारंग ने उन्हें एक बार नुसरत फतेह अली के गाने की सीडी दी जिसमें उन्होंने 'दम मस्त कलंदर' गाया था. गाना सुनकर अवाक रह गए रहमान. एक इंटरव्यू के दौरान इसकी चर्चा करते हुए बताया कि मैंने दक्षिण भारत और उत्तर भारत का संगीत सुना था, लेकिन ये तो कुछ और ही था. इस गाने को सुनने के बाद जीवन के अगले पांच साल पंजाबी लहजा, पंजाबी भाषा और सूफियाना को समर्पित रहे. बकौल रहमान, नुसरत साहब से मुलाकात कराने का वादा मुझसे सबसे पहले शेखर कपूर ने किया था, लेकिन वह हो न सका. एक बार जब मैं न्यूयॉर्क में था और पता चला कि नुसरत साहब का शो हो रहा है तो मैं शो देखने गया. कोई पांच-छह हजार गोरे मस्त होकर झूम रहे थे. मुझे लगा कि किसी कलाकार को इससे ज्यादा क्या चाहिए. कार्यक्रम के बाद बैकस्टेज उनसे मुलाकात की बात आयोजकों ने मान ली तो मैं लाइन में खड़ा हो गया. कोई पांच छह सौ लोग रहे होंगे. तभी उनके मैनेजर ने मुझे पहचान लिया, वह मुझे लाइन से निकालकर ले गया. नुसरत साब ने कहा कि मैं मुंबई आ रहा हूं, वहां हम मिलते हैं. मैंने कहा कि मुझे आपसे सीखना है तो रात के दो बजे उनके होटल के स्यूट में महफिल लगी जहां हर तरफ से लोग आ रहे थे. इसी बीच उन्होंने मुझे कव्वाली का पहला ज्ञान दिया. जो कव्वाली उस दिन उन्होंने गाकर सुनाई, वह मुझे अब तक याद है.

## लता जी के लिए यह बदलाव चुपके से



मणि रत्नम की फिल्म दिल से के संगीत की जिम्मेदारी रहमान के पास थी. एक गीत जिया जले... तैयार हो रहा था जिसे लता मंगेशकर को गाना था. संगीत निर्माण के वक़्त ए.आर रहमान ने इस गीत में ऊंचे स्वर रखे थे. जब इस गीत को गाने के लिए लता मंगेशकर माइक पर आईं तो अपनी बढ़ती उम्र के चलते उन्हें ऊंचे स्वर में गाने से कुछ तकलीफ़ महसूस हुई. यह बात रहमान ने भांप ली और फ़ौरन गीत में कुछ बदलाव ऐसे किए कि किसी को ज्यादा महसूस भी नहीं हुआ और लता मंगेशकर के लिए गाना बेहद सहज हो गया.

## अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन


रहमान और उनके बेटे अमीन का जन्मदिन एक ही दिन यानी छह जनवरी को पड़ता है. रहमान अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ बिताते हैं.

## रहमान के टॉप टेन

| गाना | फिल्म |
|---|---|
| ये हसीन वादियां | रोजा |
| तू ही रे | बॉम्बे |
| ख्वाजा मेरे ख्वाजा | जोधा अकबर |
| लुका छुपी | रंग दे बसंती |
| तेरे बिना | गुरु |
| माँ तुझे सलाम | वंदे मातरम् |
| छैया छैया | दिल से |
| कुन फाया कुनर | रॉकस्टार |
| चले चलो | लगान |
| जय हो | स्लमडॉग मिलियनेयर |

हस्ताक्षर

# दामुल के चालीस वर्ष



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**दामुल में कहीं कोई कृत्रिमता नहीं थी. पात्रों के पहनावे से लेकर गांव के हाट तक और मुखिया की 'हवेली' से लेकर गोकुल के झोपड़े तक. जो जैसा है, यथावत. वाकई 'दामुल' देखते हुए आश्चर्य होता है कैसे एक कृत्रिम सेट पर इतने डिटेल्स का निर्वाह किया जा सकता है!**

'दामुल' प्रकाश झा की ही नहीं, शैवाल की भी पहली फिल्म थी. कह सकते हैं बिहार ही नहीं, पूरे हिन्दी प्रदेश के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक स्थिति को बयान करने वाली पहली हिन्दी फिल्म थी यह. यदि कुछ तकनीशियन को छोड़ दें तो शायद यह पहली हिन्दी फिल्म थी, जिसे हिन्दी के लोगों ने अपने हाथों हिन्दी की जमीन पर तैयार की थी. लेकिन 'दामुल' को आज चालीस वर्षों के बाद भी याद करने के सिर्फ इतने ही कारण नहीं हैं. नामवर सिंह ने कहा था, यदि आजादी के पहले के हिन्दुस्तान को जानना हो तो प्रेमचंद को पढ़ लीजिए और आजादी के बाद के हिन्दुस्तान को जानने के लिए हरिशंकर परसाई को. इसी लहजे में कहा जा सकता है यदि चालीस वर्ष पहले के बिहार को जानना हो तो 'दामुल' को देख लीजिए.

'दामुल' का सर्वाधिक महत्व इसके दस्तावेजी स्वरूप को लेकर है. कहने को यह एक पूर्ण फीचर फिल्म थी, कहीं कोई कृत्रिमता नहीं, पात्रों के पहनावे से लेकर गांव के हाट तक और मुखिया की 'हवेली' से लेकर गोकुल के झोपड़े तक. जो जैसा है, यथावत. वाकई 'दामुल' देखते हुए आश्चर्य होता है कैसे एक कृत्रिम सेट पर इतने डिटेल्स का निर्वाह किया जा सकता है? लेकिन शायद यही प्रकाश झा हैं और यही 'दामुल' है.

### लगान बनाम दामुल

'लगान' की श्रेष्ठता अपनी जगह पर है. भव्य और विहंगम. प्रस्तुति, कहने की शैली, 1931 के भारत के किसी गांव का वातावरण सभी कुछ एकदम पूर्ण कहा जा सकता है. लेकिन ऐसा कि बेचैन नहीं करे. लेकिन 'दामुल' के यथार्थ के सामने जब 'लगान' की भव्यता को आंकने की कोशिश करते हैं तो वातावरण पर फिल्मकार की स्वनिर्धारित परिकल्पना प्रभावी दिखने लगती है. 'लगान' में वही दिखता है जो फिल्मकार दिखाना चाहते हैं, 'दामुल' में वह दिखता है जो दिखाना चाहिए. प्रकाश झा का निजी अनुभव उन्हें परिकल्पना की इजाजत ही नहीं देता, ना ही उनकी प्रतिबद्धता दर्शकों को सुकुन पहुंचाने की छूट देती है. फिल्म की मांग भले ही राधो पंडित को पैंट पहनाने की हो, लेकिन प्रकाश झा का निजी अनुभव ग्रामीण युवाओं के तत्कालीन फैशन शर्ट पजामें को बदलने की हिम्मत नहीं जुटा सका. प्रकाश झा को पता है कि छोटे गांव में कहने को भले ही सामन्त होते हैं, लेकिन उनकी औकात कभी चमकदार हवेली की नहीं होती. इसी लिए 'दामुल' में गांव के सबसे बड़े शोषक माधो पंडित की हवेली को भी वे बदरंग पक्के मकान से बेहतर नहीं दिखा सकते. कोई ग्लैमर नहीं, कोई रंग नहीं, आंखों को सुकुन पहुंचाने की कोई कोशिश नहीं. आश्चर्य नहीं कि माधो पाण्डे के मुखिया के चुनाव की जीत की खुशी में किसी आइटम का बहाना नहीं ढूंढ़ा जाता, उसे लौन्डा नाच से निपटा दिया जाता है.




### जमीनी रिपोर्ट पर आधारित

'दामुल' का सच इसलिए भी सच है कि इसकी कहानी में भी शैवाल के लिए उनकी रिपोर्ट ही जमीन बनती है. शैवाल बताते हैं कि सन बहत्तर से अस्सी के बीच वे जहानाबाद इलाके में वे थे और वहीं से उन्होंने जमीन्दारों द्वारा जानवरों की चोरी करवाने की व्यवस्था पर रिपोर्ट लिखी थी. बाद में इसी रिपोर्ट को उन्होंने 'काल सूत्र' कहानी में विस्तार दिया, जो अन्ततः 'दामुल' के रूप में साकार हो सकी.

जाहिर है शैवाल के लिए 'काल सूत्र' में कुछ भी परिकल्पित नहीं था. यह उनका निजी अनुभव था, प्रकाश झा जैसे फिल्मकार की ग्राह्यता ने जिसे समझने में जरा भी देर नहीं लगायी. वास्तव में दो ईमानदार रचनाकारों की एक इमानदार रचनाकृति है 'दामुल'.

# दो रंगों की सियासात में उलझी भारतीयता को सुलझाता एक "रंग"



प्रकाश बंधु

कुछ दिन पहले एक लघु फ़िल्म ₹रंग₹ देखी तो अचानक 1989 कि एक घटना मेरी आंखों के सामने ताज़ा हो गईं. वर्ष 1989 का समय था, एक ऐसा समय जब देश में राम मंदिर को लेकर माहौल बनाया जा रहा था. उन दिनों राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए दो माह के ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने हर रोज से 216 न०. की बस में दिल्ली के गोल मार्किट से मंडी हाउस जाया करता था. ऐसे ही एक दिन कार्यशाला से घर लौटाते वक्त देखा जुलूस की शक्ल में कुछ भीड़ जय श्रीराम के नारे लगाते जा रही थी, अचानक बस में एक बूढ़े व्यक्ति ने अपनी पाकेट से केसरिया रंग का एक रुमालनुमा कपड़ा निकाला और उसे खिड़की के बाहर लहराने लगा, शायद इस खौफ़ से की भीड़ कहीं बस में न घूस आए. हवा बेहद खुश्क़ थी. सबके चेहरों पर तनाव तो था पर कुछ ही देर में वो तनाव धुएं की तरह तब गायब हो गया ज़ब कोई दूसरा व्यक्ति अपनी पैंट की दोनों जेब से दो अलग - अलग रंग के रुमाल निकलता है- एक हरा और दूसरा केसरिया, फिर हंसता हुआ बोलता है कि मैं तो दोनों ही रखता हूं, न जाने कब कौन से रंग वाले आ जाएं. बस में सभी लोग जोर से हंस देते हैं.

रंग की पटकथा जितेन्द्र नाथ झा ने लिखी है. एक वक्त था जब जितेन्द्र अख़बारों में सिनेमा पर लिखा करते थे. जीतू की एक ख़ासियत है कि जहां भी जाते हैं, वहां अपना गांव साथ लेकर जाते हैं. यही वजह है कि इस फ़िल्म की कहानी की पृष्टभूमि में भी उसने एक गांव और उसमें रहने वाले ग्रामीणों को



रखा- सहज, सरल और कोमल.

पिछले कुछ वर्षों से हम देखते आ रहे हैं कि मुल्क़ के संविधान की बुनियाद पर खड़े गंगा-जमुनी तहज़ीब की ईमारत को लगातार गिराने कि कोशिश कि जा रही है. गांव भी इससे अछूते नहीं रहे. आपसी भाईचारे की ज़मीन पर मोहब्बत की फ़सल को धार्मिक राष्ट्रवाद नामक फफूंद से बचाने की मासूम कोशिश है यह लघु फ़िल्म ₹रंग₹... निर्देशक सुनील पॉल ने भी विषय की गंभीरता को बेहद संजीदगी के साथ निर्देशित किया है. अग़र वे चाहते तो ख़ुद को बेहतरीन निर्देशक साबित करने के लिए गांव में दो समुदायों के बीच साप्रदायिक तनाव को दर्शाने के लिए हिंसा के कुछ दृष्यों का भी सहारा ले सकते थे. पर सुनील ने ऐसा नहीं किया और यहीं पर बतौर निर्देशक इनकी जीत है.

पी.पी.सी. चक्रवर्ती की सिनेमाटोग्राफी आंखों को सकुन पहुंचाने वाली है. गांव में फैले तनाव के बीच पसरी उदासी को खूबसूरती के साथ दिखाया है.

मानवेन्द्र त्रिपाठी एक बेहतरीन व प्रशिक्षित अभिनेता हैं. पर्दे पर इनका काम हमेशा आनंदित करता है. फ़िर वो चाहे फ़िल्म का पहला दृश्य हो या फ़िर ज़ब दिनभर का थका हारा अशरफ़ ज़ब रात को घर लौटता है और अपने बेटे की उदासी और गुस्से को अपनी कोमल मुस्कान से आश्वास्त करता है. मानवेन्द्र एक ऐसा अभिनेता है जो अपने सही समय के इंतजार में है और मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि वो वक्त भी जल्दी आएगा. बेटे की भूमिका में कामरान ने दिल जीत लिया. फ़िल्म बुढ़िया में कामरान को पहली बार देखा था. तब इस बाल अभिनेता ने मुझे बहुत प्रभावित किया था. अनुरेखा भगत ने पत्नी और मां के किरदार में गजब का तालमेल बैठाया. रानू ने भी बेहतरीन अभिनय किया है. इनकी छोटी सी उपस्थित दर्शकों को तनाव में ला देती.

कुल मिलाकर पूरी फ़िल्म मुझे संदेश देती नज़र आ रही है कि हमारे तिरंगे के जो दो रंग केसरिया (त्याग व बलिदान का प्रतीक) और हरा ( हरियाली और खुशहाली का प्रतीक) हैं, को धर्म के ठेकेदारों ने अपना अपना प्रतीक बना लोगों को लड़वाने का काम में लगे हैं. इन दोनों रंगों को जोड़ने का काम अगर कोई कर सकता है तो वह है गांधी के सत्याग्रह, अहिंसा और शान्ति का रंग सफ़ेद और तब कहीं जाकर ये तीनो रंग मिलकर हमारे तिरंगे की शक्ल में हमारी पहचान बनेंगे.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

### बक्सर के जवान की ब्रेन हेमरेज से मौत

**बक्सर।** बक्सर के एक सेना के जवान की अचानक मौत हो गई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जवान के मृत्यु के पीछे की वजह ब्रेन हेमरेज बताई गई है. मृतक जवान जिले के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के मंगल प्रसाद ठाकुर के पुत्र सोनू कुमार ठाकुर हैं, जो बिहार रेजिमेंट के सेकेंड बटालियन में कार्यरत थे. उनकी तैनाती भारत-पाकिस्तान की सीमा पर थी. मौत के बाद दिवंगत जवान को सेना के अधिकारियों और साथी जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी. जवान के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम में लाया गया.

### एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम, 7 जोड़ी विमानें रद्द

**पटना।** धुंध और कोहरे के कारण पटना एयरपोर्ट पर लगातार विमान का परिचालन विलंब से किया जा रहा है. वहीं कई विमानों को रद्द भी करना पड़ रहा है. शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर हैदराबाद से आने वाली सबसे पहली फ्लाइट को रद्द कर दिया गया. पटना एयरपोर्ट पर दिन में 11:20 मिनट पर पहले विमान की लैंडिंग हुई है. वहीं पटना एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 7 जोड़ी विमान को रद्द किया गया है. पटना एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को फ्लाइट रद्द होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बता दें कि सबसे ज्यादा इंडिगो कंपनी की विमान को रद्द किया गया है.

### नेपाल में बंधक बने 34 मजदूर हुए रिहा

**मोतिहारी।** भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल के सीमाई क्षेत्रों में ईंट भट्ठा पर अभियान चलाकर उत्तर प्रदेश के कई मजदूरों को पूर्वी चंपारण पुलिस ने मुक्त कराया है. मुक्त कराये गए सभी मजदूरों को पुलिस ने श्रम विभाग को सौंप दिया है. इस अभियान में 15 बाल मजदूर, दस महिला और नौ पुरुषों को मुक्त कराया गया है. सभी को सरकारी खर्च पर जिला प्रशासन ने भोजन और कुछ भत्ता देकर उनके घर भेजा. जिसकी जानकारी मिलने पर जिला पुलिस, एसएसबी और नेपाल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर इन मजदूरों की भारत वापसी करवायी.

घटना बेगूसराय के बारो गाछी टोला उत्तरी मोहल्ला की है

# जमीन विवाद में महिला की पीटकर हत्या, पांच घायल

**संवाददाता। बेगूसराय**



बेगूसराय में गुरुवार देर रात जमीन में विवाद में एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल एवं तेघड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना फुलवरिया थाना क्षेत्र के बारो गाछी टोला उत्तरी मोहल्ला की है. मृतक की पहचान स्थानीय निवासी अरशद आलम की पत्नी शाहीन परवीन के रूप में की गई है. मारपीट में मो. निसार अहमद का पुत्र मो. कैसर, अमीषा खातून, मो. रेहान, अफसाना एवं फरजाना घायल हो गए हैं.

सदर अस्पताल में भर्ती घायल मो. कैसर ने बताया कि पौने दो कट्ठा जमीन को लेकर पड़ोसी मो. इम्तियाज से विवाद चल रहा है, मामला न्यायालय में है. इसी बीच रात में जब घर का एक युवक पेशाब करने निकला तो उन लोगों ने पकड़ कर मारपीट शुरू कर दी. उन्होंने आरोप लगाया है कि छुड़ाने पहुंचे तो चाकू एवं लाठी-डंडा से हमला कर दिया. इसमें गंभीर रूप से घायल शाहीन परवीन को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल आ रहे थे, इसी दौरान रास्ते में मौत हो गई. घटना की सूचना पुलिस को दिया गया लेकिन फोन उठाने के बावजूद पुलिस ने रांग नंबर कहकर फोन कई बार काट दिया.

दो दिन पहले से ही विवाद चल रहा था, जिस झगड़े का लाइव वीडियो सामने आया है. मौत की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है. एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. शेष सभी आरोपी घर से फरार बताए जा रहे हैं. थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि पेशाब करने को लेकर पड़ोसी से विवाद होने की सूचना पर थाना की पुलिस तुरंत घटना स्थल पहुंच गई. एक आरोपी मो. सुलतान उर्फ बौकू को गिरफ्तार कर लिया गया है. दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हैं, जिसका इलाज चल रहा है.

### पटना में विवाहिता महिला ने दे दी जान



**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ एम्स के पास विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है. घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए पटना एम्स में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. महिला की पहचान सुरेश राम की पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है. साहिल कुमार के पुत्र सुरेश राम की शादी मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर की अनीता देवी से 2 वर्ष पूर्व हुई थी. फुलवारी थाना अध्यक्ष शफिर अलाम ने बताया कि सूचना मिली कि पटना एम्स के पास एक मकान में महिला ने आत्महत्या कर ली है.

### बिहार बीएसएसटीईटी का दूसरा डमी एडमिट कार्ड किया गया जारी

**पटना।** बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने बिहार स्पेशल स्कूल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिया है. बिहार बीएसएसटीईटी एडमिट कार्ड 7 जनवरी तक डाउनलोड के लिए उपलब्ध है. जिन उम्मीदवारों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे आधिकारिक वेबसाइट bsebstet.com से जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. यदि उम्मीदवार दूसरे डमी एडमिट कार्ड पर श्रेणी को संशोधित करना चाहते हैं, तो उन्हें सुधार शुल्क का भुगतान करना होगा. उम्मीदवारों को एक पेपर के लिए 200 रुपये और दो पेपर्स के लिए 300 रुपये का भुगतान करना होगा. जो उम्मीदवार निर्धारित भुगतान करने में विफल रहेंगे, उन्हें उनका मूल बीएसएसटीईटी 2023 एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा. एसएसटीईटी 2023 प्रश्न पत्र राज्य सरकार के स्कूलों के कक्षा 1 से 8 तक के पाठ्यक्रम पर आधारित होगा. परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट है. कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे. प्रत्येक सही उत्तर के लिए उम्मीदवारों को 1 अंक प्राप्त होगा.

### आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| 1. बिहार का नाम 'बिहार' कैसे पड़ा? | – बौद्ध विहारों के अधिक संख्या में पाए जाने के कारण |
| 2. समुद्र तल से बिहार की ऊंचाई कितनी है? | – 173 फीट |
| 3. समुद्र-तट से बिहार की दूरी कितनी है? | – 200 कि.मी. |
| 4. बिहार का 'राजकीय चिह्न' क्या है? | – बोधिवृक्ष |
| 5. बिहार का 'राजकीय पक्षी' कौन सा है? | – फाख्ता |
| 6. बिहार का 'राजकीय पशु' कौन सा है? | – रीछ |
| 7. बिहार का सबसे गरम स्थल कौन सा है? | – गया |
| 8. सबसे बड़ा पशु मेला कौन सा है? | – सोनपुर का मेला |
| 9. सर्वाधिक औसत आर्द्रतावाला स्थान कौनसा है? | – भागलपुर |
| 10. बिहार का सर्वाधिक वर्षावाला स्थान कौनसा है? | – किशनगंज |

## बेहतर शिक्षक बनकर करे समाज का निर्माण : पाठक

**नवादा।** बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक शुक्रवार को नवादा पहुंचे. जहां प्रशिक्षण पा रहे शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने उनका जमकर स्वागत किया. पाठक ने यहां प्रशिक्षण पा रहे शिक्षकों से कहा कि आप बेहतर शिक्षक बनकर बेहतर समाज का निर्माण करें. पाठक के नवादा पहुंचते ही डाइट में ट्रेनिंग रहे छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया. उन्होंने कहा कि 14 घंटे का प्रशिक्षण इसलिए रखा गया है कि शिक्षक बेहतर काम करें. उन्होंने कहा कि अगर राज्य का विकास करना है तथा गरीबों को भी सुखी बनाना है, तो निश्चित तौर पर सरकारी स्कूल में जो पढ़ रहे हैं, उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा देना होगा. उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की बड़ी भूमिका है.

सर्वोच्च न्यायालय ने भेजा नोटिस

## एम्स निर्माण की याचिका स्वीकार

**संवाददाता। सहरसा**

ऐतिहासिक एम्स आंदोलन के कोशी विकास संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार झा अधिवक्ता एवं भाजपा नेता प्रवीण आनंद द्वारा पिछले आठ-नौ वर्षों से एम्स निर्माण संघर्ष समिति बैनर तले एम्स सहरसा की जनहितैषी मांग को सड़क से सदन, फिर उच्च न्यायालय पटना अब सर्वोच्च न्यायालय में भी इन दोनों द्वारा विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल किया गया है. विनोद एवं प्रवीण द्वारा दाखिल एसएलपी डायरी नंबर 32389/2023 पर सहरसा के लाल सीनियर अधिवक्ता रतन कुमार सिंह सहित पांच अधिवक्ताओं के तर्कसंगत विधिसंगत एवं कोशी वासियों के गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को सुनकर सर्वोच्च न्यायालय ने एम्स सहरसा याचिका स्वीकार कर लिया है. इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस भी जारी कर दिया गया है.

यह सहरसा वासियों सहित कोशी प्रमंडल वासियों के लिए बहुत सुखद समाचार है. केंद्र और राज्य सरकार एम्स की बात वर्षों से दरभंगा पर ही केन्द्रित किए हुए हैं. दरभंगा के शोभन में जहां एम्स की बात हो रही है. वह भूमि लगभग 30 फीट से भी अधिक गहरी भूमि और सदैव जलजमाव में रहता है. इसके दो सौ एकड़ भूमि को एम्स मानक के अनुसार भरना युक्तिसंगत नहीं पाकर केंद्र सरकार इस भूमि को खारिज कर दिया था. लेकिन बिहार सरकार ने फिर शोभन दरभंगा का ही प्रस्ताव केंद्र को भेजा है कि कितना भी गहरा भूमि क्यों ना हों सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर भर देंगे. इसी निमित्त 309 करोड़ रुपये मिट्टी भराने हेतु सरकार ने टेंडर निकाला है.

### कोरोना मरीजों की संख्या पहुंची नौ, म्यांमार का पर्यटक मिला पॉजिटिव

**पटना।** गया में बीते 24 घंटों के दौरान दो नए कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद इसकी कुल संख्या 09 पहुंच गई है. गया में कालचक्र पूजा में शामिल होने आए म्यांमार के एक पर्यटक समेत जिले की एक बच्ची कोरोना पॉजिटिव मिली है. कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी के बाद म्यांमार का पर्यटक गया में एक दिसम्बर को आया था. विदेशी पर्यटकों के आने के बाद सैंपल के तौर पर गया एयरपोर्ट पर कोरोना जांच की गई थी, जिसकी आरटीपीसीआर रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव पाया गया. गया में लगातार कोरोना के मरीज मिल रहे हैं. गया में बीते 24 घंटे के दौरान एक बच्ची कोरोना पॉजिटिव पाई गई. बच्ची की उम्र मात्र 5 साल की बताई जाती है. कोरोना पॉजिटिव होने के बाद बच्ची का इलाज किया जा रहा है.

तेजस्वी यादव के बयान पर विजय कुमार सिन्हा बोले-

## धीरे-धीरे संस्कारों व संस्कृति से हो रहे हैं दूर

**संवाददाता। पटना**



बिहार विस में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के अयोध्या मामले पर कहा कि वो धीरे-धीरे सनातन संस्कृति और उसके संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं. सिन्हा ने कहा तरफ तेजस्वी यादव कहते हैं कि उनकी पीएम मोदी से कोई लड़ाई नहीं है, तो दूसरी तरफ उनका बयान आता है कि राम मंदिर निर्माण में पीएम मोदी की कोई जरुरत नहीं है. कहा कि लगातार सनातन धर्म, ग्रंथों, देवी-देवताओं को लेकर विवादित बयानों में रहने वाले राजद के नेताओं को उपमुख्यमंत्री की सह प्राप्त है. राजद नेता इस तरह की बयानबाजी उनके इशारे पर ही हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 17 माह से चल रही महागठबंधन सरकार में ऐसा लग रहा है जैसे एक अभियान के तहत सनातन धर्म को अपमानित किया जा रहा है. सरकार के मंत्री कभी पवित्र ग्रंथ राम चरित्र मानस के विरुद्ध तो कभी दुर्गा और कभी देवी सरस्वती को अपमानित करने का कार्य कर रहे हैं. ऐसे कृत्यों के पीछे इन लोगों की नीयत वोट बैंक की राजनीति करने पर केन्द्रित है. तुष्टिकरण की राजनीति के चक्कर में सनातन धर्म को लेकर दिए जा रहे अनाप-शनाप बयान निराश करने वाले हैं और इससे मां भारती का हर संतान आहत है.

सिन्हा ने कहा कि हमारा देश महान सांस्कृतिक विरासतों का वाहक है. हमारे देश के पवित्र ग्रंथ हमेशा से पूज्यनीय रहे हैं. यही नहीं महान तपस्वियों, संत-योगियों की धरती भारत की वैदिक, आयुर्वेदिक उपलब्धियों से पूरा विश्व प्रेरणा लेता है. ऐसे में ज्ञान विहीन हो रहे राजद के नेताओं को यह पता होना चाहिए कि उनके द्वारा किए जा रहे सनातन धर्म के संतों और ग्रंथों के अपमान से उनके खुद के व्यक्तित्व का पतन हो रहा है. व्यक्तित्व निर्माण के लिए संतों और ग्रंथों का सम्मान जरूरी है. सिन्हा ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 जनवरी को भगवान राम लला के मंदिर और उनकी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अग्रदूत बनकर 21वीं सदी के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद करने जा रहे हैं. सनातन का हर संतान इस स्वर्णिम और पवित्र क्षणों का स्वागत करने को तैयार है और देश में एक साथ जय श्री राम के नारों से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह चरम पर होगा.

अवसरवादी, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की नीयत से राजनीति करने वाले आंतरिक विकारों से ग्रसित हो जाते हैं. ऐसे स्थिति में ही वो महान सनातन धर्म और संस्कृति का अपमान करने से नहीं चुकते. राजद और इंडिया गठबंधन के लोगों को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है.

# कारोबार

### वोल्वो कार इंडिया की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** स्वीडिश कार निर्माता वोल्वो कार्स की कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत में कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 2,423 इकाई हो गई. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, वोल्वो कार इंडिया ने 2022 कैलेंडर वर्ष में घरेलू बाजार में 1,851 कार की बिक्री की थी. बयान के अनुसार, ऑल-इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया. इस अवधि में इसकी 510 इकाइयां बेची गईं. वहीं एक्ससी60 की सबसे अधिक 921 इकाइयों की बिक्री हुई.

### सुजलॉन समूह को पवन ऊर्जा का मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को एवररेन्यू एनर्जी से 225 मेगावाट पवन ऊर्जा का ठेका मिला है. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सुजलॉन तमिलनाडु में त्रिची जिले के वेंगईमंडलम और तूतिकोरिन जिले के ओट्टापिडारम में एवररेन्यू एनर्जी की साइट पर हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर टावर और 75 पवन टरबाइन जनरेटर स्थापित करेगा. प्रत्येक की रेटेड क्षमता तीन मेगावाट है. सुजलॉन समूह के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती ने यह समय के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगी.

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 3,410 करोड़ रुपये हो गई. आवासीय संपत्तियों की बेहतर मांग के दम पर यह वृद्धि हुई है. कंपनी की 2022 में समान अवधि में बिक्री बुकिंग 3,040 करोड़ रुपये रही थी. मैक्रोटेक डेवलपर्स ने शेयर बाजार को बताया कि अग्रिम बुकिंग के मामले में कंपनी के लिए तीसरी तिमाही बेहतरीन रही. कंपनी के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि लगातार आय बढ़ने और पर्याप्त रोजगार सृजन के दम पर उच्च गुणवत्ता वाले घरों की मजबूत मांग बढ़ रही है.

भारतीय अर्थव्यवस्था अपने समकक्षों से बेहतर, संरा बोला-

## 2024 में 6.2% की दर से बढ़ने का अनुमान

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**



**खास बातें**

- दक्षिण एशिया का जीडीपी 5.2% बढ़ने का अनुमान
- भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है. संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई. इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है. इससे भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है.

रिपोर्ट में कहा गया, मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के बीच भारत में वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2025 में जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है. इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर मजबूत रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है. वैश्विक आर्थिक प्रभाग निगरानी शाखा, आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग (यूएन डीईएसए) के प्रमुख हामिद रशीद ने पत्रकारों से कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले कुछ वर्षों में अपने समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है.

उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा. इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा, जबकि चीन में निवेश संपत्ति क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुआ.

रिपोर्ट के अनुसार, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निवेश अधिक मजबूत रहा है. दक्षिण एशिया, खासकर भारत में निवेश 2023 में मजबूत रहा. रिपोर्ट में कहा गया, चीन में निवेश की संभावनाएं संपत्ति क्षेत्र से प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुईं, हालांकि बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश आंशिक रूप से निजी निवेश में कमी की भरपाई कर रहे हैं.

इसके विपरीत सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा. साथ ही रिपोर्ट में इस बात को रेखांकित किया गया कि जलवायु-परिवर्तन से संबंधित घटनाएं 2023 में दक्षिण एशियाई क्षेत्र को नुकसान पहुंचाती रहीं. जुलाई और अगस्त में सूखे का प्रकोप बढ़ा जिससे भारत, नेपाल और बांग्लादेश के अधिकतर हिस्से प्रभावित हुए जबकि पाकिस्तान में औसत से अधिक बारिश ने परेशानी खड़ी की. इन आपदाओं का उन देशों में बेहद गंभीर असर होने की आशंका है जहां कृषि का सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा हिस्सा है.

### नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट चांदी के भाव भी स्थिर

**नयी दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में 500 से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण 24 कैरेट सोना चेन्नई के अलावा सभी सर्राफा बाजारों में 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के नीचे आ गया है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी शुक्रवार को 58 हजार रुपये के स्तर तक गिर गया है. चांदी के भाव में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है.

शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी गुरुवार की तरह ही 78,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है. दिल्ली में शुक्रवार को 24 कैरेट सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.

## एटीसी के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करेगी ब्रुकफील्ड




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कनाडा स्थित ब्रुकफील्ड 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर के एक बड़े सौदे में अमेरिकन टावर कॉर्पोरेशन के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए पूरी तरह तैयार है. इसमें एटीसी इंडिया पर दो अरब अमेरिकी डॉलर का उद्यम मूल्य और एक अक्टूबर 2023 से लगने वाला 'क्षतिपूर्ति शुल्क' भी शामिल है. इस लेन-देन के लिए विनियामक की अनुमति आवश्यक है. इसके 2024 की दूसरी छमाही में पूरा होने की उम्मीद है.

डीआईटी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट, ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट के एक सहयोगी द्वारा प्रायोजित एक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने आज भारत में अमेरिकन टॉवर के संचालन (एटीसी इंडिया) में 100 प्रतिशत इक्विटी हितों का अधिग्रहण करने के लिए एटीसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की. इसका उद्यम मूल्य 16,500 करोड़ रुपये (दो अरब अमेरिकी डॉलर) है, जो प्रतिभूति खरीद समझौते के तहत पूर्व-समापन शर्तों के अधीन है. टावर कंपनी एटीसी इंडिया के पास देशभर में करीब 78,000 स्थान (साइट) हैं.

एटीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि समापन के समय कुछ पूर्व-समापन शर्तों के तहत मौजूदा विनिमय दरों पर संभावित रूप से कुल कीमत करीब 21,000 करोड़ रुपये या 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक बैठेगी. विज्ञप्ति के अनुसार, कुल लेन-देन में एटीसी इंडिया परिचालन पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर का उद्यम मूल्य, साथ ही एक अक्टूबर 2023 से समापन की तारीख तक लगने वाला क्षतिपूर्ति शुल्क भी शामिल है. डीआईटी, समिट डिजीटेल और क्रेस्ट डिजीटेल के जरिए भारत में ब्रुकफील्ड के टेलीकॉम टावर कारोबार का संचालन करता है.

**धमाकेदार एंट्री** केसी एनर्जी के शेयरों की बंपर लिस्टिंग, निवेशक हो रहे हैं मालामाल

## 54 रुपये के शेयरों की 252 रुपये पर हुई लिस्टिंग

- कंपनी का आईपीओ 28 दिसंबर 2023 को खुला था व 2 जनवरी को बंद हुआ था

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के शेयरों ने शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री की. कंपनी के शेयरों की एनएसई के स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज सेगमेंट (एनएसई-एसएमई) में 252 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई, जबकि इनका इश्यू प्राइस सिर्फ 54 रुपये का था. इस तरह केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 366.67 प्रतिशत ऊपर लिस्ट हुए. इस बंपर लिस्टिंग से कंपनी के शेयर में निवेश करने वालों को चार गुना से भी अधिक का फायदा हुआ है. इसके पहले केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के आईपीओ को रिकॉर्ड सब्सक्रिप्शन मिला था.

कंपनी का आईपीओ 28 दिसंबर 2023 को खुला था और 2 जनवरी को बंद हुआ था. इस दौरान ये आईपीओ 1,052.45 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था. किसी भी एसएमई आईपीओ को अभी तक इतना सब्सक्रिप्शन नहीं मिला है. इस आईपीओ के जरिए कंपनी 54 रुपये प्राइस बैंड वाले 21.50 लाख शेयर बेचने वाली थी. लेकिन निवेशकों ने जोरदार उत्साह दिखाते हुए 206.28 लाख शेयरों के लिए अप्लाई कर दिया. इस आईपीओ में खुदरा निवेशकों ने 1,311.01 गुना सब्सक्राइब किया. इसी तरह क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईपी) ने 127.71 गुना सब्सक्राइब किया. जबकि नॉन इंस्टीट्यूशन बायर्स ने 1,668.97 गुना सब्सक्राइब किया.

आईपीओ बंद होने के बाद ग्रे मार्केट में भी ये शेयर अपनी मजबूती दिख रहा था. ग्रे मार्केट में ये शेयर 82 रुपये के प्रीमियर पर ट्रेड कर रहा था. इस हिसाब से इस शेयर की 136 रुपये के आसपास लिस्ट होने की उम्मीद की जा रही थी. लेकिन शुक्रवार को इस शेयर ने 252 रुपये पर लिस्ट होकर अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया.

उल्लेखनीय है कि यह कंपनी इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के लिए निर्माण आदि की सुविधा प्रदान करती है. कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक सितंबर 2023 तक ये कंपनी कुल 549.90 करोड़ रुपये के 15 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थी. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के जरिए मिले पैसे से अपने कार्यक्षेत्र में और विस्तार करने का है.

## ऑडी कार की बिक्री 89% बढ़कर 7,931 इकाई रही

**एजेंसी। रायपुर**



जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी की 2023 में भारत में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 89 प्रतिशत बढ़कर 7,931 इकाई रही. कंपनी ने 2022 में 4,187 इकाइयों की बिक्री की थी. गत वर्ष 2023 में बिक्री में वृद्धि की मुख्य वजह क्यू 3 स्पोर्टबैक, क्यू 8 ई-ट्रॉन और क्यू 8 स्पोर्टबैक ई-ट्रॉन को बाजार में पेश किया जाना, साथ ही ए 4, ए 6 तथा क्यू 5 की निरंतर मांग रही.

इसके अलावा, क्यू7, क्यू8, ए8 एल, एस5 स्पोर्टबैक, आरएस5 स्पोर्टबैक, आरएस क्यू8, ई-ट्रॉन जीटी और आरएस ई-ट्रॉन जीटी जैसे टॉप-एंड मॉडल की मजबूत मांग बनी रही. ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने यहां पत्रकारों से कहा, 2023 हमारे लिए एक और सफल वर्ष रहा. हमारे विभिन्न खंड में मजबूत मांग बनी हुई है. ढिल्लों ने कहा, हमें विश्वास है कि यह वृद्धि 2024 में भी जारी रहेगी.

## ब्रीफ खबरें

### बेसिक स्कूल परिसर बना खटाल

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर भैंसों का खटाल बना दिया गया है. इस कारण विद्यालय परिसर में हमेशा गंदगी फैली रहती है. इस संबंध में जानकारी मिलते ही समाजसेवी सह सेवानिवृत प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया विद्यालय पहुंचे. विद्यालय परिसर में दर्जनों भैंस, पुआल, गोबर आदि देखकर चौरसिया ने कहा कि विद्यालय के प्रति लोगों की नैतिकता खो गई है. यह विद्यालय असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है. विद्यालय के किचन रूम पास, चापाकाल के पास, कार्यालय पास में भैंसे, गोबर से बच्चों को खेलने में परेशानी हो रही है.

### गुरु गोविंद सिंह की 357 वीं जयंती मनी

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की 357 वी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. सर्वप्रथम गुरु गोविंद सिंह की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह धर्मगुरु के साथ ही साथ शासक समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी संत थे. उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी. गुरु गोविंद सिंह ने जीवन दर्शन की कला सिखाई जिसे मानव जाति को अनुसरण करना चाहिए.

### 8 जनवरी को रेलकर्मी करेंगे भूख हड़ताल

**धनबाद ।** पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आठ जनवरी को देशभर के रेलवे कर्मचारी भूख हड़ताल करेंगे. धनबाद में डीआरएम कार्यालय के सुविधा केंद्र के सामने रेल कर्मी भूख हड़ताल पर बैठेंगे. ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री व पुरानी पेंशन योजना के लिए गठित संयुक्त फोरम के समन्वयक शिव गोपाल मिश्रा के निर्देश पर देशभर के रेलकर्मी सुबह 10 से शाम पांच बजे तक भूख हड़ताल पर रहेंगे. इस आंदोलन में धनबाद रेल मंडल के सभी 14 शाखा से जुड़े कर्मचारी शामिल होंगे.

### रुचिर होंगे विधानसभा प्रत्याशी : सूर्यपत

**मेदिनीनगर।** कम्युनिस्ट पार्टी के पिछले दिनों राज्य परिषद की रांची में हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए. मौके पर झारखंड राज्य प्रभारी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान उपस्थित थे. डाल्टनगंज विधानसभा से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रुचिर कुमार तिवारी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पार्टी की हलचल बढ़ गई है. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड में राजनीतिक हलचल पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में राज्य परिषद का ध्यान पलामू में अकाल की ओर आकर्षित कराया गया. साथ ही बेरोजगारी, बढ़ती मंहगाई और आने वाली लोकसभा व विधानसभा चुनावों पर भी विस्तृत चर्चा हुई.

### दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी होः जेकेएम

**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच (जेकेएम) के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शुक्रवार पटेल नगर सुदना स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बीएचयू के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की छात्रा के साथ पिछले वर्ष 1 नवंबर को दुष्कर्म करने वाले आरोपियों भाजपा आईटी सेल के कुणाल पाण्डेय,सक्षम पटेल व अभिषेक चौहान को फांसी की सजा दिलाने की. उन्होंने कहा है कि शिक्षा के मंदिर में भाजपा आईटी सेल के दरिंदों द्वारा छात्रा से दुष्कर्म के 60 दिन बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी कर सीधे जेल भेजने की घटना रामराज्य की अवधारणा के ठीक विपरीत है.

### शहरी जलापूर्ति योजना फेज 1 व 2 की समीक्षा

**धनबाद ।** शहरी जलापूर्ति योजना फेज 1 एवं 2 की समीक्षा बैठक शुक्रवार को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के कार्यालय में हुई. नगर आयुक्त ने कार्य की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए कई निर्देश दिए हैं. जिनमें पेय जल एवं स्वच्छता विभाग डिवीजन 1 को 15 एमएलडी ज्यादा पानी देने का निर्देश दिया है. मालूम हो कि अभी शहर को 50 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है. जिसे बढ़ा कर 65 एमएलडी किया जाएगा. बैठक में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, एल एंड टी, पीएमसी, श्रीराम ईपीसी एवं जुडको के प्रतिनिधि मौजूद थे.

चल रही है तैयारी, 74 रेल मंडल में हैं 13523 ट्रेनें, 9141 मालगाड़ी और 8338 स्टेशन, ढुलाई और सफर हो जाएगा महंगा

# आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले होंगे स्टेशन और ट्रेनें

संवाददाता। धनबाद



भारतीय रेलवे के सभी स्टेशन और ट्रेनें आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले होने जा रही है. रेलवे मंत्रालय और बोर्ड स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है. सूत्रों के अनुसार देशभर में 74 रेल मंडल हैं. जहां से खुलने और वहां से गुजरने वाली ट्रेनों की संख्या 13523 है. जबकि 9141 मालगाड़ी हैं, जो माल ढुलाई करती हैं. वहीं स्टेशनों की संख्या धनबाद समेत 8338 हैं. एक रेल अधिकारी ने कहा कि रेलवे के कई विभाग, कोच फैक्ट्री व कुछ ट्रेनें पहले ही आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले कर दी गई है. जहां पूर्व में काम करनेवाले रेलकर्मियों को दूसरे विभाग में शिफ्ट कर दिया गया है. भारतीय रेलवे आनेवाले समय में लगभग सभी कार्यालयों, ट्रेनों, मालगाड़ियों और स्टेशनों को आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले कर देगी. जब भारतीय रेलवे का सारा काम आउटसोर्सिंग कंपनी करेगी, तो माल ढुलाई और यात्री ट्रेनों में सफर महंगा हो जाएगा. हालांकि भारतीय रेलवे के अधीन विभिन्न यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य निजीकरण का विरोध कई वर्षों से कर रहे हैं. उसके बावजूद धीरे-धीरे कई कार्यालय, फैक्ट्री व ट्रेनों को आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले कर दिया गया.

**कम तनख्वाह पर काम लेगी कंपनियां, रेलवे की होगी बचत :** सूत्रों के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनियों के हवाले होने के बाद रेलवे में विभिन्न कंपनियों के प्रबंधक ही अधिकारियों, कर्मचारियों, चालक, गार्ड, टीटीई समेत अन्य पदों की बहाली निकालेंगे. रेलवे को निजीकरण करने के पीछे मकसद बचत करना है. अभी उदाहरण के तौर पर एक अधिकारी या ट्रेन ड्राइवर का वेतन डेढ़ से दो लाख रुपये है, तो आउटसोर्सिंग कंपनी इनसे 40 से 50 हजार के वेतन पर काम लेगी. अभी वर्तमान में भारतीय रेलवे में एक साल में लगभग तीन लाख करोड़ की कमाई करती है. आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले होने के बाद माल ढुलाई और यात्री ट्रेन का किराया बढ़ने से रेलवे की आय काफी बढ़ जाएगी और खर्च भी कम होगा.

### अधिकारियों व कर्मियों की होगी छंटनी

सूत्रों के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनी के हवाले करने से पहले रेल अधिकारियों व कर्मियों की छंटनी हो जाएगी. हालांकि उससे पहले भारतीय रेलवे को रेलवे कर्मियों के आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है. यूनियन के पदाधिकारी भी कहते हैं कि निजीकरण के विरोध में वे लोग रेल चक्का जाम कर देंगे. एक भी ट्रेन या मालगाड़ी चलने नहीं देंगे.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- भारत तेल क्षेत्र के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध स्थान है – डिगबोई (असम)
- भारत का सबसे लम्बा बांध है – हीराकुंड बांध
- श्वेत क्रांति का सम्बन्ध है – दुग्ध से
- कौन सीमांत गांधी के नाम से जाने जाते है– खान अब्दुल गफ्फार खान
- विश्व का विशालतम रेगिस्तान है – सहारा
- दिल्ली से पहले भारत की राजधानी थी – कलकत्ता
- महाभारत के रचयिता कौन हैं – वेदव्यास
- राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कब मनाया जाता है – 4 मार्च को
- कौनसा तत्व सबसे कम सक्रिय होता है – सीसा
- कौनसा तत्व पृथ्वी में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है – ऑक्सीजन
- भारत की सबसे बड़ी झील कौनसी है – चिल्का झील
- जिम कार्बेट पार्क कहा स्थित है – उत्तरांचल
- चारमीनार कहाँ स्थित है – हैदराबाद

गुवा के सामुदायिक भवन में झामुमो की हुई बैठक

# सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने थामा झामुमो का दामन

संदीप कुमार प्रसाद । नोवामुंडी



नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के सामुदायिक भवन में झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता मोहम्मद तबारक की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया. इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन, प्रखंड अध्यक्ष चुमन लागुरी, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नाथ गुप्ता, प्रखंड सचिव मनोज लागुरी शामिल हुए. इस दौरान झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता मोहम्मद तबारक की अध्यक्षता में विभिन्न गांव जिसमें गुवासाई, घाटकुरी, पेचा, गंगदा, रोवाम, लिपुंगा, ठाकुरा, दिरीबुरु, राईका, बड़ा राईका, नुईया, काशिया, बुंडू, अगरवा, कदालसुकुवा, राजाबासा, हाकाआटा, बांकिया सहित अन्य गांव के लगभग 300 लोगों ने झामुमो का दामन थामा.

कार्यक्रम से पूर्व झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम ने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि भाजपा पार्टी के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री पर सीबीआई जांच एवं छापा मारकर केंद्र सरकार क्या साबित करना चाहती है. सीबीआई जांच से झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डरने वाले नहीं है. ना ही वह अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले हैं. ऐसी जांच का झारखंड सरकार लड़कर सामना करेगी. सोनाराम देवगम ने ऐलान करते हुए कहा कि झारखंड में जितनी भी आयरन ओर की खदाने हैं उसमें खदान प्रबंधन स्थानीय को प्राथमिकता दें. और उन्हें बहाली करें. समाचार पत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुवा सेल प्रबंधन दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों को गुवा सेल में नौकरी के लिए जॉइनिंग दी है.

यह हम सभी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे. हर हाल में बहरियों को भगाना होगा नहीं तो सेल प्रबंधन के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन की जाएगी. साथ ही कहा कि आने वाले फरवरी माह में गुवा क्षेत्र से पांच हजार ग्रामीण झामुमो का दामन थामेंगे. इसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है. और काफी ग्रामीण झामुमो पार्टी से जुड़ रहे हैं. आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में झामुमो का हीं सरकार बनेगी. वहीं जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा ग्रामीणों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है. जिसमें अबुआ आवास योजना के माध्यम से जिसके पास अपनी जमीन है सरकार उसे घर बना कर दे रही है. साथ ही और भी बहुत सारी योजनाएं झारखंड सरकार के द्वारा ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लोगों को घर-घर तक इसका लाभ पहुंचा रही है. कार्यक्रम के अंत में तकरीबन 300 ग्रामीणों ने झामुमो का दामन थामा और जिला सचिव सोनाराम देवगम एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन ने माला पहनकर स्वागत किया. अंत में सामूहिक भोजन कराया गया. इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता मोहम्मद तबारक के द्वारा किया गया. इस मौके पर काफी संख्या में विभिन्न गांव के ग्रामीण मौजूद थे.

**खास बातें**

- सोनाराम ने कहा- हेमंत सरकार को सीबीआई जांच से डर नहीं
- कई गांव से लगभग 300 ग्रामीण झामुमो में हुए शामिल

एसएनएमएमसीएच में बीते वर्ष नहीं मिल सका था डायलिसिस के लिए मशीन

# अस्पताल में होगी मशीनों की खरीदारी

संवाददाता। धनबाद



शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मशीनों की खरीदारी का रास्ता साफ हो गया है. इसके लिए डीएमएफटी से तीन करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिल गई है. अब अस्पताल प्रबंधन मशीनों की खरीदारी के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने में जुट गया है. तीन करोड़ रुपये की राशि से अस्पताल में ऑर्थोस्कोपी मशीन, लेप्रोस्कोपी मशीन, रिमोर्ट कंट्रोल ऑपरेशन टेबल, सीआर मशीन समेत अन्य मशीनों की खरीदारी की जायेगी. बता दें कि वर्तमान में एसएनएमएमसीएच के विभिन्न विभागों में मशीनों की कमी है. एक फरवरी तक मशीनों की खरीदारी के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करनी है. उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने मशीनों की खरीदारी की मंजूरी दे दी है.

**डायलिसिस और वार्मर की भी होनी थी खरीदारी :** बताले चलें कि पिछले वर्ष ही मशीनों की खरीदारी होनी थी. डीएमएफटी से राशि निर्गत करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया था लेकिन बार-बार निर्देश टलता चला गया और आखिरकार मशीनों की खरीदारी नहीं हो सकी. इसमें सबसे जरुरी उपकरण डायलिसिस मशीन थी.

चुंकि एसएनएमएमसीएच में मरीजों की तुलना में कम डायलिसिस मशीनें हैं। हर रोज मरीज इलाज के अभाव में वापस लौट रहे हैं। इसलिए यह तय किया गया था कि डीएमएफटी से एसएनएमएमसीएच को डायलिसिस मशीन दी जाएगी. इसके साथ ही बच्चों के लिए वार्मर कम न पड़े, इसलिए पांच वार्मर की खरीदारी भी होनी थी. लेकिन बीते वर्ष कुछ हासिल नहीं हो सका. एक बार फिर आस जगी है. अब देखना होगा कि नए वर्ष की शुरूआत में मरीजों के लिए क्या बेहतर होता है.

### चैंपियन अनुज का महुदा में जोरदार स्वागत

**महुदा ।** महुदा बाजार में गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर पुष्प वर्षा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डर चैंपियन अनुज कुमार तेलियान का महुदा में जोरदार स्वागत किया गया.इस अवसर पर आयोजित समारोह को कैक काटकर उदघाटन किया और अतिथियों को शॉल से सम्मानित किया गया . समारोह को मुख्य अतिथि अनुज कुमार तेलियान ने अपने संबोधन में कहा कि जो भी इस क्षेत्र मे कदम रखना चाहते हैं उनको आगे बढ़ाने के लिए हर सहयोग देने के लिए हम तैयार हैं . उन्होंने लालबंगला स्थित जिम सेन्टर के संचालक रमेश महतो की खूब प्रसंशा की और कहा कि इस छोटी सी जगह मे जीम के प्रति लोगों को जागरूक कर उत्साह बढ़ाया है.

## ग्रामीणों की हड़ताल समाप्त



संवाददाता । सिंदरी

छंटनीग्रस्त 20 श्रमिकों को वापस लेने और 75 प्रतिशत नियोजन सहित पांच सूत्री मांगों पर झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के बैनर तले छाताटांड़ पंचायत के ग्रामीणों ने एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के चारों द्वार को दूसरे दिन शुक्रवार को भी जाम रखा गया. इसी बीच एसीसी सिमेंट फैक्ट्री श्रमिकों और ग्रामीण आमने सामने घंटों खड़े रहे. जिला प्रशासन की मध्यस्थता पर एसीसी प्रबंधन और आंदोलनकारियों से बातचीत सिंदरी थाना सभागार में संपन्न हुई और प्रबंधन द्वारा दो महीने के समय की मांग के साथ जेबीकेएसएस ने शुक्रवार की देर शाम हड़ताल समाप्त कर दिया. धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार और एसडीएम धनबाद उदय रजक की मध्यस्थता वार्ता सफल हुई. सिटी एसपी ने बताया कि अधिकारियों से पत्राचार कर पांच सूत्री मांगों को दो महीने में हल करने का समय मांगा है.

## ग्रामसभा में ग्रामीणों का हंगामा, मुखिया की फजीहत



संवाददाता । महुदा

बाघमारा प्रखंड की पाथरगड़िया पंचायत में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. हंगामा करने वालों में ज्यादातर गरीब महिलाएं शामिल थीं. उनका आरोप था कि जांच करने वाले सरकारी नुमाइंदों ने उन्हें योजना के लाभ से वंचित कर दिया. जानकारी के अनुसार, पंचायत में अबुआ आवास के कुल 826 आवेदन आए थे. वीएलडब्ल्यू, पंचायत सचिव सुनीता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी व अन्य जिम्मेदारों ने जांच में महज 316 लाभुकों का चयन किया. बाकी आवेदन रद्द कर दिए गए. आरोप है कि लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है.

गड़बड़झाले के इस कारनामे को वैधानिक रूप देने और चयनित लाभुकों की सूची पारित कराने के लिए पंचायत सचिव जलेश्वर गोप व मुखिया नमिता देवी ने ग्रामसभा बुलाई थी. ग्रामसभा की घोषणा होते ही सैकड़ों ग्रामीण पंचायत सचिवालय पहुंचे और हंगामा करने लगे. महिलाओं ने मुखिया और पंचायत सचिव को घेरकर उनकी खूब फजीहत की.

पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देंगे ठेकेदार

# टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जेएनएसी पार्किंग कमिटी के साथ एक बैठक की. इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक स्लीप, ड्रेस कोड, आईडी कार्ड, पार्किंग समयावधि और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई. इसके अलावा शहर में पार्किंग व्यवस्था को लेकर गहन विमर्श किया गया.

उपायुक्त ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यवस्थित पार्किंग जरूरी है. उन्होंने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त को जल्द से जल्द पार्किंग टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए.

**क्यूआर कोड बेस्ड होंगे पार्किंग स्लिप :** बैठक में समिति ने पार्किंग शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्लिप देने पर चर्चा किया जिसमें बार कोड, क्यूआर कोड व सीरियल नंबर होंगे जिससे पार्किंग स्लिप को जांच करने में आसानी हो. पार्किंग के नाम पर कोई अनियमितता नहीं कर सके. साथ ही कम से कम 2 घंटे की वैधता के पश्चात अतिरिक्त घंटे के लिए अलग से शुल्क लेने पर विचार किया गया.

इसके अलावा जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पूरे दिन के पार्किंग अवधि के लिए भी पास जारी करने का सुझाव दिया गया. वहीं भीड़-भाड़ वाले स्थानों जहां पार्किंग से सुगम यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो सकती है वैसे स्थानों पर पूरे दिन के लिए पास नहीं जारी करने का निर्णय लिया गया. बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त रवि प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीएसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक थाना के प्रभारी समेत अन्य मौजूद रहे.

## न्यूज अपडेट

### नगर कीर्तन में महिलाओं की भूमिका तय



**जमशेदपुर।** सिख धर्मावलम्बियों के दसवें गुरु सरबंसदानी गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की तैयारी लौहनगरी में शुरु हो गई है. प्रकाश पर्व को श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से मनाने के लिए कोल्हान की गुरुद्वारा कमेटियां सेवा में जुट गई है. इस अवसर पर 17 जनवरी को सीजीपीसी की देखरेख में टेल्को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकाला जायेगा. सेंट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी रविन्द्र कौर ने एक महत्वपूर्ण बैठक की. इसमें सभी गुरुद्वारा की सिख स्त्री सत्संग सभा की प्रधान व महासचिव शामिल हुईं. साकची स्थित सीजीपीसी के दफ्तर में बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान बीबी रविंदर कौर ने नगर कीर्तन की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया.

### एसीबी के रडार पर सिविल सर्जन कार्यालय के कई कर्मी

**धनबाद ।** नए वर्ष की शुरूआत के साथ एसीबी की कार्रवाई भी शुरू हो गई है. कार्रवाई की पहली शुरूआत सिविल सर्जन कार्यालय से हुई है. एसीबी ने शुक्रवार को चार हजार रुपये घूस लेते क्लर्क उमेश कुमार को पकड़ा. धनसार के एक शिकायतकर्ता के आवेदन पर कार्रवाई हुई. कार्रवाई होते ही सिविल सर्जन कार्यालय के कुछ कर्मचारियों के कान खड़े हो गए. कुछ ने अपना फोन बंद कर लिया तो कुछ वहां से गायब हो गए. कार्रवाई के बाद एसीबी के रडार पर अब दूसरे कर्मचारी भी आ गए हैं. चुंकि मामला दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने का था तो उस विभाग में पूरे दिन हलचल रही. दूसरी ओर गिरफ्तारी के बाद विभाग लिपिक को सस्पेंड करने की प्रक्रिया में जूट गई है. सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन ने कहा कि ऐसे कार्य से कार्यालय की छवि धूमिल होती है.

### हड़ताल पर गए लोहरदगा के डीलर्स संघ

**लोहरदगा।** फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश जिला ईकाई लोहरदगा द्वारा अपनी मांगों को लेकर बीते 01 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. इस बीच डीलर्स संघ ने राशन उठाव एवं वितरण पर पूर्णतः बंद कर दिया है. इधर लोहरदगा जिला के डीलर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को सात सूत्री मांग पत्र सौंपकर मांगों पर यथाशीघ्र पहल करने की बात कही है. बकौल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा सीएम के नाम लिखित ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा गया है कि झारखंड के राशन विक्रेता वर्षों से अल्प आय में काम करने को विवश हैं. सीएम का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा गया है कि आपके द्वारा साल 2019 में चुनाव के पूर्व अपने आवास में मीटिंग में वादा किया गया था कि यदि झारखंड में अगली सरकार हमारी बनी तो आपकी समस्या दूर होगी.

### एसजीएफआई : ताइक्वांडो में झारखंड को 4 पदक

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज्य के खिलाड़ियों ने 4 कांस्य पदक अपने नाम किया. झारखंड टीम ने प्रतियोगिता में कुल 9 पदक, 2 रजत और 7 कांस्य पदक जीता है. अंडर 17 बालक में मो. आसिफ इकबाल ने 68-73 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया. आसिफ इकबाल ने नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले नॉक आउट मैच में दिल्ली को 2-1 से, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तरप्रदेश को 2-0 से हराकर कांस्य पदक जीता. वहीं अंडर-17 बालिका के 46-49 किलोग्राम भारवर्ग में धानमुनी कुमारी ने पहले नॉक आउट मैच में सीआईइससीई को 2-1, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में दमन दीव को, क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को हराया.

**राहत** उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर मिलेगा आटा-दाल व प्याज, घर तक पहुंच रही मोबाइल वैन

# एनसीसीएफ अब 65 रुपये किलो बेच रहा है चना दाल

अमित सिंह। रांची



भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) प्रदेश में 65 रुपए किलो चना दाल बेच रहा है. इसके लिए मोबाइल वैन लगाई गई है. एनसीसीएफ की मोबाइल वैन गुरुवार को एचईसी जेपी मार्केट पहुंचा. वहां आम जनता को 65 रुपए किलो चना दाल उपलब्ध करायी गयी.

बाजार में यह चना दाल 75 से 80 रुपए किलो बिक रही है. वहीं झारखंड सरकर की संस्था पलास ने चना दाल बिक्री की कीमत 90 रुपए तय किया है. ऐसे में एनसीसीएफ उपभोक्ताओं को 15 से 20 रुपए किलो सस्ते दर पर उपलब्ध करा रहा है. एनसीसीएफ प्रदेश में जल्द 25 से 30 रुपए किलो आटा बेचने की तैयारी में लगा हुआ है.

आने वाले समय में एजेंसी सस्ते दर पर चावल भी उपलब्ध कराएगा. झारखंड, कोलकाता, पटना, दिल्ली, मुंबई सहित कुल 114 शहर और 1155 मोबाइल वैन के साथ एजेंसी सस्ता सामान बेच रहा है. एजेंसी के माध्यम से अबतक 1.65 लाख मीट्रिक टन प्याज सस्ते दर पर बिक चुक है.

**तीन विवि में परीक्षा का काम भी देख रही एजेंसी :** एनसीसीएफ वही संस्था है, जो प्रदेश के तीन विवि में परीक्षा संचालित कराने का संपूर्ण कार्य करती है. इसके लिए विश्वविद्यालयों से एनसीसीएफ के सलाना करीब 10 करोड़ से ज्यादा का भुगतान होता है. रांची विवि रांची, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) धनबाद और विनोवा भावे विवि हजारीबाग के साथ एनसीसीएफ ने एमओयू किया है. विश्वविद्यालय में सक्रिय छात्र संगठन एनसीसीएफ से परीक्षा आयोजित कराने का विरोध कर रहे है. रांची विवि ताजा उदाहरण है. जहां विरोध में छात्र संगठनों ने लगातार 7 दिनों तक एनसीसीएफ के कार्यालय में तालाबंदी कर दी थी.

### सस्ता आटा-चावल भी उपलब्ध कराएगी एजेंसी

एनसीसीएफ के झारखंड ब्रांच मैनेजर बीबी सिंह ने इस संबंध में बताया कि एजेंसी हर कार्य में सक्षम है. प्रदेश में सस्ते दर पर उपभोक्ताओं के प्याज, आटा-दाल और चावल उपलब्ध कराने को लेकर काम चल रहा है. अभी प्याज और दाल सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है. आने वाले समय में सस्ते दर पर चावल भी मुहैया कराया जाएगा. इसके लिए एफसीआई से बातचीत हो गई है.



**16** से 19 जनवरी तक रांची में किया गया है ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन

**18** जनवरी को सेमीफाइनल और 19 जनवरी को होगा फाइनल मुकाबला

**हॉकी :** रांची में आयोजित एशियाई चैंपियन ट्रॉफी में खिताबी जीत ने महिला हॉकी टीम का मनोबल बढ़ाया

# अब ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है भारतीय टीम

संवाददाता । रांची

रांची में पिछले वर्ष महिला हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया गया था, जहां भारतीय टीम ने खिताबी जीत हासिल की थी. एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने भारतीय टीम का मनोबल बढ़ाया है और अब भारतीय टीम की नजरें रांची में 16 से 19 जनवरी तक आयोजित ओलंपिक क्वालीफायर पर है. जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे. भारतीय कप्तान सविता के अनुसार भारतीय टीम ओलंपिक क्वालीफायर की चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार है. भारतीय कप्तान सवित ने कहा कि टीम एशिाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा है. उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया की वे टीम को पेरिस ओलंपिक के लिए टीम को क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी. बता दें कि भारतीय टीम ओलंपिक क्वालीफायर के लिए रांची पहुंच चुकी है और अपनी तैयारियों में जुट गयी है.

**भारत का शेड्यूल**

- **13 जनवरी** : भारत बनाम अमेरिका
- **14 जनवरी** : भारत बनाम न्यूजीलैंड
- **16 जनवरी** : भारत बनाम इटली

**निक्की प्रधान ने कहा- टीम की हर सदस्य ओलंपिक में भाग लेना चाहती है :** भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा कि टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है. यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है.





### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत से प्रेरित है टीम : सविता

*भारतीय टीम की कप्तान सविता ने कहा कि टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद. उन्होंने कहा कि हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं. यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं. टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी.*

## ब्रीफ खबरें

### भारतीय टीम की अगुआई करेंगी अवनि

**मेलबर्न ।** प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं.पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे.

### मुंबई मैराथन का आकर्षण होंगे हेले

**मुंबई ।** प्रतियोगिता के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट 21 जनवरी को यहां होने वाली टाटा मुंबई राथन के 19वें सत्र का आकर्षण होंगे. मुंबई मैराथन विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है. पिछले साल बरहानु ने दो घंटे सात मिनट 32 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता था. महिला वर्ग में हेमानोव ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दो घंटे 24 मिनट 15 सेकेंड के टूर्नामेंट के रिकॉर्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया था.

### अरुणाचल प्रदेश करेगा कयाकिंग की मेजबानी

**तवांग ।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े कयाकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा. तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी में मिलती हैं जिसके बाद यह भूटान में जाने के बाद अंत में ब्रह्मपुत्र में विलीन हो जाती है. टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कयाकिंग टूर्नामेंट 'तवांगचू टाइड्स' पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा.

**टेस्ट मैच :** जमाल की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान ने बनाई बढ़त

# ऑस्ट्रेलिया ने की जोरदार वापसी

भाषा । सिडनी

**04** विकेट चटकाए हेजलवुड ने


**06** विकेट चटकाए आमिर जमाल ने

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा. ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया. जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया. पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है. दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है. पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं. पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था. जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की.

ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए. ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है. जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया. उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया. जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी.



### वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली



ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई. ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं. वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा कि सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं. उन्हेंने कहा कि कोई भी क्रिकेटर जानता है कि वह टोपी कितनी खास है.

### डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम

**नयी दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज ड्रॉ करने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अंक तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है. पहले मुकाबले में हार झेलने के बाद टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज की. जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो गई थी. भारत ने 2023-25 साइकिल में अब तक वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका का दौरा कर लिया है. दोनों ही देशों में भारत ने 2-2 टेस्ट खेले. भारत को वेस्टइंडीज में एक जीत मिली और एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं, साउथ अफ्रीका में टीम को 1 जीत और 1 हार मिली. हर जीत पर मिलते है 12 पॉइंट्स, परसेंटेज से तय होती है पोजिशन डब्ल्यूटीसी में हर टीम को कम से कम 6 सीरीज खेलनी होती है, लेकिन हर टीम की सीरीज में मैचों की संख्या फिक्स नहीं होती. किसी सीरीज में 2 ही टेस्ट मैच होते हैं, तो किसी सीरीज में 5 टेस्ट मैच. ऐसे में अगर टोटल पॉइंट्स के आधार पर रैंकिंग बनाई जाती तो उन टीमों को ज्यादा फायदा होता, जो ज्यादा टेस्ट मैच खेलती है.

आओ जानें

### डब्ल्यूटीसी अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 | 54.16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 | 50.00 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 | 45.83 |
| वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 | 15.00 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

### केपटाउन की पिच पर रोहित ने उठाए सवाल

**केपटाउन ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा केप टाउन की पिच से नाखुश दिखे. दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस रोहित ने कहा कि केपटाउन की पिच टेस्ट मैच के लिए आदर्श नहीं थी. जब तक भारतीय पिचों के बारे में कोई शिकायत नहीं करता, तब तक मुझे इस तरह की पिचों पर खेलने में कोई आपत्ति नहीं है. भारत में टर्निंग ट्रैक की आलोचना की जाती है. उन्होंने कहा कि यहां तक कि वर्ल्ड फाइनल की पिच पर भी सवाल उठाए गए थे, जबकि उस मैच में एक बल्लेबाज ने सेंचुरी भी जमाई थी. आसीसी और मैच रेफरी को रेटिंग के लिए एक पैमाना होना चाहिए. भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन टेस्ट 7 विकेट से जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म की.

# इटैलियन कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा यूवेंटस

भाषा । तुरिन (इटली)

**खास बातें**

- यूवेंटस की टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद की वापसी
- यूवेंटस की टीम ने सालेर्निटाना को 6-1 से पराजित किया

यूवेंटस ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिरी ए में अंतिम स्थान पर चल रहे सालेर्निटाना को 6-1 से हराकर इटैलियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. डिफेंडर फेडेरिको गेटी की गलती का फायदा उठाकर चुकवुबुइकेम इकवुमेसी ने 59वें सेकेंड में ही सालेर्निटाना को बढ़त दिला दी थी. यूवेंटस ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए फाबियो मिरेती, आंद्रिया केम्बियासो, डेनियल रुगानी, केनान यिलडिज और टिमोथी वीह के गोल से आसान जीत दर्ज की. सालेर्निटाना के डिफेंडर डाइलन ब्रोन ने आत्मघाती गोल भी दागा. अंतिम आठ में यूवेंटस की भिड़ंत फ्रोसिनोन से होगी जबकि फायोरेनटिना को बोलोगना से भिड़ना है.

# दोस्ती में दगा : धौनी के करीबी दोस्तों में एक रहे हैं मिहिर

संवाददाता । रांची




महेंद्र सिंह धौनी ने 16 करोड़ रुपये के नुकसान मामले में अपने दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कराया है. इसे लेकर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडे की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई. धौनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है. मिहिर दिवाकर धौनी के करीबी दोस्त रहे हैं. वहीं वो उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे है. जानकारी के मुताबिक, मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धौनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था, लेकिन दिवाकर ने समझौते में बताई गई शर्तों का पालन नहीं किया. इस मामले में अरका स्पोर्ट्स को फ्रेंचाइजी का शुल्क भुगतान करना था. समझौते के तहत प्रॉफिट शेयर करना था. लेकिन समझौते के सभी नियम और शर्तों का पालन नहीं किया गया.

धौनी ने 15 अगस्त, 2021 को अरका स्पोर्ट्स से अथॉरिटी लेटर वापस ले लिया. उनको धौनी की ओर से कई कानूनी नोटिस भेजे गये, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. इसके बाद धोनी के वकील दयानंद सिंह ने दावा किया है कि अरका स्पोर्ट्स ने उनके साथ धोखाधड़ी की है. जिससे उन्हें 16 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है.

### ऋषभ पंत को भी लगा था 1.63 करोड़ का चूना

धौनी से पहले ऋषभ पंत को भी करोड़ों का चूना लगा था. मृणांक सिंह नाम के शख्स उनके साथ धोखाधड़ी की थी. जिसे 25 दिसंबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. मृणांक पर आरोप है कि उसने लग्जरी घड़ियां सस्ते दामों में दिलाने का लालच दिया था. वह खुद को लग्जरी घड़ियों, बैग्स और जूलरी का बिजनेसमैन बताया था. जिसमें ऋषभ पंत को 1.63 करोड़ का घाटा हुआ था.



**मिली सफलता** केएल राहुल ने कहा- पहले टेस्ट में अतिरिक्त आक्रामकता की थी कमी

# दूसरे टेस्ट में टीम के रवैये में बदलाव से चीजें बदलीं

भाषा । केपटाउन

लोकेश राहुल ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में हार के दौरान भारतीय टीम में अतिरिक्त आक्रामकता नहीं थी लेकिन मानसिक बदलाव ने दूसरे टेस्ट में चीजें बदल दीं. भारत सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से हार गया था, लेकिन टीम ने गुरुवार को यहां दूसरे टेस्ट में दो दिन के भीतर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज कर श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ करा दी. राहुल ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा कि मुझे लगता है कि हम बल्लेबाजी या गेंदबाजी के मामले में अपने पिछले मैच के दौरान वास्तव में शत प्रतिशत नहीं थे. हम तैयार थे लेकिन अतिरिक्त धार या अतिरिक्त आक्रामकता गायब थी. इसका श्रेय दक्षिण अफ्रीका को भी जाता है कि उन्होंने आत्मविश्वास के उस स्तर तक नहीं पहुंचने दिया.

### केएल राहुल ने की टीम की सराहना



"पिछले 4-5 वर्षों से हम एक ऐसी टीम रहे हैं जो वास्तव में प्रतिस्पर्धी है और हमने भारत के बाहर शृंखला जीती है इसलिए हम इसके लिए तैयार थे"

राहुल ने झटके से जल्दी उबरने के लिए टीम की सराहना की. उन्होंने कहा कि केवल योजना और रवैये में थोड़ा सा बदलाव हुआ था. मेरा मतलब है कि हम यह नहीं कह सकते कि हम पिछले टेस्ट मैच के दौरान तैयार नहीं थे. हम तैयार थे लेकिन ऐसी परिस्थितियां होती हैं जहां प्रतिद्वंद्वी वास्तव में आपको मुकाबले से बाहर कर देता है या हम इसके आदी नहीं थे. राहुल ने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों से हम एक ऐसी टीम रहे हैं जो वास्तव में प्रतिस्पर्धी है और हमने भारत के बाहर शृंखला जीती है इसलिए हम इसके लिए तैयार नहीं थे.

### रोहित शर्मा ने मदद की: यशस्वी



"द. अफ्रीका के खिलाफ शृंखला चुनौतीपूर्ण थी और कप्तान रोहित शर्मा ने मुझे सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में काफी मदद की"

यशस्वी जायसवाल को यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला चुनौतीपूर्ण थी और उन्होंने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित ने उन्हें सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में मदद की. सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क और केपटाउन के न्यूलैंड्स की उछालभरी पिचों पर जायसवाल चार पारियों में केवल 50 रन ही बना सके. दो टेस्ट मैच की शृंखला 1-1 से बराबर रही. जायसवाल ने कहा कि रोहित शर्मा मुझे सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में मदद करते हैं और हमें नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन बनाने की जरूरत है.

आईसीसी ने जारी किया टी-20 विश्व कप का शेड्यूल

# नौ जून को भारत-पाक में भिड़ंत

एजेंसी । दुबई

आईसीसी ने शुक्रवार को टी-20 विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी कर दिया है. टी-20 विश्व कप की शुरुआत 1 जून से होगी. विश्व कप में भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा. वहीं, भारत पाकिस्तान मैच नौ जून को खेला जाएगा. भारत का तीसरा मैच 12 जून को अमेरिका और चौथा मैच 15 जून को कनाडा के साथ होगा.

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें भाग लेंगी. सभी टीमों को पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है. भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ रखा गया है. टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और मेजबान टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा. मुकाबला एक जून को न्यूयॉर्क में ही होगा. टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार ही होगा. 1 से 18 जून तक ग्रुप स्टेज के 40 मैच होंगे. 19 से 24 जून तक सुपर-8 के 12 मुकाबले खेले जाएंगे. 26 जून को गयाना में पहला सेमीफाइनल और 27 जून को त्रिनिदाद में दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा. 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच खेला जाएगा.

### किस ग्रुप में कौन-कौन टीम



- कनाडा और अमेरिका के बीच 1 जून को खेला जाएगा पहला मैच
- भारत का पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा

**29** जून को बारबाडोस में खेला जाएगा फाइनल

- **ग्रुप ए :** भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका
- **ग्रुप बी :** इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान
- **ग्रुप सी :** न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी
- **ग्रुप डी :** दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल

▼ ब्रीफ खबरें

## काशी ज्ञानवापी मामले में फिर टली सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट को खोलने और हिंदू व मुस्लिम पक्षों को प्रतियां देने या नहीं देने पर छह जनवरी को फैसला करेगी. इस मामले में पांच जनवरी को फैसला आना था लेकिन सुनवाई टल गई. न्यायिक कार्य की व्यस्तता की वजह से एएसआई की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर अब आज फैसला सुनाया जाएगा. हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने गुरुवार को बताया था कि इस मामले पर गुरुवार को फैसला होना था.

## यूपी में भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह का निधन

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधानसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी के विधायक मानवेंद्र सिंह का लंबी बीमारी के कारण शुक्रवार सुबह दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया. उनके पुत्र ने इसकी जानकारी दी. प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया हैं . मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उनके पिता का आज सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया.

## 12 साल की किशोरी से शादी कर किया गर्भवती

**ठाणे।** नवी मुंबई में पुलिस ने 12 वर्षीय किशोरी से कथित तौर पर शादी करने और उसके साथ कई बार बलात्कार करने तथा उसे गर्भवती करने के आरोप में 29 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया छह महीने पहले बाल विवाह हुआ था, जोकि देश में अवैध है. कथित तौर पर उस व्यक्ति ने किशोरी के साथ कई बार बलात्कार किया जिससे वह गर्भवती हो गयी. उन्होंने बताया कि व्यक्ति और नाबालिग दोनों मूल रूप से महाराष्ट्र के सतारा जिले के रहने वाले हैं.

## कल्याण बनर्जी ने जताया जगदीप धनखड़ का आभार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने अपने जन्मदिन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिले बधाई संदेश के लिए शुक्रवार को उनकी सराहना की और इसे उनका बड़प्पन बताया. संसद के पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान बनर्जी ने राज्यसभा सभापति की मिमिक्री की थी जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था. बनर्जी ने पिछली गलतफहमियों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने के महत्व पर भी जोर दिया. बनर्जी बृहस्पतिवार को 67 वर्ष के हो गए.

## अरुणाचल के तीन और उत्पादों को जीआई टैग

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की अदरक, हस्तनिर्मित कालीन और वांचो लकड़ी के शिल्प ने भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग हासिल कर लिया है. मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यह घोषणा की . अरुणाचल प्रदेश में अदरक को स्थानीय तौर पर आदि केकिर के नाम से जाना जाता है. भौगोलिक संकेत या जीआई उन उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक संकेत है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है. इस विशिष्ट भौगोलिक उत्पति के कारण उनमें विशेष गुण और उनका विशेष महत्व होता है.

## यूपी में पुलिस मुठभेड़ में वांछित इनामी ढेर

**लखनऊ।** सुलतानपुर जिले में शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. कोतवाली देहात थाना के प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि अपराधी की पहचान विनोद कुमार उपाध्याय (37) के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि उपाध्याय और एसटीएफ के बीच थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार बाईपास के पास हुई मुठभेड़ हुई.

## लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट उमर फैयाज के 2017 में अपहरण और हत्या के मामले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक आतंकवादी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में मारा गया. पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के छोटीगाम में आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने तड़के इलाके घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया.



नोएडा : किसानों ने शुक्रवार को नोएडा में एनटीपीसी कार्यालय के पास अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास किया.

## आओ जानें

### जनसंख्या में हिस्सेदारी के रूप में महिलाएं

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नेपाल | 54.2% | मेक्सिको | 51.1% | आयरलैंड | 50.4% |
| हांगकांग | 54.1% | ग्रीस | 50.9% | इज़राइल | 50.2% |
| यूक्रेन | 53.7% | कोलंबिया | 50.9% | ऑस्ट्रेलिया | 50.2% |
| रूस | 53.7% | ब्राज़ील | 50.9% | नीदरलैंड | 50.2% |
| पुर्तगाल | 52.7% | स्पेन | 50.8% | ईरान | 49.5% |
| हंगरी | 52.4% | द.अफ्रीका | 50.7% | अल्जीरिया | 49.5% |
| श्रीलंका | 52.1% | ऑस्ट्रिया | 50.7% | मिस्र | 49.5% |
| फ्रांस | 51.6% | तुर्की | 50.6% | बांग्लादेश | 49.4% |
| पोलैंड | 51.6% | यूके | 50.6% | चीन | 48.7% |
| इटली | 51.3% | जर्मनी | 50.6% | अफगानिस्तान | 48.7% |
| अर्जेंटीना | 51.2% | यूएसए | 50.5% | मलेशिया | 48.6% |
| जापान | 51.2% | स्विट्जरलैंड | 50.4% | पाकिस्तान | 48.5% |
| उ.कोरिया | 51.1% | कनाडा | 50.4% | भारत | 48.0% |

### राशन घोटाले की जांच के लिए उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे

# ईडी पर हमला, राज्यपाल नाराज

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में ईडी के अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार पर शुक्रवार को निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अटैक वीभत्स और निंदनीय है. राज्य सरकार को यह रोकना होगा. उन्होंने मामले को लेकर गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है. सीवी आनंद बोस ने कहा कि यदि सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है तो संविधान अपना काम करेगा. पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है. ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए.

दरअसल, ईडी के अधिकारी राशन वितरण मामले की जांच को लेकर बंगाल में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे. इस दौरान अधिकारियों पर हमला कर दिया गया और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई. आरोप लगाया जा रहा है कि ऐसा शाहजहां के समर्थकों ने किया है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को हमला कर दिया. एक अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं और शेख का आवास उनमें से एक है. अधिकारी ने बताया कि जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखाली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया. इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया जिससे वे वहां से जाने के लिए मजबूर हो गए.

उन्होंने बताया कि एक अधिकारी के सिर में चोट लगी है और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा. शाहजहां को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है. ज्योतिप्रिय मल्लिक को करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है.




### खास बातें

- अटैक वीभत्स, सरकार को यह रोकना होगा : राज्यपाल
- ईडी राज्य में 15 स्थानों पर कर रही है छापेमारी

## हरियाणा : खनन मामले में विदेशी हथियार और पांच करोड़ रुपये नकद बरामद

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित हथियार, लगभग 300 कारतूस, पांच करोड़ रुपये नकद और 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं. आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बृहस्पतिवार को पूर्व विधायक सिंह और सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी. सिंह यमुनानगर से इनेलो के विधायक रह चुके हैं. सूत्रों ने बताया कि सिंह और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों से लगभग पांच करोड़ रुपये नकद, कथित अवैध विदेश निर्मित हथियार, लगभग 300 कारतूस, 100 से अधिक शराब की बोतलें, चार-पांच





किलोग्राम सोना और भारत और विदेशों में संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं. उन्होंने जानकारी दी कि कुछ स्थानों पर तलाशी जारी है.

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और संबंधित इकाइयों के लगभग 20 परिसरों पर छापेमारी की गई. धन शोधन का ये मामला हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले दिनों यमुनानगर और आसपास के जिलों में हुए कथित अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गईं हरियाणा पुलिस की कई प्राथमिकियों से सामने आया



है. ये प्राथमिकियां पट्टा समाप्ति और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी हुए पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थीं. केंद्रीय एजेंसी राजस्व और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है.

## राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते की कंपनी पर छापेमारी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले के संबंध में धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को बारामती एग्रो और उससे जुड़ी कंपनी के परिसरों पर छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. बारामती एग्रो कंपनी के मालिक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार हैं. सूत्रों के मुताबिक, बारामती, पुणे, औरंगाबाद और अमरावती में कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की गई. बारामती कस्बे में बारामती एग्रो के कार्यालय पर भी छापेमारी की गई. मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध (ईओडब्ल्यू) शाखा ने अगस्त, 2019 में प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके बाद धन शोधन का यह मामला सामने आया था. बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 22 अगस्त 2019 को महाराष्ट्र सहकारी क्षेत्र में कथित तौर पर धोखाधड़ी से चीनी मिलों को बेचने के आरोपों की जांच करने का आदेश जारी किया था और कहा था कि इन्हें औने-पौने दाम पर बेचा गया, जिसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी.



## असम में 48 घंटे की हड़ताल शुरू, वाहन सड़कों से नदारद



भाषा। गुवाहाटी

'हिट-एंड-रन' मामलों पर नए दंडात्मक कानून के विरोध में असम के परिवहन संघों द्वारा संयुक्त रूप से बुलाई गई 48 घंटे की हड़ताल के कारण शुक्रवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन से जुड़े वाहन सड़कों से नदारद दिखे.

हड़ताल के कारण बसें, टैक्सियां और ऐप संचालित कैब नहीं चलने के कारण ऑफिस जाने वाले लोगों को अपने कार्यस्थलों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. असम मोटर वर्कर एसोसिएशन के संयोजक रामेन दास ने कहा कि सरकार किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए केवल चालकों को दोषी ठहराना चाहती है, भले ही उसने अपराध नहीं किया हो. सड़क की स्थिति को सुधारने के बजाय, वे गरीब चालकों को दंडित कर रहे हैं. दास ने कहा कि 'हिट-एंड-रन' मामलों पर नया कानून चालक विरोधी है और वाहनों के मालिकों के खिलाफ है. हम कानून वापस लेने की अपनी मांग पर दबाव बनाने के लिए शुक्रवार सुबह पांच बजे से रविवार सुबह पांच बजे तक सभी वाहनों की हड़ताल का आह्वान करते हैं.

### खास बातें

- बसें, टैक्सियां और ऐप संचालित कैब भी नहीं चली
- अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में कोई रास्ता नहीं निकला

## सीमा अंग्रेजों ने थोपी थी, बाड़ लगाना अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री

भाषा। आइजोल

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने केंद्र सरकार से कहा कि उनके राज्य के लोग मानते हैं कि म्यांमा के साथ लगती 510 किलोमीटर लंबी सीमा उन पर अंग्रेजों की ओर से थोपी गई थी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ स्वीकार्य नहीं है. वर्ष 2021 में म्यांमा में सैन्य तख्तापलट के बाद पड़ोसी देश के हजारों लोगों ने मिजोरम में शरण ली थी और इनमें से ज्यादातर की जातीयता मिजोस है. लालदुहोमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि मिजोरम की ओर भारत-म्यांमा सीमा का सीमांकन ब्रिटिश (शासन) ने प्रभावित लोगों की सहमति के बिना किया था. पिछले महीने पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम के मुख्यमंत्री बने



लालदुहोमा ने दिन में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की. यह उनकी पहली मुलाकात थी. एक आधिकारिक बयान में लालदुहोमा के हवाले से कहा गया है कि मिजो की 'जो' सजातीय जनजातियां भारत-म्यांमा सीमा को एक थोपी हुई सीमा मानती हैं, जिसने भौगोलिक रूप से मिजो जनजातियों को अलग कर दिया है.

## छग के सात जिलों से गुजरेगी न्याय यात्रा

भाषा। रायपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने वाली ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' अगले महीने छत्तीसगढ़ के सात जिलों से होकर गुजरेगी. पार्टी के एक पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यात्रा 67 दिनों में 15 राज्यों के 110 जिलों से गुजरते हुए 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद मुंबई में समाप्त होगी. उन्होंने बताया कि यात्रा के 16-17 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद है, जो पांच दिनों में राज्य के सात जिलों से होकर गुजरेगी. छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने कहा कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है. जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे बड़ा और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा.

बैज ने कहा कि जब क्षेत्र, धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है तब कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है. राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इस यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा.

### खास बातें

- 110 जिलों से गुजरते हुए तय करनी है 6,700 किमी
- 16-17 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद

## इसरो ने ईंधन सेल का सफल परीक्षण किया

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में अपने अभियान का आकलन करने और भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन के लिए आंकड़ें एकत्रित करने के वास्ते एक ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया.विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो ने अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म पोअम 3 में 100 वॉट वर्ग की पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल आधारित ऊर्जा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. पोअम 3 का पीएसएलवी-सी58 से एक जनवरी को प्रक्षेपण किया गया था.

## नेपाल को 7.5 करोड़ डॉलर देगा भारत : एस. जयशंकर

भाषा। काठमांडू

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पिछले साल आए भूकंप से प्रभावित नेपाल के पश्चिमी जिले में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज देगा. जयशंकर ने यह टिप्पणियां काठमांडू में नेपाल के अपने समकक्ष एन पी सौद के साथ त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से



उद्‌घाटन करने के दौरान कीं. ये परियोजनाएं नेपाल में 2015 में आए भूकंप के बाद शुरू की गयी थीं. जयशंकर 2024 में विदेश की अपनी पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे.

## सीएम आदित्यनाथ ने कल्याण सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कल्याण सिंह की जयंती पर शुक्रवार को राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कल्याण सिंह को याद करते हुए लिखा कि श्री राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 'पद्म विभूषण' श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबूजी' की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि.

**संबंध** आम चुनावों से पहले बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान का सख्त बयान

# भारत विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बांग्लादेश

भाषा। कोलकाता

बांग्लादेश में रविवार को होने वाले आम चुनावों से पहले वहां के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने कहा कि जब तक अवामी लीग सत्ता में है, ढाका कभी भी भारत विरोधी गतिविधि या आतंकवाद के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देगा. शेख हसीना सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि उनके देश में चीनी निवेश चिंता का कारण नहीं होना चाहिए. साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी भारत-बांग्लादेश संबंधों की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है और आने वाले दिनों में यह संबंध और भी मजबूत होंगे. ढाका से टेलीफोन पर



दिए साक्षात्कार में खान ने कहा कि अवामी लीग सरकार सात जनवरी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आम चुनाव के पक्ष में है. उन्होंने यह दावा भी किया कि मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बहुमत हासिल नहीं कर पाने के डर से चुनावों का बहिष्कार किया है. बीएनपी ने आम चुनावों का बहिष्कार किया है क्योंकि अवामी लीग ने चुनाव कराने के लिए कार्यवाहक सरकार को सत्ता सौंपने से इनकार कर दिया था. खान ने कहा कि बीएनपी और जमात ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में भारत विरोधी विभाजनकारी ताकतों को शरण दी थी. सत्ता में आने के बाद हमने उनका सफाया कर दिया. जब तक हम (अवामी लीग) सत्ता में हैं, बांग्लादेश कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी भारत विरोधी गतिविधि, आतंकवादियों या विभाजनकारी ताकतों के लिए नहीं होने देगा.

**हम बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक में विश्वास नहीं करते :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों के बारे में पूछे जाने पर देश के गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की है. उन्होंने कहा कि हम धर्मनिरपेक्ष आदर्शों में विश्वास करते हैं.

### बीएनपी की सरकार में बढ़ती हैं भारत विरोधी गतिविधियां

अवामी लीग सरकार द्वारा भारत के साथ विकसित किए गए घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए खान ने दावा किया कि बीएनपी जब भी सत्ता में आई है दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध हमेशा प्रभावित हुए हैं और अल्पसंख्यकों को अत्याचार का सामना करना पड़ा है. यह पूछे जाने पर कि अगर बांग्लादेश में अवामी लीग सत्ता में नहीं आती है तो क्या भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे, उन्होंने जोर देकर कहा कि निश्चित रूप से, ऐसा होगा. अतीत में, हमने देखा है कि ऐसा हुआ है. भारत-बांग्लादेश संबंधों पर चर्चा करते हुए खान ने कहा कि भारत हमेशा से बांग्लादेश का दोस्त रहा है. भारत के साथ हमारे संबंध विशेष हैं और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान इसने जो भूमिका निभाई, उसकी हमने हमेशा सराहना की है.

## हूती विद्रोहियों ने जहाजों पर हमला करने के लिए समुद्री ड्रोन छोड़ा

भाषा। वाशिंगटन

हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन का एक सशस्त्र मानवरहित समुद्री ड्रोन बृहस्पतिवार को लाल सागर में अमेरिकी नौसेना और वाणिज्यिक जहाजों के कुछ मील के दायरे में आ गया और उसके बाद उसमें विस्फोट हो गया.

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और 12 सहयोगी देशों ने बुधवार को हूती विद्रोहियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे लाल सागर में जहाजों पर हमले बंद करें अन्यथा संभावित सैन्य कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें. पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि यह पहली बार




है जब हूती विद्रोहियों ने इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने और लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर शुरू किए गए हमलों के बाद से एक मानवरहित जहाज या यूएसवी का इस्तेमाल किया है. हालांकि, उन्होंने पूर्व में इनका इस्तेमाल किया है.

अंतरराष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान में मिसाइल विशेषज्ञ फैबियन हिन्ज ने कहा कि यूएसवी हूती के समुद्री शस्त्रागार का अहम हिस्सा है.

## आस्था के साथ-साथ देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है अयोध्या, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हो सकता है करोड़ों का व्यापार

# 50 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान



एजेंसी । अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है. देश विदेश से अनेक लोगों को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय कोर कमेटी की तीन जनवरी को नागपुर में हुई बैठक में यह पता चला है कि अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा. अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड हो गई है. मूर्तियों और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ रही है. कैट के पदाधिकारियों के अनुसार, राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं. कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, राम मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है. खासतौर पर छोटे निर्माता और लघु व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं. देश के विभिन्न शहरों में विशेषकर, घरों से छोटा-मोटा काम करने वाली महिलाओं एवं वंचितों को भी इस आयोजन से बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहा है. राम मंदिर, देश में आर्थिक संपन्नता का एक बड़ा संदेश देगा. राम मंदिर से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार के कैट के पूर्व आंकड़े से कहीं ज्यादा व्यापार होने जा रहा है. तीन जनवरी को नागपुर में हुई कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया था. अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन ने देश के विभिन्न प्रदेशों में पूजा पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं.



अहमदाबाद से अयोध्या के राम मंदिर में लगाए जाने वाले ध्वज स्तंभ को ले जाने के लिए निकाले गए जुलूस में सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा.



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल अहमदाबाद में अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित होने वाले ध्वज स्तंभ को ले जाने के लिए निकाले गए जुलूस को हरी झंडी दिखायी.




### राम मंदिर के प्रतीक की सबसे अधिक डिमांड

राम मंदिर के प्रतीक के रूप में मंदिर का मॉडल सबसे अधिक डिमांड में है. हर कोई मंदिर के मॉडल को अपने घर में रखना चाहता है. यह मॉडल बाजार में 4 इंच, 6 इंच, 8 इंच एवं 12 इंच में उपलब्ध हैं. इससे बड़े साइज के मॉडल भी बाजार में मिल रहे हैं. मुख्य रूप से यह मॉडल पाइनवुड, लकड़ी, हार्डबोर्ड आदि में बनाए जा रहे हैं. श्रीराम, राम मंदिर एवं राम दरबार के चित्र व अन्य देवी-देवताओं के चित्र एवं मूर्तियों की बड़ी मांग आ रही है. ये मूर्तियां, मिट्टी, पाइनवुड, लकड़ी, पीतल, तांबा एवं अन्य अनेक प्रकार के रॉ मैटेरियल से बनाई जा रही हैं. पूजा के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी, पीतल एवं अन्य धातुओं के एकल दीपक एवं एक ही दीपक में अनेक दीपक आरती के लिए, अगरबत्ती, धूपबत्ती स्टैंड सहित अन्य अनेक वस्तुएं भी बड़ी मात्रा में बाजार में हैं.




### पूजा सामग्री की हो रही है खूब बिक्री

इसके अलावा अगरबत्ती, धूपबत्ती, गाय के गोबर के उपले, सुगंधित कप, लोबान, कपूर, कुमकुम, चंदन, रोली, अक्षता, रूई की बनी बत्ती, गंगा जल आदि की खूब बिक्री हो रही है. पूजा के लिए उपयोग में आने वाले आसन जो जूट, चटाई, दरी व कपड़े आदि से बने हैं, उनकी बाजार में बड़ी मांग है. भरतिया एवं खंडेलवाल ने बताया, लोगों की जबरदस्त पसंद के रूप में छोटे से लेकर बड़े राम झंडे, पटके, बंटिंग, श्रीराम बैज बाजार में खूब दिखाई दे रहे हैं. राम मंदिर की फोटो के छपे हुए कुर्ते अथवा हाथ की कड़ाई के कुर्ते, टी शर्ट, कमीज, टोपियां, श्री राम दुपट्टे आदि भी हाथों हाथ बिक रहे हैं. अपने आराध्य देवता को प्रसाद के रूप में फल, मिठाई, और अन्य आहारिक आइटम्स की भी बड़ी मांग है. धार्मिक पुस्तकें, हनुमान चालीसा, आरती संग्रह आदि भी खूब मांग में हैं.

### राम मंदिर से जुड़ी मुख्य बातें



- मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट रहेगी.
- मंदिर तीन मंजिला होगा, प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी, मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 दरवाजे होंगे.
- मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह) और प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा.
- मंदिर में 5 मंडप होंगे- नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप.
- खंभों और दीवारों में देवी देवता और देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं.
- मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा.
- दिव्यांगजन और वृद्धों के लिए मंदिर में रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था रहेगी.
- मंदिर के चारों ओर आयताकार परकोटा रहेगा. चारों दिशाओं में इसकी कुल लंबाई 732 मीटर और चौड़ाई 14 फीट होगी.
- परकोटा के चारों कोनों पर सूर्यदेव, मां भगवती, गणपति और भगवान शिव को समर्पित चार मंदिरों का निर्माण होगा. उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा और दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर रहेगा.
- मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप विद्यमान रहेगा.
- मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी और ऋषिपत्नी देवी अहिल्या को समर्पित होंगे.
- दक्षिण पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीले पर भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है और वहां जटायु प्रतिमा की स्थापना की गई है.
- मंदिर में लोहे का इस्तेमाल नहीं हुआ है. धरती के ऊपर बिलकुल भी कंक्रीट नहीं है.
- मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था और स्वतंत्र पावर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे.
- मंदिर के कुल 70 एकड़ क्षेत्र में 70 फीसदी क्षेत्र सदा हरित रहेगा.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# एमबीए इन कम्युनिकेशंस मैनेजमेंट कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद ।** एमबीए कम्युनिकेशंस मैनेजमेंट 2 साल का पोस्टग्रेजुएट डिग्री कोर्स है, जिसमें कुल 4 सेमेस्टर होते हैं. एमबीए कम्युनिकेशन मैनेजमेंट मनोरंजन और मीडिया उद्योगों पर केंद्रित है. कम्युनिकेशन मैनेजमेंट की डिग्री में एमबीए छात्रों को एक तकनीकी और ज्ञान-आधारित संस्कृति के लिए तैयार करता है. यह कोर्स आपको फिल्म और टीवी, विज्ञापन और ब्रांडिंग, प्रिंट और डिजिटल कम्युनिकेशन जैसे विभिन्न डोमेन में संचार और मीडिया पेशेवर के रूप में उभरने में मदद करता है. यह कोर्स उन छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, जो सभी पहलुओं में संचार का अध्ययन करना चाहते हैं.

### क्यों करें एमबीए कम्युनिकेशन मैनेजमेंट

- कम्युनिकेशन मैनेजमेंट वर्तमान दुनिया में एक बहुत तेजी से विकसित होने वाला क्षेत्र है
- यह कोर्स छात्रों को कम्युनिकेशन टूल्स और तकनीकों, एनालिटिकल और क्रिएटिव कम्युनिकेशन, बिजनेस कम्युनिकेशन के सामाजिक और साइकोलॉजिकल पहलुओं आदि के बारे में वैचारिक ज्ञान प्रदान करता है.
- इस क्षेत्र में नौकरी के कई सुनहरे अवसर हैं, ग्रेजुएट्स कम्युनिकेशन मैनेजर, कम्युनिकेशन एक्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट मैनेजर, मार्केटिंग मैनेजर, लेक्चरर आदि विकल्प चुन सकते हैं.

### एमबीए के लिए विदेशी विश्वविद्यालय

- व्हार्टन स्कूल ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया
- एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
- हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- एचईसी पेरिस
- इंसेड
- लंदन बिजनेस स्कूल
- कोलंबिया बिजनेस स्कूल, कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- आई बिजनेस स्कूल
- हास स्कूल ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले
- द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस




### भारतीय विश्वविद्यालय

- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन, पुणे
- मीडिया और कला के एएएफटी विश्वविद्यालय
- क्राइस्ट कॉलेज, बैंगलोर
- दिल्ली कला और वाणिज्य विश्वविद्यालय, पुणे
- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई
- कमला नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- मद्रास इंस्टिट्यूट कॉलेज
- सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे
- किशनचंद चेल्लाराम कॉलेज
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड न्यू मीडिया, बैंगलोर

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### कार्य

**▪ कंपनी के मिशन, सेवाओं या उत्पादों का प्रचार करना**

अधिकांश संचार प्रबंधक उत्पादों, सेवाओं और उस संगठन के मिशन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिसके लिए वे काम करते हैं. वे अपनी कंपनियों के मूल्यों और छवि को बेहतर बनाने के लिए टीम के अन्य सदस्यों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं. उनके कर्तव्यों में प्रेस के अवसरों की पहचान करना और सोशल मीडिया, समाचार पत्र, वेबसाइट, प्रेस विज्ञप्ति और अन्य वितरण चैनलों के माध्यम से बाजार में सामग्री तैयार करना शामिल है. संचार रणनीतियों के माध्यम से, एक संचार प्रबंधक कंपनी के मिशन, उत्पाद और सेवाओं को बढ़ावा दे सकता है. प्रबंधक यह सुनिश्चित करता है कि उनकी सामग्री उनकी कंपनी के ब्रांडों के विपणन में उपयोग की जाने वाली व्यावसायिक रणनीतियों के अनुरूप हो. इस विशेषज्ञता में एक पेशेवर संगठन के मीडिया संपर्क प्रवक्ता के रूप में कार्य कर सकता है जो प्रेस कॉन्फ्रेंस और ब्रीफिंग आयोजित कर सकता है.

**▪ बाजार अनुसंधान का संचालन करना**

संचार कार्यक्रम बनाने के लिए, संचार प्रबंधक लक्षित दर्शकों की धारणा और दृष्टिकोण पर शोध करते हैं. वे लक्ष्य समूह के विचारों पर चर्चा करने के लिए दर्शकों या आयोग सर्वेक्षण के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं. वे अपनी कंपनी और उसके प्रतिस्पर्धियों के बारे में दर्शकों के दृष्टिकोण का मूल्यांकन करने के लिए सोशल मीडिया साइटों, मंचों, एसईओ आंकड़ों, सामाजिक शेयरों और उत्पाद समीक्षा वेबसाइटों की भी निगरानी करते हैं. बाजार विभाजन इन पेशेवरों को ग्राहकों/दर्शकों के छोटे समूहों तक पहुंचने की अनुमति देता है ताकि वे उनकी रुचियों और जरूरतों को समझ सकें.

**▪ प्रकाशनों का निर्देशन**

विपणन संचार सामग्री का मसौदा तैयार करना और लिखना संचार प्रबंधकों के कर्तव्यों का एक अनिवार्य हिस्सा है. वे कॉर्पोरेट ब्रोशर, समाचार पत्र, शेयरधारकों की वार्षिक रिपोर्ट, बिक्री पत्रक और ग्राहक पत्रिकाओं सहित प्रकाशन के लिए सामग्री तैयार करते हैं और प्रतियां लिखते हैं. जानकारी एकत्र करने के लिए, वे सहकर्मियों और भागीदारों जैसे वेबसाइट प्रबंधकों, विपणन और उत्पाद प्रबंधकों और वेब डिजाइनरों के साथ मिलकर काम करते हैं. वे किसी अन्य बाहरी मार्केटिंग एजेंसी से भी संपर्क करते हैं जिसे कंपनी नियुक्त कर सकती है.

**▪ व्यावसायिक संबंध बनाना**

संचार प्रबंधक प्रमुख व्यक्तियों या कंपनियों के बीच कंपनी की समझ बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो अनुसंधान निदेशकों, विश्लेषकों, पोर्टफोलियो प्रबंधकों और विभिन्न संस्थानों के प्रमुखों जैसी धारणाओं को प्रभावित कर सकते हैं. वे व्यक्तियों और समूहों को जानकारी देते हैं और कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों, के साथ बैठकें आयोजित करते हैं.

**▪ वेबसाइट बनाना**

किसी संगठन की वेबसाइट संचार प्रबंधकों के लिए जानकारी का एक आवश्यक स्रोत है. ये वेबसाइटें कंपनी के प्रबंधन, स्टॉक कोटेशन, कंपनी प्रोफ़ाइल और वित्तीय परिणामों की संक्षिप्त जीवनी पेश करती हैं. वे ग्राहकों की आवश्यकताओं से मेल खाने वाली जानकारी के साथ एक संग्रहित प्रकाशित समाचार, प्रेस विज्ञप्ति भी तैयार करते हैं.

**▪ रणनीति बनाना**

प्रबंधन टीम के सदस्यों के रूप में, एक संचार प्रबंधक नामांकन, विषय नियंत्रण, समाप्ति, विषय स्थानांतरण और टर्न-टेकिंग सहित सर्वोत्तम संचार रणनीतियों पर कार्यकारी को सलाह देता है. वे इस बात पर शोध आयोजित करते हैं कि ग्राहक उनके व्यवसाय पर कैसे प्रतिक्रिया दे सकते हैं और दर्शकों के दृष्टिकोण का आकलन करते हैं. अपने शोध में, वे विश्लेषकों, वित्तीय पत्रकारों , नियामकों और निवेशकों से जानकारी एकत्र करते हैं. संचार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति कंपनी के लिए अच्छी तरह से काम करने वाली संचार रणनीतियों के आधार पर संचार चैनल का उपयोग करने का निर्णय लेता है.

**▪ रिपोर्टिंग**

त्रैमासिक और वार्षिक वित्तीय, रोजगार और कंपनी की प्रगति के परिणामों की रिपोर्ट करना संचार प्रबंधकों के लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. उनके द्वारा बनाई गई वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से, व्यक्ति वित्त में कंपनी की प्रगति, इस पद के लिए उम्मीदवारों की भर्ती और वर्ष के दौरान फर्म की प्रगति की रूपरेखा को समझ सकते हैं. वे वित्तीय विवरण भी प्रदान करते हैं जो निवेशकों और टीम के सदस्यों के लिए आवश्यक हैं. वे स्टॉक विश्लेषकों और पत्रकारों के साथ कॉर्पोरेट बैठकों में भाग लेने से पहले अधिकारियों को जानकारी भी देते हैं और अधिकारियों को रिपोर्ट भी देते हैं.

### जॉब अलर्ट

**1. एनएचएम पुणे मेडिकल ने ऑफिसर स्टाफ नर्स भर्ती लिए रिक्तायां निकाली है. योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते है.**

भर्ती संगठन – राष्ट्रिय स्वास्थ्य मिशन पुणे
पद – मेडिकल ऑफिसर स्टाफ नर्स
पद संख्या – 364
नौकरी का स्थान – पुणे
आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 16 जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://www.pmc.gov.in
पद
मेडिकल ऑफिसर– 120
स्टाफ नर्स– 124
मल्टीपर्पस हेल्थ वर्कर -120

**2. वडोदरा म्यूनिसिपल कोरपोरेशन रिक्तियां निकाली है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर कर सकते है. वडोदरा म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन मेडिकल ऑफिसर स्टाफ नर्स सिक्योरिटी गार्ड भर्ती डिटेल्स**

संगठन – वडोदरा नगर निगम
पद – मेडिकल ऑफिसर स्टाफ नर्स सिक्योरिटी गार्ड
पद – 220
नौकरी का स्थान – गुजरात
आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 12 जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://vmc.gov.in
रिक्त पदें –
मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा अधिकारी) – 47
स्टाफ नर्स – 56
हेल्थ वर्कर – 58
सिक्योरिटी गार्ड – 59
एजुकेशन क्वालिफिकेशन –
मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा अधिकारी) – मान्यता प्राप्त संस्था से एमबीबीएस डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए. स्टाफ नर्स – डिप्लोमा व बीएससी नर्सिंग
हेल्थ वर्कर – मान्यता प्राप्त संस्था से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो.
सिक्योरिटी गार्ड – मान्यता प्राप्त संस्था से 10वीं पास हो.

**3. हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने हरियाणा सिविल सेवा (जूनियर डिविजन) के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है.**

भर्ती संगठन – हरियाणा लोक सेवा आयोग
परीक्षा का नाम – हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा 2023-24
पद नाम – सिविल जज
पद संख्या – 174
अधिसूचना – जारी
नौकरी का स्थान – हरियाणा
आवेदन मोड – ऑनलाइन
फॉर्म भरने कीतिथि – 5 - 31जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://hpsc.gov.in
शैक्षणिक योग्यता –
उम्मीदवार भारत में विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में बैचलर डिग्री उत्तीर्ण होना जरूरी है.
आवेदन शुल्क –
सामान्य उमीदवार हेतु – 1000
आर्थिक रूप से कमजोर व महिला अभ्यर्थी हेतु – 250
अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति हेतु – 250

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )